संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, बुधवार 29 जुलाई 2026 ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 11 अंकः 210 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़



किसानों का भोपाल कूच: बैरिकेड तोड़े, वैकल्पिक रास्ता चुना, 500 से ज्यादा अन्नदाता पैदल निकले: आठ सूत्रीय मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा का आंदोलन

# केंद्र सरकार ने एक प्रधान को हटाकर प्रधानमंत्री को बचा लिया: अखिलेश यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में पेपर लीक रोकने से जुड़े संशोधन विधेयक पर हुई लंबी चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी प्रमुख सांसद अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को नीट-यूजी 2026 परीक्षा में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ हुए छात्र आंदोलन का नतीजा बताया। अखिलेश ने तंज कसते हुए कहा कि सरकार ने एक प्रधान को हटाकर प्रधानमंत्री को बचा लिया। उन्होंने दावा किया कि करोड़ों युवाओं के दबाव के कारण सरकार को झुकना पड़ा और अब सरकार को आंदोलन के दौरान किए गए सभी आश्वासन भी सार्वजनिक करने चाहिए।

**कसा तंज**

- करोड़ों युवाओं के दबाव के कारण सरकार को झुकना पड़ा और अब सभी आश्वासन भी सार्वजनिक करने चाहिए



अखिलेश यादव ने कहा कि वह शुरू से इस आंदोलन को देख रहे थे। उनके मुताबिक, आंदोलन के बाद एक नारा सबसे ज्यादा सुनाई दिया कि सरकार को लगता था वह कभी नहीं झुकेगी, लेकिन युवाओं ने साबित कर दिया कि झुकाने वाला चाहिए, सरकार भी झुकती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदर्शनकारियों की पहली बड़ी मांग स्वीकार करते हुए धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लिया। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने अन्य मांगों पर भी सहमति बनाई है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया जा रहा कि उन आश्वासनों को संसद के सामने क्यों नहीं रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब धर्मेंद्र प्रधान मंत्री पद छोड़ने के बाद संसद पहुंचे तो उनका स्वागत हुआ, लेकिन इस फैसले से सदन के कई सदस्यों ने राहत की सांस ली होगी। क्या छात्र आंदोलन ने सरकार को झुकने पर मजबूर किया?

अखिलेश यादव ने कहा कि यह पहला ऐसा छात्र आंदोलन था, जिसमें केवल छात्र ही नहीं बल्कि उनके माता-पिता भी खुलकर साथ आए।

## फास्ट न्यूज

### अगले 6 दिनों तक भारी वर्षा से राहत के आसार नहीं

**नई दिल्ली।** देश के पूर्वोत्तर और पश्चिमी क्षेत्रों को अगले 5-6 दिनों तक मूसलाधार वर्षा से राहत नहीं मिलने के आसार हैं। बचाव टीमें संभावित क्षेत्रों में तैनात हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में बुधवार सुबह से दोपहर के बीच कई जगहों पर हल्की और कुछ जगहों पर मध्यम बारिश होने के आसार हैं। रात में भी बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। तेज रफ्तार हवाएं भी चलने की संभावना है। इस दिन का अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 32-34 डिग्री सेल्सियस और 22-24 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। 30 एवं 31 जुलाई को भी यही स्थिति बनी रहेगी लेकिन इन दोनों दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव बने रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तरी ओडिशा के अंदरूनी इलाकों और उससे सटे गंगा के मैदानी पश्चिम बंगाल पर बने गहरे दबाव के असर से छत्तीसगढ़, पूर्वी मध्य प्रदेश में 29 जुलाई, पश्चिमी मध्य प्रदेश में 30 जुलाई और गुजरात क्षेत्र में 31 जुलाई को कहीं-कहीं बहुत अधिक बारिश (21 सेमी) होने की संभावना है। देश के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र, मध्य क्षेत्र, पूर्वी क्षेत्र, पूर्वोत्तर क्षेत्र, पश्चिमी क्षेत्र और दक्षिण प्रायद्वीपीय क्षेत्रों के अलग-अलग स्थानों में अगले 5-6 दिनों के दौरान बहुत अधिक बारिश होने की चेतावनी जारी की गई है।

### जापान में 7.1 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी जारी

**टोक्यो।** जापान के क्यूशू द्वीप के कुमामोटो इलाके में मंगलवार को 7.1 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें कई लोगों के घायल होने की आशंका है। भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गयी है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार, स्थानीय समयानुसार शाम 4:27 बजे आए इस भूकंप का केंद्र कुमामोटो प्रांत में लगभग 10 किलोमीटर की गहराई पर था।

पेपर लीक, नकल माफिया और दोषी संस्थाओं पर सख्त कार्रवाई की तैयारी, सजा और जुर्माने में होगा बड़ा इजाफा

# परीक्षाओं में नकल पर अब और कड़ा शिकंजा, संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश

**संसद में चर्चा**

- अधिकतम सजा 10 वर्ष तक और जुर्माना 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये तक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने लोक परीक्षाओं में पेपर लीक, नकल और अन्य अनुचित साधनों पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से मंगलवार को लोकसभा में लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 पेश किया। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने विधेयक पर विचार करने का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि वर्ष 2024 में लागू कानून को और अधिक प्रभावी एवं कठोर बनाने के लिए यह संशोधन लाया गया है, ताकि देश के करोड़ों विद्यार्थियों और युवाओं के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**पेपर लीक की घटनाओं से मिली सीख**

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि पेपर लीक और परीक्षा में अनियमितताओं की घटनाएं किसी एक राज्य या सरकार तक सीमित नहीं रही हैं। उन्होंने रेलवे भर्ती बोर्ड, अखिल भारतीय इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा, एम्स, तमिलनाडु लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश बीएड प्रवेश परीक्षा तथा पश्चिम बंगाल संयुक्त प्रवेश परीक्षा सहित कई मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन घटनाओं से मिले अनुभवों के आधार पर वर्ष 2024 में व्यापक कानून बनाया गया था। अब समय की जरूरत को देखते हुए उसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए संशोधन प्रस्तावित किया गया है।

**प्रमुख राष्ट्रीय परीक्षाएं पहले से कानून के दायरे में**

मंत्री ने बताया कि वर्ष 2024 का कानून संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), रेलवे भर्ती बोर्ड, बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) जैसी प्रमुख संस्थाओं की परीक्षाओं पर लागू किया गया था। इसके तहत परीक्षा संबंधी अपराधों को संज्ञेय, गैर-जमानती और गैर-समझौता योग्य बनाया गया था, ताकि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

**सजा और जुर्माने में बड़ा इजाफा**

संशोधन विधेयक के तहत परीक्षा में अनुचित साधनों का उपयोग करने वालों के लिए न्यूनतम सजा तीन वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष करने तथा अधिकतम सजा दस वर्ष तक करने का प्रस्ताव रखा गया है। इसके साथ ही अधिकतम जुर्माना लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये तक करने का प्रावधान किया गया है। सरकार का मानना है कि कठोर दंड से परीक्षा माफिया और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगेगा।

**सेवा प्रदाताओं और कंपनियों पर भी होगी कार्रवाई**

सेवा प्रदाताओं की परिभाषा का विस्तार करते हुए परीक्षा आयोजन से जुड़े संस्थानों, कंपनियों, साझेदारी फर्मों, ठेकेदारों और तकनीकी सेवा प्रदाताओं को भी कानून के दायरे में शामिल करने का प्रस्ताव रखा है। यदि कोई संस्था दोषी पाई जाती है तो उस पर अधिकतम पांच करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकेगा।




### पीएम को कैमरे का नहीं, दिल का एंगल बदलना पड़ेगा: प्रियंका

लोकसभा में मंगलवार को पब्लिक एग्जामिनेशंस (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने सरकार पर तीखा हमला बोला। संसद में प्रियंका गांधी ने कहा कि बच्चों पर लाठियां किसके आदेश पर चलाए गए, यह सवाल पूरा देश पूछ रहा है, अध्यापक, छात्र, माता-पिता पूछ रहे हैं सिर्फ कांग्रेस नहीं पूछ रही है। ये सदन सांसदों की जागीर नहीं है। मंगलवार को संसद में प्रियंका गांधी ने अपने संबोधन की शुरूआत एक घटना से की । जब मैं एक घायल छात्रा से मिलने गए, तो उसकी मां बोली- सुबह से बड़े-बड़े नेता आए। वह भी आए जिनकी वजह से बेटी का यह हाल हुआ। मैं सरकार से पूछना चाहती हूं- क्या जरूरत थी, बच्ची पर ज्यादती करने की। देश के युवाओं पर पैलेट गन चलवाने की क्या जरूरत थी।

**छात्रों के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है?- प्रियंका**

प्रियंका गांधी वाड्रा ने छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ की गई पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने छात्रों पर जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग किया। छात्रों पर आंसू गैस के गोले क्यों छोड़े गए और लाठीचार्ज क्यों किया गया। क्या छात्रों के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है?



आईसीजी ने महिलाओं को बराबर मौके देने के लिए शुरू किया 'जेंडर न्यूट्रल फ्रेमवर्क'।

### पेपर लीक पर संशोधन विधेयक से शिक्षा व्यवस्था नहीं सुधरेगी: गौरव गोगोई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा की शुरूआत करते हुए कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने सरकार पर शिक्षा व्यवस्था की मूल समस्याओं से ध्यान हटाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केवल कानूनों में संशोधन करने से परीक्षा प्रणाली में सुधार नहीं होगा। सरकार को परीक्षा व्यवस्था की कमजोरियों को दूर करने और छात्रों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

गौरव गोगोई ने कहा कि सरकार नए कानून लाने के बजाय परीक्षा प्रणाली की खामियों को दूर करने पर ध्यान दे।

उन्होंने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब तक परीक्षा संस्थानों की जवाबदेही तय नहीं होगी, तब तक वास्तविक सुधार संभव नहीं है।

# दिल्ली की महिलाओं को हर महीने मिलेगी 2500 रूपए



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 'दिल्ली लक्ष्मी योजना' को कैबिनेट की मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में इस बहुप्रतीक्षित योजना पर मुहर लगी। इसके तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 2500 की सम्मान राशि दी जाएगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह दिल्ली की महिलाओं के लिए ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान महिलाओं से किया गया वादा अब पूरा हो गया है और सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**लक्ष्मी योजना**

- मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में कैबिनेट ने योजना को मंजूरी दी।
- 1 अगस्त से ऑनलाइन आवेदन पोर्टल शुरू होगा

### शिक्षकों को बीएलओ बनाया जा सकता है लेकिन उन पर अनावश्यक दबाव न हो: कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि दिल्ली में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान निर्वाचन आयोग स्कूलों के शिक्षकों को बूथ लेवल अफसर (बीएलओ) के रुप में तैनात कर सकता है लेकिन इससे शिक्षकों के ऊपर अनावश्यक तनाव नहीं होना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय ने मंगलवार को ये टिप्पणी की। मामले की अगली सुनवाई 20 अगस्त को होगी। सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान स्कूलों के शिक्षकों की तैनाती करते समय शिक्षा के अधिकार कानून के प्रावधानों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। वो किसी भी शिक्षक को स्कूल के टाइम में उनकी कोई सेवा नहीं लेगा।

# भारत की पाकिस्तान को दो टूक, खारिज किए पीओजेके के चुनाव

**कड़ी प्रतिक्रिया**

- भारत ने चुनावों से जुड़ी खबरें देखी हैं और यह पाकिस्तान के अवैध कब्जे को वैध दिखाने की है




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में कराए जा रहे तथाकथित विधानसभा चुनावों पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने इन चुनावों से जुड़ी खबरें देखी हैं और यह पूरी कवायद पाकिस्तान के अवैध कब्जे को वैध दिखाने की कोशिश है। रणधीर जायसवाल ने कहा, "हमने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में कराए जा रहे तथाकथित विधानसभा चुनावों से जुड़ी खबरें देखी हैं। जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के पूरे केंद्र शासित प्रदेश, जिनमें वे क्षेत्र भी शामिल हैं जो इस समय पाकिस्तान के अवैध और जबरन कब्जे में हैं, भारत के अभिन्न अंग हैं।" विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, "यह मौजूदा दिखावटी चुनावी प्रक्रिया पाकिस्तान के अवैध कब्जे पर पर्दा डालने और क्षेत्र में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघनों को छिपाने की एक कोशिश मात्र है।"

### प्रकृति संरक्षण में ही मानवता का कल्याण निहित: प्रधानमंत्री मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रकृति के संरक्षण और उसके सम्मान को मानवता के कल्याण का आधार बताते हुए मंगलवार को एक्स पर सुभाषितम् साझा किया। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन परंपरा मनुष्य को प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर जीवन जीने की प्रेरणा देती है। प्रधानमंत्री ने लिखा, "प्रकृति के संरक्षण और सम्मान में ही मानवता का कल्याण निहित है। वह सुभाषितम् है, "लोकपालाश्च ते सर्वे वासवप्रमुखास्तथा। ऋतवः षट् च ते सर्वे मासाः संवत्सराः क्षपाः॥ दिनानि च मुहूर्ताश्च स्वस्ति कुर्वन्तु ते सदा। श्रुतिः स्मृतिश्च धर्मश्च पातु त्वां पुत्र सर्वतः॥"

हिमाचल प्रदेश में शिक्षा के लिए आदर्श वातावरण : मुख्यमंत्री, बीसीएस के स्थापना दिवस समारोह में मुख्यमंत्री ने की शिरकत

# पांच वर्षों में सीबीएसई स्कूल राज्य के सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों में होंगे शामिल: मुख्यमंत्री

**नामांकन**

- सरकारी विद्यालयों में 24,000 से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन बढ़ा है

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंकज शर्मा**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में सीबीएसई से संबद्ध सरकारी विद्यालय आगामी पांच वर्षों में राज्य के सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों के रूप में उभरेंगे। मुख्यमंत्री ने आज शिमला स्थित बिशप कॉटन स्कूल (बीसीएस) के स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा के समान अवसर प्रदान करना है। इसी दृष्टिकोण के तहत सरकारी विद्यालयों में पहली कक्षा से अंग्रेजी मीडियम शुरू किया गया है तथा 156 सरकारी विद्यालयों को सीबीएसई से संबद्ध किया गया है। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं और सरकारी विद्यालयों में 24,000 से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन बढ़ा है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश शिक्षा के आदर्श केन्द्र के रूप में स्थापित हो रहा है क्योंकि यहां के शैक्षणिक वातावरण में विद्यार्थियों को आगे बढ? के लिए श्रेष्ठ अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिशप कॉटन स्कूल केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि उत्कृष्टता, नेतृत्व, अनुशासन और चरित्र निर्माण की जीवंत परंपरा का प्रतीक है। इस संस्थान ने पीढि?ों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की एक मिसाल कायम की है।

उन्होंने इस संस्थान से जुड़े व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि कॉलेज जीवन के दौरान बिशप कॉटन स्कूल में वे कई बार क्रिकेट प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए आए थे, इसलिए इस विद्यालय से उनका विशेष जुड़ाव रहा है। उन्होंने कहा कि जब भी शिमला के प्रतिष्ठित संस्थानों की बात होती है, तो बिशप कॉटन स्कूल का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। इस विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों ने देश-विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

मुख्यमंत्री ने विद्यालय परिवार को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अवसर केवल विद्यालय की स्थापना का उत्सव नहीं है, बल्कि उन शाश्वत मूल्यों को स्मरण करने का भी अवसर है जिन पर इस महान संस्थान की नींव रखी गई थी। उन्होंने कहा कि समय परिवर्तनशील है और बदलते समय के साथ-साथ नित नई तकनीकें विकसित हो रही हैं। वर्तमान में ईमानदारी, अनुशासन, दृढ़ संकल्प और सेवा जैसे मूल्यों की प्रासंगिकता बढ़ी है।

# असम में बाढ़ की स्थिति पर प्रधानमंत्री मोदी से मिले सांसद, राहत कार्यों की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** असम के सांसदों ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में मुलाकात कर राज्य के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ की मौजूदा स्थिति से अवगत कराया। बैठक में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों तथा प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के उपायों पर चर्चा की गई।

**प्रधानमंत्री ने राहत कार्यों का दिया भरोसा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि उन्होंने असम के सांसदों के साथ राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बाढ़ की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार, असम सरकार के साथ मिलकर बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए लगातार कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री ने प्रभावित लोगों की सुरक्षा और कुशलक्षेम की भी कामना की।



**लगातार बारिश से पूर्वोत्तर में हालात गंभीर**

पिछले कई दिनों से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश के कारण पूर्वोत्तर भारत के कई क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। असम के अनेक जिलों में नदियों का जलस्तर बढ़ने से बड़ी संख्या में परिवार प्रभावित हुए हैं और कई लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा है। बाढ़ के कारण सामान्य जनजीवन भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है।





# नौकरी ढूंढ़ने नहीं, नौकरी देने की सोच पैदा कर रहा 'यूथ अड्डा'

- 'यूथ अड्डा' के जरिए नई पीढ़ी को आत्मनिर्भर बनाने में जुटी सरकार, युवाओं को नौकरी मांगने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनाने के लिए की गई महत्वपूर्ण पहल, नई पीढ़ी की बदलती आकांक्षाओं को पहचानकर सीएम योगी ने उठाया दूरदर्शी कदम, युवाओं के लिए उद्यमिता का नया इकोसिस्टम तैयार करना है योगी सरकार की पहल का उद्देश्य, यूथ अड्डा को प्रदेश भर में उद्यमिता के एक सशक्त मंच के रूप में विकसित कर रहा यूपीकॉन

**अभिनव**

- युवाओं को उद्यमी बनाने की सोच के साथ सीएम युवा और यूथ अड्डा जैसी अभिनव अवधारणा को विकसित किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** आज की जेनरेशन जेड पारंपरिक नौकरी की तलाश तक सीमित नहीं रहना चाहती। यह पीढ़ी नवाचार, तकनीक, स्टार्टअप, डिजिटल बिजनेस और आत्मनिर्भरता में अपना भविष्य देखती है। जिन युवाओं का जन्म 1997 के बाद हुआ, वे इंटरनेट, स्मार्टफोन और डिजिटल तकनीक के साथ बड़े हुए हैं। ऐसे में उन्हें केवल रोजगार नहीं, बल्कि अवसर, मार्गदर्शन, नेटवर्किंग और उद्यमिता का पूरा इकोसिस्टम चाहिए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसी बदलते सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य को बहुत पहले समझ लिया था। यही कारण है कि प्रदेश सरकार ने केवल रोजगार योजनाओं तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि युवाओं को उद्यमी बनाने की सोच के साथ सीएम युवा और यूथ अड्डा जैसी अभिनव अवधारणा को विकसित किया। इसका उद्देश्य युवाओं को नौकरी तलाशने वाले से आगे बढ़ाकर रोजगार सृजित करने वाला बनाना है।

इस पहल का उद्देश्य केवल वित्तीय सहायता देना नहीं, बल्कि विचार, कौशल, तकनीक, मार्गदर्शन और बाजार सभी को एक मंच पर उपलब्ध करवा कर युवाओं के लिए उद्यमिता का नया इकोसिस्टम तैयार करना है। आज का युवा केवल ऋण या अनुदान नहीं चाहता। वह चाहता है कि कोई उसके विचार को समझे, बिजनेस मॉडल बनाने में मदद करे, अनुभवी मेंटर्स से जोड़े, बैंकिंग प्रक्रिया आसान बनाए और बाजार तक पहुंच दिलाए। इन्हीं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यूथ अड्डा को पारंपरिक प्रशिक्षण केंद्र के बजाय एक समग्र उद्यमिता इकोसिस्टम के रूप में विकसित किया गया है।

यहां बिजनेस आइडिया से लेकर वित्तीय सहायता, तकनीकी प्रशिक्षण, डिजिटल मार्केटिंग, फ्रेंचाइजी मॉडल, सरकारी योजनाओं की जानकारी और अनुभवी उद्यमियों का मार्गदर्शन सब कुछ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने की परिकल्पना की गई है।





## योगी सरकार की उपलब्धिः 7 लाख से अधिक आवासीय रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने में यूपी दूसरे स्थान पर

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। राज्य ने इस महत्वाकांक्षी योजना को केवल एक सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखकर जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया है। यूपीनेडा, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड, सभी डिस्कॉम, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, बैंकिंग संस्थानों, जनपदीय प्रशासन, विद्युत विभाग, सौर ऊर्जा उद्योग तथा अन्य हितधारकों के समन्वित प्रयासों से उत्तर प्रदेश आज देश के अग्रणी रूफटॉप सोलर राज्यों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर चुका है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश गुजरात के बाद 7 लाख से अधिक आवासीय रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने वाला भारत का दूसरा राज्य बन गया है।

जुलाई 2026 तक राज्य में 11,58,183 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि 7,03,661 से अधिक आवासीय रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इन संयंत्रों के माध्यम से 2371.14 मेगावाट से अधिक स्वच्छ ऊर्जा क्षमता विकसित की जा चुकी है। केवल ढाई वर्षों में प्राप्त यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश की दूरदर्शी नीतियों, प्रभावी क्रियान्वयन, डिजिटल पारदर्शिता, सुदृढ़ संस्थागत समन्वय तथा प्रदेशवासियों की बढ़ती सहभागिता का प्रमाण है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जा रही आकर्षक सब्सिडी, सरल ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, पारदर्शी पोर्टल आधारित मॉनिटरिंग तथा मजबूत कार्यान्वयन व्यवस्था ने योजना को अभूतपूर्व गति प्रदान की है।

## जेई-एईएस को लेकर अलर्ट हुई योगी सरकार, प्रभावित हर गांव तक पहुंचेगा स्वच्छ पेयजल

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के संकल्प को और गति देते हुए योगी सरकार ने जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) और एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) प्रभावित गांवों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मिशन मोड में कार्य करने का खाका तैयार किया है। इसी क्रम में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन प्रभावित गांवों में अभी तक नल से जलापूर्ति शुरू नहीं हो पाई है, वहां 24 घंटे में तीन शिफ्टों में काम पूरा कर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर प्रभावित गांव तक सुरक्षित पेयजल पहुंचे, जिससे जलजनित बीमारियों की रोकथाम के साथ ग्रामीणों का जीवन स्तर बेहतर हो सके।

**गुणवत्ता और समयबद्धता पर सरकार का फोकस**

राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन कार्यालय में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक के दौरान जलशक्ति मंत्री ने सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जलापूर्ति से जुड़ी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।


**उत्तर रेलवे**

**अम्बाला मंडल, उत्तर रेलवे में एन.एस.जी–5 तथा एनएसजी–6 श्रेणी के स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट" को तीन वर्ष के लिये अधिकृत करने के लिए निविदाएं आमत्रित करना।**

भारत के राष्ट्रपति की और से प्रवर मण्डल वाणिज्य प्रबंधक उत्तर रेलवे , अम्बाला छावनी द्वारा मोहरबंध निविदाय इछुक उम्मीदवारों से स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट की नियुक्ति हेतु 03 वर्षो की अवधि के लिए आमंत्रित किये जाते है।

| | |
|---|---|
| 1. NIT संख्या एवं दिनाकः | C-37/BKG/STBA/Policy/Pt.11/2021 dt 24/07/2026 |
| 2 रेलवे की वेबसाइटः | www.nr.indianrailways.gov.in |
| 3 निविदा पत्र डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथिः | 22.07.2026 |
| 4 निविदा पत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथिः | 18.08.2026 को 14:00 बजे |
| 5 निविदा पत्र जमा करने की तिथि एवं स्थानः | 18.08.2026 को 10:00 बजे से 15:00 बजे तक |
| 6 निविदा पत्र खुलने की तिथि एवं स्थानः | 18.08.2026 को 15:30 बजे (0/0 प्रवर मण्डल वाणिज्य प्रबंधक अम्बाला छावनी, हरयाणा–133031) |
| 7 स्टेशन के नामः | तपा, दप्पर, बल्लूआणा, लेहरागागा, कीरतपुर साहिब, चंडी मंदिर (NSG–6 श्रेणी के स्टेशन) – 24 घंटे ड्यूटी। संगरूर, सुनाम ऊधम सिंह वाला, दौलतपुर चौक, अंबाला सिटी, बरनाला, मंडी गोबिंदगढ़, नाभा, रामपुरा फूल (NSG-5 श्रेणी स्टेशन) – चौबीसों घंटे. |
| 8 निविदा पत्र का मूल्य (गैर वापसी ) | : रु. 1000/– पर +18% जीएसटी सहित कुल रु.1180/–की डिमांड ड्राफ्ट, जो सीनियर डिविजनल फाइनेंस मैनेजर, नॉर्दर्न रेलवे, अंवाला कैंट के पक्ष में देय हो। नोटः डीडी क्रेता (Purchaser) का नाम और STBA के लिए आवेदन करने वाले आवेदक का नाम एक ही होना चाहिए। किसी अन्य व्यक्ति के खाते से जमा की गई डीडी के कारण आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाएगा। |
| 9 ध्यान धरोहर राशि (वापसी योग्य): | NSG-6 स्टेशनों के लिए रु. 2000/– तथा NSG-5 स्टेशन के लिए रु.5000/– जो सीनियर डिविजनल फाइनेंस मैनेजर, नॉर्दर्न रेलवे, अंवाला कैंट के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा किए जाएँ। नोटः–डीडी क्रेता (Purchaser) का नाम और STBA के लिए आवेदन करने वाले आवेदक का नाम एक ही होना चाहिए। किसी अन्य व्यक्ति के खाते से जमा की गई डीडी के कारण आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाएगा। |

No. C-37/BKG/STBA/Policy/Pt.11/2021 Date: 24.02.2026 2597/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## सरकार ने किसानों को दिलाया भरोसा- परेशान न हों, प्रदेश में पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार वर्तमान खरीफ सीजन में मुख्य फसल धान की रोपाई और अन्य फसलों की बुवाई के उपरांत किसानों को फसल संस्तुति के अनुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि परेशान न हों, प्रदेश में उर्वरक की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों को सुगमता से उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए कृषि व संबंधित विभाग के अधिकारी लगातार मॉनीटरिंग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान भ्रामक सूचनाओं व अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से उर्वरक भंडारण न करें। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक उर्वरक उपलब्ध कराए गए हैं। किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।



**प्रदेश में पर्याप्त उर्वरक उपलब्धः कृषि मंत्री**

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि प्रदेश में किसानों के लिए उर्वरक का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

खरीफ सीजन- 2026 के तहत सोमवार (27 जुलाई) तक कुल 28.25 लाख मीट्रिक टन उर्वरक बिक्री की जा चुकी है, जबकि 29.05 लाख मीट्रिक टन उर्वरक अब भी उपलब्ध है। सरकार किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## हरियाणा के कॉलेजों में पीजी के दाखिलों का नया कार्यक्रम जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में स्नातकोत्तर (पीजी) प्रथम वर्ष के दाखिलों को लेकर उच्च शिक्षा विभाग ने संशोधित प्रवेश कार्यक्रम जारी कर दिया है। नए शेड्यूल के तहत अब मेरिट सूची, फीस जमा करने और फिजिकल काउंसलिंग की पूरी प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से अगस्त माह में पूरी होगी। विभाग ने सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों को संशोधित कार्यक्रम का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। नए कार्यक्रम का उद्देश्य दस्तावेज सत्यापन, आपत्तियों के निस्तारण और खाली सीटों पर पारदर्शी तरीके से प्रवेश सुनिश्चित करना है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण 7 अगस्त तक और आवेदन में संशोधन 8 अगस्त तक किया जा सकेगा। कॉलेज 9 अगस्त तक दस्तावेजों का सत्यापन और आपत्तियों का निस्तारण करेंगे। इसके बाद 10 अगस्त को पहली प्रोविजनल मेरिट सूची तथा 11 अगस्त को फाइनल मेरिट सूची जारी होगी। प्रथम चरण के चयनित अभ्यर्थियों को 12 से 14 अगस्त तक फीस जमा करनी होगी।

सके बाद बची हुई सीटों के लिए दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू होगी। 15 अगस्त को फिजिकल काउंसलिंग आयोजित की जाएगी ताकि रिक्त सीटों को शीघ्र भरा जा सके। जो विद्यार्थी पहली प्रक्रिया में आवेदन नहीं कर सके, उन्हें एक और अवसर दिया गया है।

16 अगस्त को ऑनलाइन पोर्टल दोबारा खोला जाएगा, जहां 100 लेट फीस के साथ नया पंजीकरण और आवेदन में संशोधन किया जा सकेगा।

## हरियाणा में रेडियोग्राफर होंगे रेडियोलॉजी अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा स्वास्थ्य विभाग पैरा-मेडिकल और विविध पद (राज्य समूह-सी) सेवा नियम, 1998 में संशोधनों को स्वीकृति प्रदान की गई। यह संशोधन मुख्य रूप से सेवा नियमों में वरिष्ठ रेडियोलॉजी अधिकारी के नए बनाए गए 22 पदों को शामिल करने और स्वास्थ्य प्रणाली में रेडियोलॉजी पेशेवरों की बदलती भूमिका के अनुरूप मौजूदा रेडियोग्राफर पदों के नाम को 'रेडियोलॉजी अधिकारी' में बदलने का प्रावधान करते हैं। यह संशोधन 10 जून, 2020 को जारी एक सरकारी अधिसूचना के माध्यम से प्रत्येक जिले में एक-एक, यानी वरिष्ठ रेडियोग्राफर के 22 पदों के सृजन के बाद आवश्यक हो गए थे।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जय सिंह** पुत्र प्रभु निवासी गांव–डांसू, तहसील और जिला–हिसार, हरियाणा, ने **FIR No. 137/13, U/S 147/148/149/186/353/332 IPC, पुलिस स्टेशन कनॉट प्लेस, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जय सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जय सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 137/13, U/S 147/148/149/186/353/332 IPC, पुलिस स्टेशन कनॉट प्लेस, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **जय सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.10.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री चरण सलवान
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01,
21, प्रथम तल, मुख्य भवन,
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/10404/NDD/2026
(Court Matter)


## हरियाणा में अब एक साल के लिए होगी पटवारी ट्रेनिंग

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में अब पटवारियों की ट्रेनिंग अवधि एक साल की होगी।

मंगलवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा राजस्व पटवारी (समूह-सी) सेवा नियम, 2011 में संशोधनों को मंजूरी दी गई। इन संशोधनों का उद्देश्य राजस्व पटवारियों के भर्ती और प्रशिक्षण ढांचे का आधुनिकीकरण करना, उनकी सेवा शर्तों में सुधार करना तथा राजस्व प्रशासन को अधिक कुशल और उत्तरदायी बनाना है। संशोधित नियम 1 जनवरी, 2025 से लागू माने जाएंगे। मंत्रिमंडल द्वारा लिया गया एक प्रमुख निर्णय- नए नियुक्त पटवारियों के लिए अनिवार्य प्रशिक्षण अवधि को डेढ़ वर्ष से घटाकर एक वर्ष करना है। संशोधित प्रशिक्षण कार्यक्रम में पटवार स्कूल में छह महीने का संस्थागत प्रशिक्षण और उसके बाद छह महीने का फील्ड प्रशिक्षण शामिल होगा। यह निर्णय राज्य स्तरीय पटवारी सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप लिया गया है और इससे फील्ड ड्यूटी के लिए प्रशिक्षित पटवारियों की जल्द उपलब्धता सुनिश्चित होने की उम्मीद है।



## हरियाणाः 60 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में एमएसएमई एवं निर्यात क्षेत्र के लिए 60 परिवर्तनकारी पहलें

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व तथा आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया एवं विकसित भारत-2047 की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं से प्रेरित होकर, हरियाणा सरकार ने माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व एवं उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह के मार्गदर्शन में आज हरियाणा प्रगतिशील एमएसएमई एवं निर्यात संवर्धन नीतिझ2026 का अनावरण किया। यह नीति सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए राज्य का अब तक का सर्वाधिक महत्वाकांक्षी नीतिगत ढांचा है।



माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निरंतर इस बात पर बल दिया है कि एमएसएमई क्षेत्र भारत के विनिर्माण एवं औद्योगिक विकास की रीढ़ है तथा जब एमएसएमई आगे बढ़ते हैं, तभी भारत भी प्रगति करता है।


**Pharmaceuticals & Medical Devices Bureau of India (PMBI)**
(Under Department of Pharmaceuticals, Govt. of India)
B-500, Tower B, 5th Floor, World Trade Center, Nauroji Nagar, New Delhi-110029
Telephone: 011-49431800 / 49431811 / 49431854 / 49431829
Website: janaushadhi.gov.in

**e-TENDER FOR SUPPLY OF OXO-BIODEGRADABLE SANITARY NAPKINS, DIAPERS AND OTHER CONSUMABLE ITEMS ON RATE CONTRACT BASIS FOR TWO YEARS**

Pradhan Mantri Bhartiya Januashadhi Pariyojana (PMBJP) is the flagship programme of Department of Pharmaceuticals under Ministry of Chemicals and Fertilizers to make quality generic items available to the general public at affordable price through the Pharmaceuticals & Medical Devices Bureau of India (PMBI).

e-Tender for supply of 17 nos. of Oxo-Biodegradable Sanitary Napkins, Diapers and other Consumable Items for "Pradhan Mantri Bhartiya Janaushadhi Pariyojana (PMBJP)" are invited by PMBI. Last date and time for submission of online bids against e-Tender no. PMBI/SURGICAL/RC-224/2026 dated 21/07/2026 for supply of Oxo-Biodegradable Sanitary Napkins, Diapers and Other Consumable Items is **14/08/2026** up to **17:00 hours**. For detailed eligibility criteria, terms & conditions of the tender, please visit the websites https://eprocure.gov.in/eprocure/app & https://janaushadhi.gov.in.

Sd/-
CEO (PMBI)

cbc02107/11/0004/2627



**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| क्र सं. | लॉट संख्या | विवरण | नीलामी प्रारंभ तिथि/समय |
|---|---|---|---|
| 1. | MSS-UMB-MRND-KStnGP-110-26-1 | मोरिंडा रेलवे स्टेशन पर 10'x10' = 100 वर्ग फुट क्षेत्रफल (साइट प्लान के अनुसार) में एक किराना स्टोर (अस्थायी संरचना) की स्थापना, संचालन एवं रख–रखाव। | 07.08.2026 12.00.00 hrs |
| 2 | ADVT-UMB-SIR-OH-363-26-1 | सरहिंद रेलवे स्टेशन के सरकुलेटिंग क्षेत्र में लोलिपॉप क्यूबॉइड बोर्डो के माध्यम से विज्ञापनों के प्रदर्शन हेतु वाणिज्यिक प्रचार अधिकार। लोलिपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 15 होगी तथा प्रत्येक क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5' x1.5' से अधिक नहीं होगा। कुल क्षेत्रफल 135 वर्ग फुट होगा। (साइट प्लान के अनुसार) | 07.08.2026 12.00.00 hrs |
| 3 | ADVT-UMB-SRE-OH-339-25-1 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर लोलिपॉप क्यूबॉइड बोर्डो के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के वाणिज्यिक प्रचार अधिकार। लोलिपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 15 होगी तथा प्रत्येक लोलिपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होगा। | 07.08.2026 12.00.00 hrs |
| 4 | ADVT-UMB-SASN-OH-364-26-1 | साइट प्लान के अनुसार, विज्ञापन अधिकारों में साहिबजादा अजीत सिंह नगर (मोहाली) रेलवे स्टेशन के सरकुलेटिंग क्षेत्र में 14 यूनिपोलों (एकतरफा, प्रत्येक का माप 18'x8') तथा 01 गेंट्री (दोनों तरफ, माप 30'x8') के माध्यम से विज्ञापनों की स्थापना एवं प्रदर्शन शामिल हैं। कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 2,496 वर्ग फुट है। | 07.08.2026 12.00.00 hrs |
| 5 | MSS-UMB-KLK-SLPod-104-26-1 | नवीनीकरण (उन्नयन), संचालन, अनुरक्षण एवं प्रबंधन। कालका रेलवे स्टेशन (NSG–3 श्रेणी) पर स्थित पुराने PRS भवन को आधुनिक सुविधाओं एवं सुख–सुविधाओं से युक्त मॉड्यूलर स्लीपिंग पॉड्स में परिवर्तित कर स्लीपिंग पॉड्स का संचालन। कुल क्षेत्रफलः 30 मीटर x 7.85 मीटर अर्थात 235.5 वर्ग मीटर। (साइट प्लान के अनुसार) | 07.08.2026 12.00.00 hrs |
| 6 | MSS-UMB-SRE-PSKsk-54-25-1 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर साइट प्लान के अनुसार कुल 54 वर्ग फुट क्षेत्रफल की पूजा सामग्री की दुकान/कियोस्क की स्थापना एवं संचालन हेतु ठेके का आवंटन | 07.08.2026 12.00.00 hrs |

नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर जाये।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2585/26



**कब्जा सूचना**

जबकि, जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी ने, 'वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002' के तहत, और 'प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002' के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ता(ओं) को मांग नोटिस जारी किए हैं; इन नोटिसों में उधारकताओं से यह मांग की गई है कि वे नोटिस प्राप्त होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर, अपने-अपने नामों के सामने उल्लिखित राशि को, उन नोटिसों में बताई गई लागू दरों पर ब्याज सहित, तथा भुगतान और/या वसूली की तारीख तक हुए भविष्य के ब्याज, प्रासंगिक खर्चो, लागतों, शुल्कों आदि के साथ चुका दें।

| क्रमांक | ऋण संख्या | ऋणग्राही /सह-ऋणग्राही / गारंटर/बंधककर्ता | 13(2) नोटिस की तारीख / बकाया राशि (रु. में) दिनांक | ऋण संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 32029410000081 32029410000322 & 32029610000020 | 1) श्री बलबीर सिंह, इसलिए। श्री राम सिंह (आवेदक), 2)श्रीमती सुरिंदर कौर, डब्ल्यू/ओ. श्री बलबीर सिंह (सह-आवेदक) | 15.05.2026 13.05.2026 तक 12,42,769/- (बारह लाख बयालीस हजार सात सौ उनहत्तर रुपये मात्र) | तारीखः 28.07. 2026/12:35 दोपहर & सांकेतिक कब्जा |

**प्रॉपर्टी का विवरणः प्रॉपर्टी की जानकारीः** : अचल संपत्ति का वह पूरा हिस्सा - हदबस्त नंबर 211, खेवट नंबर 167 मिन/194, खसरा नंबर 33//23 रकबा (6-9) जिसमें 501/19700 हिस्सा (माप 3.28 मरला) है और खसरा नंबर 33//24/1 (3-8) जिसमें 501/19700 हिस्सा (माप 1.73 मरला) है, यानी कुल जमीन 5.01 मरला (151.55 वर्ग गज) है। यह जमीन गाँव राजोखेरी, तहसील बरारा, ज़िला अंबाला में स्थित है (इसका ज्यादा विवरण दस्तावेज नंबर 153, तारीख 29.05.2020 में दिया गया है)। इसके मालिक श्री बलबीर सिंह (पिता श्री राम सिंह) हैं। सीमाएँः पूर्वः दूसरे मालिक, पश्चिमः बाया भुजा 45 फीट 6 इंच, उत्तरः गली, दक्षिणः दूसरे मालिक।

चूंकि ऊपर बताए गए उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/जमानतदार/बंधककर्ता बकाया रकम चुकाने में असफल रहे हैं, इसलिए विशेष रूप से उपरोक्त व्यक्तियों तथा सामान्य रूप से आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि **जना लघु वित्त बैंक लिमिटेड** के अधिकृत अधिकारी ने, ऊपर उल्लिखित तिथियों पर, उक्त अधिनियम की धारा 13(4) तथा संबंधित नियमों के नियम 8 के अंतर्गत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऊपर वर्णित संपत्तियों/सुरक्षित संपत्तियों पर **कब्जा कर** लिया है। अतः उपरोक्त उधारकर्ता/सह-धारकर्ता/जमानतदार/बंधककर्ता तथा आम जनता को इसके द्वारा सावधान किया जाता है कि वे उक्त संपत्तियों/सुरक्षित संपत्तियों के संबंध में किसी भी प्रकार का लेन-देन न करें, और यदि कोई लेन-देन किया जाता है तो वह जना लघु वित्त बैंक लिमिटेड के अधिकाराधीन माना जाएगा।

स्थानः अंबाला
दिनांक- 27.07.2026

हस्ता/- अधिकृत अधिकारी,
जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के लिए

**जना स्मॉल फाइनेंस बैंक** (एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक)

पंजीकृत कार्यालयः द फेयरवे, ग्राउंड और पहली मंजिल, सर्वे नंबर 10/1, 11/2 और 12/2बी ऑफ डोमलुर, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के पास, चल्लाघट्टा, बेंगलुरु - 560071। शाखा कार्यालयः 16/12, द्वितीय तल, डब्ल्यू.ई.ए., आर्य समाज रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005।

# कांग्रेस और आप ने युवाओं के भविष्य से किया खिलवाड़: सैनी

## मुख्यमंत्री बोले- कांग्रेस और आप ने युवाओं को ठगा, मोदी सरकार पेपर लीक रोकने के लिए कानून कर रही और सख्त

**साधा निशाना**

- भाजपा पेपर लीक पर बना रही सख्त कानून : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी
- मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ का आरोप लगाया
- प्रधानमंत्री ने 2024 में पेपर लीक रोकने का कानून बनाया, अब इसे और कठोर किया जा रहा है
- पंजाब में पेपर लीक मामले पर आप को घेरा
- हरियाणा में मिशन बुनियाद और मिशन-100 से गरीब छात्रों को मिल रहा लाभ



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार पेपर लीक जैसी घटनाओं पर स्थायी रोक लगाने के लिए कानून को और अधिक सख्त बना रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2024 में इस दिशा में कानून बनाया और अब उसे और कठोर करने की प्रक्रिया चल रही है।

मंत्रिमंडल की बैठक के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में नौकरियों में खर्ची-पर्ची और पेपर लीक आम बात थी। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी भी उसी राह पर चल रही है। पंजाब में हाल ही में फामेर्सी परीक्षा के पेपर लीक का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि छात्र सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन आम आदमी पार्टी के नेता इस मुद्दे पर चुप हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने वर्ष 1986 में संसद में पेपर लीक पर चर्चा तो की, लेकिन कोई ठोस कानून नहीं बनाया। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब में एक्साइज इंस्पेक्टर भर्ती में भी गंभीर अनियमितताएं हुईं, लेकिन राज्य सरकार ने कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हरियाणा में मिशन बुनियाद और मिशन-100 के माध्यम से सरकारी स्कूलों के गरीब विद्यार्थियों को आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाकर उनके सपनों को साकार किया है। मुख्यमंत्री ने आम आदमी पार्टी से श्वेत पत्र जारी कर यह बताने की भी चुनौती दी कि दिल्ली और पंजाब में उनकी सरकार ने कितने गरीब बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर और आईएएस बनाया। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डीजल की खपत कम करने के आह्वान के अनुरूप हरियाणा सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने बताया कि राज्य में 30 लाख रुपये तक की इलेक्ट्रिक गाड़ियों की खरीद पर 100 प्रतिशत और इससे अधिक कीमत वाली गाड़ियों पर 50 प्रतिशत टैक्स छूट दी जा रही है। साथ ही प्रदेशभर में चार्जिंग स्टेशन का नेटवर्क भी तेजी से विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष का एकमात्र एजेंडा भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करना रह गया है, जबकि देश और हरियाणा तेजी से विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं।

पंजाब दौरों पर उठे सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग हरियाणा के भाई हैं और उनके आमंत्रण पर ही वह वहां जाते हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के अतिरिक्त निदेशक कैप्टन मनीष कुमार लोहान, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली तथा मीडिया सचिव प्रवीण अत्रे भी मौजूद रहे।

**रेवाड़ी में बनेगी कुसुम इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी:** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज यहां हुई कैबिनेट की मीटिंग में हरियाणा प्राइवेट यूनिवर्सिटीज एक्ट, 2006 में संशोधन करके, कुसुम इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रेवाड़ी नाम से एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी बनाने के लिए बिल लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस एक्ट को हरियाणा प्राइवेट यूनिवर्सिटीज (संशोधित) एक्ट, 2026 कहा जा सकता है।

## हरियाणा में बनेगा लोकल ऑडिट एक्ट, 2026

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज यहां हुई कैबिनेट मीटिंग में हरियाणा लोकल ऑडिट एक्ट, 2026 के ड्राफ्ट को मंजूरी दी गई। प्रस्तावित एक्ट का उद्देश्य राज्य में सभी लोकल अथॉरिटी और दूसरी अथॉरिटी बॉडी, इंस्टीट्यूशन और फंड के लिए एक प्रभावी और कुशल ऑडिट कानून बनाना है तथा इससे या इनसे जुड़े मामलों के लिए भी प्रावधान करना है। कई राज्यों के लोकल ऑडिट डिपार्टमेंट (जिसे लोकल फंड डिपार्टमेंट भी कहा जाता है) के अपने अधिनियम और नियम हैं। जैसे, तमिलनाडु लोकल फंड ऑडिट एक्ट, 2014, तमिलनाडु लोकल फंड ऑडिट रूल्स, 2016, गुजरात लोकल फंड ऑडिट एक्ट, 1963, गुजरात लोकल फंड ऑडिट रूल्स, 1974, केरल लोकल फंड ऑडिट एक्ट, 1994 आदि। भारत के दूसरे राज्यों के लोकल ऑडिट डिपार्टमेंट के एक्ट/रूल्स और लोकल फण्ड डिपार्टमेंट हरियाणा के मामलों के लिए प्रभावी और कुशल ऑडिट सिस्टम बनाने के लिए विभाग को एक एक्ट तैयार करने की भी जरूरत है।

## 2027 में धूमधाम से मनाया जाएगा गुरु रविदास जी का 650वां प्रकाश पर्व

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की है कि वर्ष 2027 में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का 650वां प्रकाश पर्व पूरे राज्य में भव्य और गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियों के लिए राज्य सरकार एक उच्च स्तरीय समिति का गठन करेगी, जो कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर सफल आयोजन सुनिश्चित करेगी।

मंत्रिमंडल की बैठक के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री ने बताया कि 29 जुलाई को हरियाणा का एक प्रतिनिधिमंडल वाराणसी में आयोजित विशेष धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों तथा पूजन-अर्चना में भाग लेगा। इस दौरान संत गुरु रविदास जी की जन्मस्थली की पावन मिट्टी से सुशोभित कलश हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल को सौंपा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।

उन्होंने बताया कि 30 जुलाई की शाम प्रतिनिधिमंडल पावन कलश लेकर गुरुग्राम के सिरहौल बॉर्डर पहुंचेगा, जहां उसका भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद कलश को गुरुग्राम स्थित श्री शीतला माता मंदिर में स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 4 अगस्त को इस पावन कलश की मिट्टी भाजपा हरियाणा के सभी 27 संगठनात्मक जिलों के जिला अध्यक्षों और सामाजिक प्रतिनिधियों को सौंपी जाएगी। इसके बाद यह पावन मिट्टी पूरे हरियाणा के गांव-गांव तक पहुंचाई जाएगी, ताकि संत गुरु रविदास जी के समरसता, समानता, सामाजिक न्याय और मानव कल्याण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा सके तथा 'समरसता संकल्प अभियान' को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाया जा सके।

## पीएमएवाई-यू 2.0: स्टांप ड्यूटी एवं पंजीकरण शुल्क में की कटौती




**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत स्टांप ड्यूटी एवं पंजीकरण शुल्क में छूट तथा निश्चित शुल्क निर्धारित करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।

यह निर्णय प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत पंजीकृत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लाभार्थियों के लिए पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत 60 वर्गमीटर तक के पात्र आवासीय इकाइयों पर लागू होगा। स्टांप ड्यूटी एवं पंजीकरण शुल्क में छूट, समयबद्ध और महत्वाकांक्षी अभियान के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए किफायती आवास उपलब्ध कराने की दिशा में घर खरीदने की प्रक्रिया को अधिक सरल बनाना है।

प्रस्ताव के अनुसार, पात्र आवासीय इकाइयों के लिए कन्वेयंस डीड (स्वामित्व हस्तांतरण दस्तावेजों) पर प्रति दस्तावेज 500 रुपये शुल्क लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, भारतीय स्टांप अधिनियम, 1899 की अनुसूची-1ए के अनुच्छेद 23-ए, जो हरियाणा में लागू है, के अंतर्गत देय स्टांप ड्यूटी भी घटाकर 500 रुपये प्रति दस्तावेज कर दी गई है। इस निर्णय से ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लाभार्थियों पर आवास खरीद से संबंधित लेन-देन व वित्तीय बोझ कम होगा। इससे पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत सभी के लिए आवास के लक्ष्य को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में हरियाणा में कन्वेयंस डीड पर भारतीय स्टांप अधिनियम, 1899 की अनुसूची-1ए के अनुच्छेद 23-ए के तहत 5 प्रतिशत स्टांप ड्यूटी तथा 2 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क देय है। यदि संपत्ति का हस्तांतरण किसी महिला के पक्ष में किया जाता है तो 2 प्रतिशत की छूट उपलब्ध है। वहीं, पंजीकरण शुल्क स्लैब के आधार पर निर्धारित किया जाता है, जिसकी अधिकतम सीमा 50,000 रुपये है। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत पात्र ईडब्ल्यूएस लाभार्थियों के लिए किफायती आवास को बढ़ावा देने के स्टांप ड्यूटी एवं पंजीकरण शुल्क में यह विशेष रियायत प्रदान कर किफायती आवास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, पात्र कन्वेयंस डीड पर स्टाम्प डयूटी पंजीकरण शुल्क में छूट को स्वीकृति प्रदान की गई है।

# हरियाणा कर्मचारियों की 2025-26 की जीपीएफ वार्षिक विवरणी ऑनलाइन जारी

**सुविधाएं**

- वेबसाइट और डिजीलॉकर पर जारी हुई वार्षिक जीपीएफ विवरणी, कर्मचारी घर बैठे कर सकेंगे डाउनलोड



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राज्य के कर्मचारियों और हरियाणा कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों को बड़ी सुविधा देते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 की सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) की वार्षिक विवरणी ऑनलाइन उपलब्ध करा दी है। अब कर्मचारियों को अपनी जीपीएफ विवरणी प्राप्त करने के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। वे घर बैठे ही वेबसाइट अथवा डिजीलॉकर के माध्यम से अपनी वार्षिक विवरणी डाउनलोड कर सकेंगे।

**वेबसाइट से ऐसे प्राप्त करें**

**वार्षिक विवरणी**

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), हरियाणा कार्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर वर्ष 2025-26 की वार्षिक जीपीएफ विवरणी अपलोड कर दी गई है। सभी जीपीएफ अभिदाता वेबसाइट पर जाकर अपना श्रेणी कोड, जीपीएफ खाता संख्या तथा कर्मचारी कूटशब्द दर्ज कर अपनी वार्षिक विवरणी डाउनलोड कर सकते हैं। इससे कर्मचारी अपने जीपीएफ खाते में जमा राशि, वर्षभर का अंशदान, ब्याज तथा अंतिम शेष राशि का पूरा विवरण देख सकेंगे।

**डिजीलॉकर के माध्यम से भी मिलेगी सुविधा**

सरकार ने डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा देते हुए जीपीएफ की वार्षिक विवरणी डिजीलॉकर पर भी उपलब्ध कराई है। इसके लिए कर्मचारियों को अपने डिजीलॉकर खाते में प्रवेश करना होगा। इसके बाद दस्तावेज खोजें विकल्प में जाकर प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), हरियाणा का चयन करना होगा। फिर जीपीएफ विवरणी विकल्प चुनकर अपनी जीपीएफ संख्या, श्रेणी कोड तथा संबंधित वित्तीय वर्ष दर्ज करने पर वार्षिक विवरणी देखी और डाउनलोड की जा सकेगी।

**पुरानी विवरणियां भी रहेंगी उपलब्ध**

प्रवक्ता ने बताया कि केवल वर्ष 2025-26 ही नहीं, बल्कि वित्तीय वर्ष 2023-24 तथा उसके बाद की सभी वार्षिक जीपीएफ विवरणियां भी डिजीलॉकर पर उपलब्ध हैं। इससे कर्मचारी आवश्यकता पड़ने पर अपनी पुरानी विवरणियां भी किसी भी समय प्राप्त कर सकेंगे। यह सुविधा सेवा अभिलेख, ऋण तथा अन्य प्रशासनिक कार्यों में भी उपयोगी साबित होगी।

**जीपीएफ विवरणी क्यों है महत्वपूर्ण**

सामान्य भविष्य निधि सरकारी कर्मचारियों की दीर्घकालिक बचत योजना है, जिसमें कर्मचारी के वेतन से नियमित अंशदान जमा होता है और उस पर सरकार द्वारा निर्धारित दर से ब्याज मिलता है।

## राज्यपाल से मिले शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित लोक भवन में राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था, उच्च शिक्षा के विकास और विश्वविद्यालयों की कार्यप्रणाली से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में राज्य की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, समावेशी तथा गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा भी की गई।

**विश्वविद्यालयों की स्थिति पर राज्यपाल ने ली विस्तृत जानकारी**

बैठक के दौरान राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों की वर्तमान स्थिति, शैक्षणिक गतिविधियों, आधारभूत सुविधाओं तथा शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने उच्च शिक्षा संस्थानों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण, अनुसंधान को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयासों की जानकारी प्राप्त की।

**समीक्षा**

- शिक्षा व्यवस्था और विश्वविद्यालयों की प्रगति पर हुई समीक्षा, शिक्षा संस्थानों को सशक्त बनाने पर चर्चा

**गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता**

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने राज्यपाल को अवगत कराया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार शिक्षा क्षेत्र में व्यापक सुधारों की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की समान पहुंच सुनिश्चित करना है।



हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने 'पुराल' निर्मित कमल का पुष्प भेंट कर प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया।

# प्रदेश में 700 नए वीटा बूथ खोलने की तैयारी: सीएम




**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और डेयरी क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए कई अहम घोषणाएं की हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में वीटा नेटवर्क का तेजी से विस्तार किया जाएगा। महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को विशेष प्रोत्साहन देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाएगा, जबकि साझा डेयरी योजना के तहत पंचायती जमीन पर पशु शेड बनाकर पशु खरीद के लिए ऋण सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री सोमवार देर शाम चंडीगढ़ में सहकारी फेडरेशन, डेरीफेड, वीटा, हरहित स्टोर, लेबरफेड और हाउसफेड सहित विभिन्न सहकारी संस्थाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा भी उपस्थित रहे।

**महिलाओं को मिलेगा बढ़ा आर्थिक सहयोग**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारी समितियों से जुड़े महिला स्वयं सहायता समूहों को दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। सरकार ने सर्दियों में मिलने वाली प्रोत्साहन राशि 3 रुपये से बढ़ाकर 5 रुपये तथा गर्मियों में 5 रुपये से बढ़ाकर 7 रुपये प्रति लीटर करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा महिलाओं को 10 रुपये प्रति लीटर तक विशेष प्रोत्साहन भी मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि दुग्ध उत्पादन और डेयरी उत्पादों के लिए बजट की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

**मुर्राह भैंस को बढ़ावा, आधुनिक डेयरी होंगी विकसित**

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुर्राह नस्ल की भैंस हरियाणा की पहचान है।

# निर्धारित समय-सीमा में पूरी हों भवन एवं सड़क परियोजनाएं: रणबीर गंगवा

**दिशा-निर्देश**

- कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें) मंत्री रणबीर गंगवा ने प्रदेश में चल रही विभिन्न भवन एवं सड़क परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विकास कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।रणबीर गंगवा ने सोमवार रात पंचकूला स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में विभाग के चीफ इंजीनियरों ने भाग लिया, जबकि सभी सर्कलों के अधीक्षक अभियंताओं ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समन्वित रूप से कार्य करते हुए प्रदेश के लोगों को बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध करवाएं, ताकि जनता में विभाग की विश्वसनीयता और अधिक बढ़े। कैबिनेट मंत्री ने प्रदेश में चल रही भवन निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो और सभी परियोजनाएं निर्धारित समय अवधि में पूरी की जाएं, ताकि लोगों को उनका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जो परियोजनाएं अंतर-विभागीय मामलों के कारण लंबित हैं, उनकी सूची तैयार की जाए, ताकि संबंधित विभागों के साथ बेहतर तालमेल स्थापित कर कार्यों में तेजी लाई जा सके। उन्होंने समय पर कार्य पूरा न करने वाले और गुणवत्ता से समझौता करने वाले ठेकेदारों एवं एजेंसियों को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# सरकारी कामों में देरी बर्दाश्त नहीं, उपलब्ध मानव संसाधन का करें बेहतर उपयोग : मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सरकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं और विभागीय कार्यों के समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों को उपलब्ध मानव संसाधन का प्रभावी और सर्वोत्तम उपयोग करने के निर्देश जारी किए हैं। यह निर्णय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक के बाद लिया गया, जिसमें कुछ विभागों ने कार्यों में देरी का कारण कर्मचारियों की कमी बताया था।

मुख्यमंत्री ने इस पर गंभीर नाराजगी जताते हुए स्पष्ट किया कि मैनपावर की कमी के कारण विकास कार्यों और जनहित योजनाओं में देरी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

**मुख्य सचिव ने सभी विभागों को जारी किए विस्तृत दिशा-निर्देश**

मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों तथा संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपनी मानव संसाधन संबंधी आवश्यकताओं का समय पर आकलन करे और उपलब्ध कर्मचारियों का अधिकतम एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करे, ताकि सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं के क्रियान्वयन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

**मानव संसाधन की व्यक्तिगत समीक्षा के निर्देश**

**विकास पर बल**

- सभी विभागों को निर्देश—मैनपावर की कमी नहीं बनेगी योजनाओं और विकास कार्यों में बाधा

मुख्य सचिव ने विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने विभागों, अधीनस्थ कार्यालयों तथा संस्थानों में उपलब्ध कर्मचारियों की व्यक्तिगत स्तर पर समीक्षा करें। जहां कर्मचारियों की कमी हो, वहां सरकारी नियमों के अनुसार तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की कमी दूर करने के लिए आवश्यकता अनुसार विभागों के भीतर कर्मचारियों की युक्तिसंगत पुनर्तैनाती, स्वीकृत माध्यमों से संविदा अथवा अन्य अनुमोदित व्यवस्थाओं के तहत नियुक्तियां तथा नियमित भर्ती की प्रक्रिया अपनाई जाए, ताकि कार्य प्रभावित न हों।

**समय सीमा में पूरे होंगे सभी सरकारी कार्य**

मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि भविष्य में किसी भी सरकारी कार्य, विकास परियोजना अथवा विभागीय दायित्व में देरी के लिए कर्मचारियों की कमी को कारण नहीं माना जाएगा।

प्रत्येक विभाग की जिम्मेदारी होगी कि वह समय रहते आवश्यक मानव संसाधन की व्यवस्था सुनिश्चित करे और सभी योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करे।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मानव संसाधन से जुड़ी सभी बाधाओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए, ताकि किसी भी विकास कार्य, सरकारी योजना या विभागीय जिम्मेदारी के निर्वहन में कोई रुकावट न आए।

**जनहित कार्यों में नहीं होनी चाहिए कोई बाधा**

इस विषय को अत्यंत महत्वपूर्ण मानते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता पर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि सभी जनकल्याणकारी योजनाएं और विकास परियोजनाएं तय समय सीमा में पूरी हों तथा नागरिकों को सरकारी सेवाओं का लाभ बिना किसी अनावश्यक देरी के मिल सके।

# सीबीएसई नॉर्थ जोन-2 स्विमिंग चैंपियनशिप संपन्न, ब्राइट स्कॉलर स्कूल सोनीपत बना ओवरऑल चैंपियन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)।** एमएसजी भारतीय खेल गांव में आयोजित चार दिवसीय सीबीएसई नॉर्थ जोन-2 बालक वर्ग स्विमिंग चैंपियनशिप बुधवार को रंगारंग समापन समारोह के साथ संपन्न हो गई। प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के प्रतिभाशाली तैराकों ने शानदार प्रदर्शन किया। समापन अवसर पर ब्राइट स्कॉलर स्कूल सोनीपत ने सर्वाधिक अंक अर्जित कर ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। जीडी गोयनका स्कूल, झज्जर की टीम उपविजेता रही, जबकि जीसस सेक्रेड हार्ट स्कूल, लुधियाना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सीटीएम अजय सिंह ने विजेता टीमों और विभिन्न स्पधाओं के खिलाड़ियों को ट्रॉफी व सम्मान प्रदान किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डेरा सच्चा सौदा के वाइस चेयरमैन डॉ. पीआर नैन मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाह सतनाम जी शिक्षण संस्थानों के प्रशासक चरणजीत सिंह इन्सां तथा स्पोर्ट्स हेड कोच नवजीत भुल्लर ने की। विशेष अतिथियों में सीबीएसई ऑब्जर्वर डॉ. गार्गी, आयोजक विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. शीला पूनिया इन्सां, शाह सतनाम जी बॉयज



कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिलावर सिंह तथा सेंट एमएसजी ग्लोरियस इंटरनेशनल स्कूल बॉयज विंग के प्राचार्य अजय धमीजा इन्सां शामिल रहे। इससे पहले मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों का एमएसजी भारतीय खेल गांव पहुंचने पर शाह सतनाम जी शिक्षण संस्थानों की प्रबंधन समिति ने स्वागत किया। समारोह के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

- खेल अनुशासन और स्वस्थ जीवन का आधार हैं: अजय सिंह

मुख्य अतिथि सीटीएम अजय सिंह ने कहा कि खेल केवल जीत-हार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ जीवनशैली का मजबूत माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी को हार और जीत दोनों को समान भाव से स्वीकार करना चाहिए, क्योंकि हार कभी स्थायी नहीं होती और हर सफल व्यक्ति ने जीवन में किसी न किसी समय असफलता का सामना किया है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के भविष्य और जीवन दोनों को बर्बाद कर देता है तथा उसे गलत दिशा की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि डेरा सच्चा सौदा द्वारा तैयार किया गया एमएसजी भारतीय खेल गांव और शाह सतनाम जी शिक्षण संस्थानों का खेल ढांचा हरियाणा के श्रेष्ठ खेल परिसरों में शामिल है। ग्रामीण क्षेत्र में इस स्तर की अंतरराष्ट्रीय सुविधाएं उपलब्ध कराना सराहनीय कार्य है।

सीटीएम ने कहा कि सामान्य तौर पर सिरसा को पिछड़ा जिला माना जाता है, लेकिन एमएसजी भारतीय खेल गांव जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं को देखकर यह धारणा पूरी तरह बदल जाती है। उन्होंने सिरसा के खिलाड़ियों से इन सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

## फ्री हेल्थ कैंप लगाकर जांचा 90 लोगों का स्वास्थ्य



**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** लोगों तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिंदल की ओर से चलाई गई मेडिकल वैन मंगलवार को गांव लदाना चक्कू में पहुंची। यहां डा. बलिंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने 90 लोगों की ओपीडी के बाद उन्हें निःशुल्क दवा दी। इनमें 8 लोगों के लैब टेस्ट हुए। इस अवसर पर ब्लाक समिति सदस्य रोकी ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल महिला, युवा, बुजुर्ग और किसान सभी वर्गों के हित में कार्य कर रहे हैं। महिलाओं के लिए जहां ब्यूटी पार्लर सिलाई सेंटर प्रशिक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं, वहीं युवाओं के लिए भी कौशल विकास योजना के तहत सांसद नवीन जिंदल ने इंटरनेशनल स्किल सेंटर स्थापित किए हैं। किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड? और उनकी आय बढ़ाने के लिए भी सांसद लगातार नवीन कृषि संकल्प शिविर लगवा रहे हैं। सरपंच रूबी देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लेकर चल रहे हैं, उसमें सांसद नवीन जिंदल ने लक्ष्य प्राप्ति का जिम्मा उठाया है। सांसद नवीन जिंदल का प्रयास है कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र शिक्षा, चिकित्सा, विकास एवं रोजगार में अव्वल रहकर प्रधानमंत्री मोदी के विजन में सहयोगी बनें। इसी के चलते उनके द्वारा क्षेत्र में प्रत्येक वर्ग के लिए लाभकारी योजनाएं चलाई गई हैं। जिनका लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंच रहा है। इस मौके पर बलविंदर कश्यप, रामेश्वर वाल्मीकि, राज कुमार, लखविंदर सिंह, हर्ष चीमा, जिंदर कश्यप, रतन महाशय व सुमित कश्यप सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

**निशुल्क**

**निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिंदल की ओर से चलाई गई**

## चीका पुलिस द्वारा प्रतिबंधित नशीली गोलियां व नशीला घोल सहित तस्कर गिरफ्तार

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करों के विरुद्ध एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना चीका पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक नशा तस्कर को काबू कर उसके कब्जे से 70 प्रतिबंधित बुप्रेनोरफिन टैबलेट तथा 333 ग्राम नशीला मिश्रण बरामद किया है। आरोपी युवाओं को नशे के इंजेक्शन तैयार कर बेचने का अवैध कारोबार करता था। इस सम्बन्ध में डीएसपी बीरभान ने बताया कि थाना चीका एसएचओ एसआई प्रवीण कुमार की अगुवाई में पीएसआई नवनीत कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में अपराध एवं नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें एक विश्वसनीय



गुप्त सूचना मिली कि तरुण निवासी सीवन प्रतिबंधित बुप्रेनोफिने गोलियों तथा उनके नशीले घोल का अवैध कारोबार करता है और सिल्वर कालोनी चीका क्षेत्र में मादक पदार्थ सहित मौजूद है। सूचना को विश्वसनीय मानते हुए पुलिस ने रेडिंग पार्टी का गठन किया और सिल्वर कालोनी में दबिश दी। मौके पर पुलिस को देखकर एक युवक तेजी से भागने लगा, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर काबू कर लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान तरुण उपरोक्त के रूप में बताई। पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार गुहला बलराज सिंह के समक्ष ली गई तलाशी दौरान तरुण के हाथ में पकड़े काले रंग के पालिथीन बैग से बुप्रेनोफिने तथा नालाक्सोन टेबलेट्स की कुल 70 गोलियां तथा एक पारदर्शी प्लास्टिक की बोतल में रखा 333 ग्राम नशीला मिश्रण बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह पशुओं को लगाए जाने वाले फिनारामीने मेलट इंजेक्शन में प्रतिबंधित नशीली गोलियां घोलकर नशीला मिश्रण तैयार करता था और उससे इंजेक्शन बनाकर नशा करने वाले युवकों को बेचता है। ड्रग कंट्रोल आफिसर ने बरामद दवाओं को प्रतिबंधित बताया। आरोपी के खिलाफ थाना चीका में मामला दर्ज करके मौके पर पहुंचे एएसआई विकास द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। व्यापक पूछताछ के लिए आरोपी का न्यायालय से 1 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया है।

## पेश है पैड चेंज अलर्ट के साथ अपग्रेडेड स्टेफ्री सिक्योर एक्सएल

**करनाल।** पीरियड्स के दौरान लीकेज का डर हर पल महिलाओं को सताता रहता है, जिसके कारण उन्हें बार-बार अपने पैड चेक करने पड़ते हैं। महिलाओं की इस परेशानी को दूर करने के लिए भारत के अग्रणी मैंस्ट्रुअल हाईजीन ब्रांड, स्टेफ्री ने स्टेफ्री सेक्योर एक्सएल पेश किया है।

## जन्मोत्सव को बनाया सेवा का पर्व, लगाया रक्तदान शिविर 12 यूनिट रक्त हुआ संग्रह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति की ओर से लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष कर्मवीर सैनी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में लगाया गया, जिसमें 12 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने स्वस्थ लोगों से हर तीन माह बाद नियमित रूप से रक्तदान



करने का आह्वान किया। समिति के मीडिया प्रभारी तरुण वधवा ने कहा कि जन्मदिन जैसे विशेष अवसर को रक्तदान शिविर के माध्यम से मनाना समाज के लिए प्रेरणादायक पहल है। इससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलती है। इस अवसर पर डॉक्टर रमा, करनैल सैनी, नमन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समिति ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी आयोजन जारी रखने का संकल्प लिया।

## न्यूज फ्लैश

### पर्यावरण संरक्षण मुहीम अंतर्गत गुरुद्वारा साहिब में संगत को वितरित किए गए पौधे



**टीम एक्शन इंडिया**
**एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर**
**रतिया, 28 जुलाई :**
पर्यावरण संरक्षण मुहीम के अंतर्गत व बरसाती मौसम को देखते हुए हरे धन को बढ़ावा देने के लिए गुरुद्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब पुराना बाजार रतिया में प्रातः समय गुरुद्वारा साहिब आने वाली संगत को सेवादारों द्वारा फलदार, फूलदार एवं छायादार पौधे वितरित किए गए। इस मौके पर गुरूद्वारा साहिब के मैनेजर दलजीत सिंह पिपलथा, ग्रंथी किशन सिंह, जसवंत सिंह, अंग्रेज सिंह, रूपेश सिंह, मनविंद्र सिंह, राहुल सिंह, हरप्रीत सिंह सहित सेवादार मौजूद रहे। वहीं जानकारी देते हुए पर्यावरण प्रेमी हैप्पी सिंह सेठी ने बताया कि मनुष्य को दुनियावी धन के साथ साथ हरियाली भरे धन की काफी जरूरत है और जिस पूरा किया जाए उतना कम है। उन्होंने बताया कि गुरूद्वारा साहिब में प्रातः समय कार्यक्रम मौके बड़ी संख्या में संगत मौजूद होती है और कार्यक्रम की समाप्ति मौके घरो व खेत में लगाने के लिए फलदार, फूलदार एवं छायादार पौधे वितरित किए गए हैं ताकि प्रत्येक व्यक्ति अपने स्तर पौधारोपण करके उसकी संभाल अच्छे प्रकार से कर सकता है, क्योंकि यह बरसाती मौसम में पौधे ज्यादा विकास करते हैं। इसलिए हम अपना कर्तव्य समझते हुए पौधारोपण करके उसकी संभाल करें।

### गुरु ब्रह्मानंद पार्क में जनकल्याण मंच कुरुक्षेत्र ने वरिष्ठ नागरिकों को बांटे कपड़े के थैले



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** पर्यावरण संरक्षण और पॉलिथीन मुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से जनकल्याण मंच कुरुक्षेत्र (रजि०) हरियाणा द्वारा गुरु ब्रह्मानंद पार्क, सेक्टर-4 में कपड़े के थैलों का वितरण कर लोगों को पॉलिथीन का उपयोग बंद करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर जनकल्याण मंच कुरुक्षेत्र (रजि०) हरियाणा के अध्यक्ष दलबीर सिंह मलिक ने कहा कि आज प्लास्टिक और पॉलिथीन का बढ़ता उपयोग पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य तथा पशु-पक्षियों के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। यदि हम आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण देना चाहते हैं तो हमें आज से ही पॉलिथीन का त्याग कर कपड़े के थैलों को अपनाना होगा। मंच के महासचिव सरदार बलदेव सिंह सैनी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि बाजार जाते समय अपने साथ कपड़े का थैला लेकर जाए तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे। छोटी-छोटी आदतों में बदलाव लाकर हम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा योगदान दे सकते हैं। थैला वितरण कार्यक्रम में रामपाल सरोहा, धर्म सिंह जोगनाखेड़ा, के सी वर्मा, कुलदीप सिंह सैनी ,शिव किरमच,रामपाल डाबर इत्यादि ने बढ़ चढ़कर सहयोग दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों ने पॉलिथीन का उपयोग न करने तथा कपड़े के थैले का अधिक से अधिक प्रयोग करने का संकल्प लिया।

## नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए करवाएं पंजीकरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)**
नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत युवाओं एवं नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूक करने और स्वस्थ व सकारात्मक जीवन शैली अपनाने को प्रेरित करने के उद्देश्य से 30 जुलाई को प्रातः 11 बजे द सिरसा स्कूल बरनाला रोड सिरसा में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी माई भारत के आधिकारिक पोर्टल / पर जाकर अपना पंजीकरण 30 तक करवा सकते हैं। इसी क्रम में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत द्वारा नशा मुक्त युवा से विकसित भारत अभियान के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का



आयोजन किया जा रहा है। मेरा युवा भारत के जिला युवा अधिकारी धनपत ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य युवाओं में नशा के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा नृत्य, गायन, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग, वाद-विवाद, रील मेकिंग, नारा लेखन तथा कविता लेखन प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं। उन्होंने जिले के सभी पात्र युवाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर नशा मुक्त भारत और विकसित भारत के निर्माण के इस अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

**जागरूकता**

**11 बजे द सिरसा स्कूल बरनाला रोड सिरसा में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा**

## गुहला एसडीएम ने दुसेरपुर गांव में तालाब जीर्णोद्धार कार्य का किया निरीक्षण

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** एसडीएम गुहला मनीष कुमार यादव ने मंगलवार को ग्राम दुसेरपुर में चल रहे तालाब जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति, गुणवत्ता तथा निर्माण कार्य में अपनाए जा रहे मानकों का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि तालाब जीर्णोद्धार का कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा कार्य में गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। एसडीएम मनीष यादव ने कहा कि तालाबों का संरक्षण के साथ-साथ भूजल स्तर को बनाए रखने और वर्षा जल संचयन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें तथा सभी तकनीकी मानकों का पूर्ण पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि तालाबों के जीर्णोद्धार से ग्रामीण क्षेत्र में जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और पर्यावरण संतुलन मजबूत होगा। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



**पर्यावरण**

**जीर्णोद्धार से ग्रामीण क्षेत्र में जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और पर्यावरण संतुलन मजबूत होगा**


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें। फोन : 73476708

वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। रूद्राश 9815119633, 9855577523

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें। फोन : 7087033731

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## बेदखली सूचना

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## न्यूज फ्लैश

### बाबैन में अवैध कॉलोनियों की भरमार, सुविधाओं के नाम पर लोगों से हो रही है ठगी, कॉलोनी बने सालों गुजर जाने के बाद भी नहीं बनी है गलियां



**बाबैन, 28 जुलाई (विजय कौशिक) :** बाबैन क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों का जाल तेजी से फैलता जा रहा है। विभिन्न कॉलोनाइजर लोगों को आकर्षक सुविधाओं और सुनहरे भविष्य के सपने दिखाकर प्लॉट खरीदने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आ रही है। प्लॉट बेचने के बाद अधिकांश कॉलोनाइजर अपने किए गए वादों से मुकर जाते हैं और क्षेत्र से गायब हो जाते हैं, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जानकारी के अनुसार कई कॉलोनाइजर कॉलोनियों में पक्की सडकें, सीवरेज व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, बिजली, पार्क, स्ट्रीट लाइट तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के बड़े-बड़े दावे करते हैं। इन दावों पर विश्वास कर लोग भी अपनी जीवनभर की जमा पूंजी लगाकर प्लॉट खरीद लेते हैं, लेकिन प्लॉटों की बिक्री पूरी होते ही कॉलोनाइजर लोगों की समस्याओं से किनारा कर लेते हैं। क्षेत्र में पहले से विकसित की गई कई कॉलोनियों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। इन कॉलोनियों में रहने वाले लोग आज भी कच्ची सडकों, जलभराव, सीवरेज की कमी, पेयजल संकट और बिजली संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं। बरसात के मौसम में हालात और भी बदतर हो जाते हैं। सडकों पर पानी भर जाने से लोगों का आवागमन प्रभावित होता है तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा भी बढ़ जाता है। कॉलोनी निवासियों का कहना है कि प्लॉट खरीदते समय उन्हें आधुनिक सुविधाओं से युक्त कॉलोनी का सपना दिखाया गया था, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी अधिकांश सुविधाएं कागजों तक ही सीमित हैं। इन कालोनियों में रहने वाले लोगों का आरोप है कि कई कॉलोनियां बिना आवश्यक स्वीकृतियों और नियमों का पालन किए विकसित की गई हैं। जागरूक नागरिकों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभागों से मांग की है कि अवैध कॉलोनियां काटने वाले कॉलोनाइजरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही ऐसी कॉलोनियों की जांच कर यह सुनिश्चित किया जाए कि वे सभी कानूनी मानकों और सरकारी नियमों के अनुरूप विकसित की गई है या नहीं। नागरिकों ने प्रशासन से लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने की भी मांग की है। पहले से अविकसित कालोनियों में रहने वाले लोगों ने कहा है कि किसी भी कॉलोनी में प्लॉट खरीदने से पहले उसकी वैधता, लाइसेंस, स्वीकृत नक्शा, रजिस्ट्री संबंधी दस्तावेज तथा संबंधित विभागों की मंजूरी की पूरी जांच अवश्य करें। थोड़ी सी सावधानी लोगों की मेहनत की कमाई को सुरक्षित रखने में मददगार साबित हो सकती है।

### मैसिव प्लांटेशन ड्राइव के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा व सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव के मार्गदर्शन में मैसिव प्लांटेशन ड्राइव के तहत स्वर्ण वाटिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल घरौंडा व राजकीय माध्यमिक विद्यालय डींगर माजरा में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में इंस्पेक्टर राजेश लता ने विद्यार्थियों को यौन उत्पीड? अधिनियम की जानकारी दी और उत्पीड? के मामलों को रिपोर्ट करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को मौलिक कर्तव्यों व अधिकारों की भी जानकारी दी। अधिकारों का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा उन्होंने विद्यार्थियों को पोषक आहार लेने, नशीले व मादक पदार्थों व जंक फूड से दूर रहने की बात कही। इसी कड़ी में पैनल अधिवक्ता जतिन्द्र सिंह ने गांव डाबरथला व गांव नीलोखेड़ी में डोर टू डोर कार्यक्रम का आयोजन कर पौधारोपण के लिए प्रेरित किया।

# समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता, महापौर ने फिर किया जनसंवाद

**जनसंवाद**

- निगम कार्यालय में हुई जनसुनवाई, महापौर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** आमजन की समस्याओं के समाधान और जनता से निरंतर संवाद की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए महापौर रेणु बाला गुप्ता ने मंगलवार को नगर निगम स्थित अपने कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं, सुझाव और क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषय महापौर के समक्ष रखे।

महापौर ने सभी नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों द्वारा उठाए गए मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

जनसुनवाई के दौरान सडक निर्माण एवं मरम्मत, सफाई व्यवस्था, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट, सीवरेज व्यवस्था, पार्कों के रखरखाव सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विषयों पर नागरिकों ने अपनी बात रखी। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना नगर निगम की जिम्मेदारी है और इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि जनसुनवाई केवल शिकायतें सुनने का माध्यम नहीं, बल्कि जनता और प्रशासन के बीच विश्वास को मजबूत करने का महत्वपूर्ण मंच है। नागरिकों की समस्याओं को समझकर उनका समाधान करना ही सुशासन की वास्तविक भावना है। उन्होंने कहा कि करनाल शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुविधायुक्त बनाने के लिए नगर निगम द्वारा लगातार योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर के विकास में आमजन की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। नागरिकों के सुझाव और सहयोग से विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र से संबंधित समस्याओं और सुझावों को नगर निगम के समक्ष रखें। ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

## 15 साल से बने शौचालय बने शोपीस, टोल वसूली जारी

**पिंजौर, मैनपाल।** पिंजौर-शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल प्लाजा के पास लगभग 15 वर्ष पहले बनाए गए दो सार्वजनिक शौचालय आज भी यात्रियों के किसी काम नहीं आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि करोड़ों रुपये की टोल वसूली के बावजूद इन शौचालयों में आज तक पानी, सफाई, बिजली और नियमित संचालन जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हर दिन हजारों वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं और यात्रियों से नियमित रूप से टोल शुल्क लिया जाता है, लेकिन सुविधा के नाम पर केवल बंद पड़े शौचालय दिखाई देते हैं। विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है।लोगों ने आरोप लगाया कि टोल वसूलने वाली एजेंसी और संबंधित विभाग यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि टोल लिया जा रहा है तो यात्रियों को स्वच्छ एवं उपयोगी शौचालय, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ठलअक) से मांग की है कि बंद पड़े शौचालयों को तुरंत चालू कराया जाए, नियमित सफाई और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो इस मुद्दे को लेकर आंदोलन किया जाएगा।

जब इस बारे में शिवालिक विकास बोर्ड के अध्यक्ष विजय बंसल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जनता से करोड़ों रुपए टोल टैक्स का वसूला जाता है और सुविधा देने के नाम पर ठेंगा दिखाया जा रहा है ऐसे में आम जनता क्या करेगी जिस कंपनी को टोल के लिए दे रखा है उसे कंपनी को चाहिए कि वह यह सुविधा आम जनता को दे यदि नहीं तो इसके ऊपर कारवाई भी जरूर करवाएंगे

### सीआईए की बड़ी स्ट्राइक, 4.40 लाख की नकदी समेत 4 जुआरी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**आशीष श्रीवास्तव, अंबाला।** अंबाला में अवैध गतिविधियों और जुआ माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अंबाला पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस अधीक्षक अंबाला अजीत सिंह शेखावत के सख्त दिशा-निदेशों पर कार्रवाई करते हुए सीआईए-01 पुलिस ने छापेमारी में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 4.40 लाख रुपये की जुआ राशि बरामद की गई है। पकड़े गए सभी आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# 10 हजार रिश्वत लेते हुए एएसआई गिरफ्तार

**गिरफ्तार**

- जमीन विवाद समझौते में मांगे थे 20 हजार, 10 हजार पहले ले चुका



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के कुंजपुरा थाना में तैनात एक असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर को एंटी करप्शन ब्यूरो ने 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिसकर्मी पर जमीन के रास्ते के विवाद में कार्रवाई करने के बदले पैसे लेने का आरोप है। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने जाल बिछाकर उसे काबू कर लिया। टीम उससे पूछताछ की जा रही है। फिलहाल एसीबी की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। जानकारी के अनुसार आरोपी दो महीने पहले ही एचसी (हेड कांस्टेबल) से एएसआई के पद पर प्रमोट हुआ था।

रिंडल गांव के शिकायतकर्ता ऋषिपाल ने बताया कि उनके गांव में जमीन के रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। इस संबंध में उन्होंने पुलिस थाने में शिकायत दी थी और मौके पर जांच की मांग की थी, लेकिन संबंधित सब इंस्पेक्टर ने कोई सुनवाई नहीं की। इसके बाद गांव के लोगों के दबाव में 20 हजार रुपए में समझौता कराया गया, हालांकि पहले 50 हजार की डिमांड की गई थी।

ऋषिपाल के अनुसार 10 हजार रुपए एक दिन पहले और 10 हजार रुपए आज दिए गए। दोनों ही बार पैसे थाने के रसोईघर में असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर अनुज को दिए गए। आरोपी लगातार मामले को टाल रहा था और कोई कार्रवाई नहीं कर रहा था। जब शिकायतकर्ता को पता चला कि आरोपी रिश्वत ले रहा है तो उसने एसीबी से संपर्क किया।

### ऑनलाइन टास्क ठगी गिरोह का पर्दाफाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में पुलिस की साइबर थाना टीम ने ऑनलाइन टास्क के नाम पर लोगों को ठगने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 32 हजार रुपए नकद और वारदात में इस्तेमाल किए गए 2 मोबाइल बरामद किए गए हैं। पुलिस ने तकनीकी जांच और बैंक लेनदेन के आधार पर आरोपियों तक पहुंच बनाई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जसवंत पुत्र निहाल निवासी माजरा मरदान, गदरपुर जिला ऊधम सिंह नगर (उत्तराखंड), लखविंदर पुत्र पाल सिंह निवासी गांव मचियागढ़, रामपुर और रवि कुमार पुत्र प्रेम दास निवासी गांव स्कैनिया, गदरपुर जिला ऊधम सिंह नगर (उत्तराखंड) के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नकदी और मोबाइल फोन बरामद किए।

मामले के जांच अधिकारी ने बताया कि थाना साइबर करनाल में अनुभव शुक्ला निवासी करनाल की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था।

## जिले की एक्सपोर्ट प्रोफाइल व एक्सपोर्ट एक्शन प्लान जल्द करें तैयार : डा. राहुल रईया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** एडीसी डॉ. राहुल रईया ने कहा कि जिला को निर्यात के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने के लिए स्थानीय उत्पादों, उद्योगों तथा उद्यमियों को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। इसके लिए सभी विभाग एवं संस्थान आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्यात को बढ़ावा देने वाली योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।



एडीसी मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला को एक्सपोर्ट हब बनाने के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समन्वय को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले की विस्तृत एक्सपोर्ट प्रोफाइल तैयार की जाए तथा जिले के सभी निर्यातकों (एक्सपोर्टर्स) की सूची तैयार की जाए, ताकि जिला को एक्सपोर्ट हब के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्यातकों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र उद्यमी तक पहुंचाया जाए तथा जिले की निर्यात क्षमता का व्यापक आकलन करते हुए नए उत्पादों और नए बाजारों की पहचान की जाए।

एडीसी ने कहा कि निर्यात बढ़ाने में आने वाली चुनौतियों को चिन्हित कर उनका समयबद्ध समाधान किया जाए, जिससे जिले के व्यापार को नई गति मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला एक्सपोर्ट एक्शन प्लान शीघ्र तैयार किया जाए तथा इसकी समीक्षा के लिए प्रत्येक माह नियमित बैठक आयोजित की जाए। उन्होंने उपस्थित निर्यातकों से कहा कि प्रशासन के स्तर पर जिन समस्याओं का समाधान संभव है, उन्हें लिखित रूप में प्रस्तुत करें, ताकि संबंधित विभागों के माध्यम से उनका शीघ्र समाधान कराया जा सके।

बैठक में एमएसएमई विभाग के संयुक्त निदेशक रितुल, एमएसएमई डीएफओ की सहायक निदेशक मीनू दीवान, एलडीएम सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## ग्लोब हेरिटेज ने क्रिकेट चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त कर परचम लहराया

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाड़वा 28, जुलाई (विजय कौशिक)** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने क्रिकेट चैंपियनशिप में परचम लहराया। स्कूल के खेलकूद विभाग के अध्यापक संजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि तोपखाना ग्राउंड अम्बाला में सी डी हाई स्कूल अम्बाला की तरफ से डी एम ए क्रिकेट लीग आयोजित की गयी। जिसमें ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल की अंडर 14 बॉयज क्रिकेट टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल का व क्षेत्र का नाम रोशन किया।




सार्थक को चैंपियनशिप के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज व हर्षित को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज पुरस्कार से नवाजा गया। खवीश सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक और रूद्र को सर्वश्रेष्ठ खिलाडी के पुरस्कार से नवाजा गया। स्कूल में पहुँचने पर विजेताओं का स्वागत किया गया। विजेताओं का स्वागत करने के पश्चात प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने खिलाडियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि जिन विद्यार्थियों ने इस चैंपियनशिप में भाग लिया वो सभी बधाई के पात्र हैं व टीम के प्रशिक्षक बच्चों को इतनी मेहनत कराने के लिए सराहना के पात्र हैं। उन्होंने इस जीत को ग्लोब हेरिटेज फैमिली की जीत बताते हुए कहा कि स्कूल में शैक्षिक अध्ध्यन के साथ बच्चों के शारीरिक विकास के लिए खेलकूद, मानसिक विकास के लिए आर्ट एवं क्राफ्ट व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर बच्चों को प्रतिभागिता हमेशा कराई जाती रहेगी।

### घर का ताला तोड़कर 7 लाख का सोना चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**आशीष श्रीवास्तव,अंबाला।** काजीवाड़ा स्थित 4410/3 निवासी नीलम शर्मा पत्नी स्व. भूषण प्रकाश शर्मा के घर सोमवार शाम अज्ञात चोरों ने दरवाजा तोड़कर लगभग 7 लाख रुपये का सोना चोरी कर लिया।सूचना मिलते ही अंबाला शहर थाना प्रभारी सुनीता ढाका, पुलिस चौकी 4 प्रभारी सुबे सिंह, सीआईए स्टाफ और सीन ऑफ क्राइम की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। नीलम शर्मा के दामाद और एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने बताया कि चोर 5 तोला सोना लेकर फरार हो गए।

## पौधारोपण के साथ पौधों का संरक्षण जिम्मेदारी के साथ किया जाए : डा. मीतू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** राजकीय महिला महाविद्यालय, बसताड़ा की प्राचार्या कमलेश रानी एवं कार्यवाहक प्राचार्या दीपा ढुल के दिशा-निर्देशन में चल रहे चार दिवसीय वृक्षारोपण अभियान के दूसरे दिन मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीतू चावला, इको क्लब तथा वृक्षारोपण समिति की संयोजिका रेणु कुमारी के कुशल नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की एनएसएस स्वयंसेविकाओं एवं अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया।



एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीतू चावला ने विद्यार्थियों को लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण तभी सार्थक माना जाएगा, जब लगाए गए पौधों का संरक्षण भी पूरी जिम्मेदारी के साथ किया जाए।

वृक्षारोपण समिति की संयोजिका रेणु कुमारी ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यवाहक प्राचार्या दीपा ढुल ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने तथा आने वाली पीढियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं हरित वातावरण प्रदान करने का प्रभावी माध्यम है।

उन्होंने बताया कि आज आयोजित पौधारोपण अभियान के दौरान महाविद्यालय के अध्यापकों एवं विद्यार्थियों द्वारा लगभग 70 पौधे लगाए गए। महाविद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि लगाए गए सभी पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें विकसित किया जाएगा, ताकि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक योगदान दे सके।

## कोणार्क अकादमी के 190 खिलाड़ियों का जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाड़वा 28, जुलाई (विजय कौशिक) :** खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में द कोणार्क अकादमी, लाडवा के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय के 190 खिलाड़ियों का जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ी एथलेटिक्स, शूटिंग, बास्केटबॉल, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, शतरंज तथा अन्य विभिन्न खेल विधाओं में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

विद्यालय परिवार के लिए यह उपलब्धि अत्यंत गौरवपूर्ण है।




उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी कोणार्क अकादमी के खिलाड़ियों ने क्षेत्र एवं विद्यालय का नाम रोशन करते हुए जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की थी। इस वर्ष भी खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय की खेल परंपरा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है।

विद्यालय के निदेशक महोदय रर शर्मा ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, संघर्षशीलता और टीम भावना का विकास करते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कोणार्क अकादमी के खिलाड़ी आगामी जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, क्षेत्र और हरियाणा का गौरव बढ़ाएँगे। उन्होंने कहा कि विद्यालय का लक्ष्य केवल राज्य या राष्ट्रीय स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाले समय में कोणार्क अकादमी के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत का तिरंगा शान से फहराएँगे और देश का नाम विश्वभर में रोशन करेंगे।

विद्यालय की प्रधानाचार्या ने सभी चयनित खिलाड़ियों, उनके प्रशिक्षकों तथा अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में अभिभावकों का सहयोग और विश्वास अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी खिलाड़ी पूरी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ आगामी प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

190 खिलाड़ियों के जिला स्तर पर चयन की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से समूचे कोणार्क परिवार में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। विद्यालय के शिक्षकों, प्रशिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने चयनित खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि कोणार्क अकादमी आने वाले वर्षों में भी खेल एवं शिक्षा के क्षेत्र में नई उपलब्धियाँ अर्जित कर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा।

## हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव मीना कंबोज ने संभाला पदभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी की मौजूदगी में मानद महासचिव मीना कंबोज ने मंगलवार को पदभार संभाला लिया है। पदभार ग्रहण कार्यक्रम हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ कार्यालय में हुआ। इस जिम्मेदारी के लिए मीना कंबोज ने मुख्यमंत्री और पार्टी नेतृत्व का आभार जताया। कार्यक्रम में हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष उषा प्रियदर्शिनी समेत कई चेयरमैन व नेता मौजूद रहे।



बता दें कि मीना कंबोज करनाल भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष समेत संगठन में भूमिका निभा चुकी है। मीना कंबोज ने कहा कि जरूरतमंद बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा व सुरक्षा के लिए ज्यादा से ज्यादा काम किए जाएंगे।

## संपादकीय

# कांवड़ यात्रा : भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर

**सावन** महीने की शुरूआत होते ही हिमालय से लेकर कन्याकुमारी तक, गंगा गंगोत्री से लेकर रामेश्वरम तक सम्पूर्ण भारत शिवमय हो उठता है। सावन माह में श?िवभक्तों की विशाल पदयात्राएं जो कांवड़ यात्रा के नाम से जानी जाती है, भारतीय संस्कृति की जीवंतता का अनुपम दृश्य प्रस्तुत करती हैं। कंधों पर सुसज्जित कांवड़, मुख पर ₹बोल बमर₹ का उद्घोष, हृदय में भगवान शिव के प्रति अनन्य भक्ति। यही है कांवड़ यात्रा का वास्तविक स्वरूप। कांवड़ यात्रा केवल एक सामान्य यात्रा नहीं है बल्कि ये तपस्या, भक्ति और श्रद्धा की वह गाथा है जो शताब्दियों से चली आ रही है। धर्मशास्त्रों के अनुसार जब कांवड़ से जुड़े दोनों पात्र जिन्हें ब्रह्मघट और विष्णुघट कहा जाता है, पवित्र जल से भर लिए जाते हैं, उन्हें एक बांस की डण्डी के सहारे सजा-धजा कर और पूजित कर स्थापित कर दिया जाता है। धर्मशास्त्रों के अनुसार रूद्र अर्थात शिव बांस में समाहित हैं। कांवड़िया कांवड़ के माध्यम से साक्षात ब्रह्मा, विष्णु, शिव, तीनों की कृपा एक साथ प्राप्त करते हैं। भारत में दो कांवड़ यात्राएं होती हैं, दिल्ली से उत्तराखंड-गंगोत्री, ऋषिकेश या हरिद्वार तक की कांवड़ यात्रा और बिहार और झारखंड में सुल्तानगंज से देवघर तक की कांवड़ यात्रा। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश से सैकड़ों-हजारों लोग, युवा से लेकर बुजुर्ग तक, जिनमें महिलाएं और कभी-कभी बच्चे भी कांवड़ यात्रा में भाग लेते हैं। कंधों पर लटका पवित्र जल भगवान शिव को समर्पित है, जिन्हें अक्सर भोला या भोले बाबा कहकर पुकारा जाता है। भोले का अर्थ भोलेनाथ, यानी भगवान शिव भी हो सकता है। इसलिए, तीर्थयात्री भोला और भोले हैं! वर्तमान में, कांवड़ यात्रा विश्व की सबसे बड़ी धार्मिक पदयात्राओं में मानी जाती है। आधुनिक समय में इसकी भव्यता अत्यधिक बढ़ी है, किंतु इसकी आध्यात्मिक जड़ें वैदिक एवं पौराणिक परंपराओं में गहराई तक समाई हुई हैं। प्राचीन ग्रंथों में कांवड़ यात्रा का उल्लेख प्रायः किया जाता है। यह प्रश्न बार-बार पूछा जाता है कि ₹कांवड़ यात्रा₹ का उल्लेख किस ग्रंथ में मिलता है? इसका उत्तर थोड़ा सूक्ष्म है। ₹कांवड़₹ शब्द अपने वर्तमान अर्थ में पुराणों में प्रत्यक्ष रूप से नहीं मिलता। किंतु पवित्र नदी से जल लाकर भगवान शिव का अभिषेक करने की परंपरा का वर्णन अनेक पुराणों में स्पष्ट रूप से मिलता है। वर्तमान कांवड़ यात्रा उसी प्राचीन शिवाभिषेक परंपरा का आधुनिक स्वरूप मानी जाती है। अर्थात कांवड़ यात्रा का भाव पुराण सम्मत है, जबकि ₹कांवड़₹ शब्द अपेक्षाकृत उत्तरकालीन लोक प्रचलित नाम है। ₹कंवार₹ शब्द की व्युत्पत्ति, जिसका अर्थ ₹कंधा₹ है। कांवड़ में दूर-दूर से पवित्र नदियों, खासकर गंगा का जल भरकर लाते हैं। इसे पैदल यात्रा करते हुए शिवलिंग पर चढ़ाते हैं। इस संकल्प यात्रा में सबसे महत्वपूर्ण होता है कांवड़ को अपने कंधे पर उठाकर ले जाना। यह कोई साधारण परंपरा नहीं है।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001


**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# जन स्मृतियों में आज भी जिंदा हैं जिम कॉर्बेट

प्रयाग पाण्डे

"1893 से 1914 के दौरान मोकामाघाट में रेलवे की नौकरी के कालखंड को छोड़कर जिम कॉर्बेट का अधिकांश जीवन नैनीताल और कालाढूंगी में ही बीता। जिम कॉर्बेट भारत भूमि और भारत के गरीबों से बेपनाह मोहब्बत करते थे। जिम कॉर्बेट ने अपनी बहुचर्चित किताब ₹माय इंडिया₹ हिंदुस्तान के गरीबों को समर्पित की है। जिम कॉर्बेट ने माय इंडिया की प्रस्तावना में लिखा है :- ₹जिस हिंदुस्तान को मैं जानता हूँ, उसमें चालीस करोड़ लोग रहते हैं, जिनमें से नब्बे फीसदी लोग सीधे-सादे, ईमानदार, बहादुर, वफादार और मेहनती हैं"



प्रकृति के सजग चितेरे, वन्यजीव विज्ञानी, शिकार कथाओं के लेखक और प्रसिद्ध शिकारी जेम्स एडवर्ड कॉर्बेट यानी जिम कॉर्बेट का 25 जुलाई को 151वाँ जन्मदिन है। जिम कॉर्बेट भले ही शारीरिक रूप से अब दुनिया में नहीं हैं। उन्होंने 79 वर्ष पहले भारत को अलविदा कह दिया था। 71 वर्ष पूर्व उनकी आत्मा अनंत में विलीन हो चुकी है। इसके बावजूद अपनी नेकदिली और भलमनसाहत के चलते जिम कॉर्बेट भारत के सामाजिक जीवन का अटूट हिस्सा बने हुए हैं। जिम कॉर्बेट को मानवीय गुणों से सुसंपन्न, भारत एवं भारत के गरीबों के आत्मीय दोस्त और शुभचिंतक के रूप में आज भी याद किया जाता है। जिन लोगों ने जिम कॉर्बेट को कभी देखा नहीं, वे भी गरीबों से अगाध प्रेम करने वाले नेक दिल इंसान के रूप में जिम के प्रति श्रद्धा रखते हैं, प्रतिवर्ष उनका जन्मदिन और पुण्यतिथि मनाते हैं। जिम की उदारता के लिए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। जेम्स एडवर्ड कॉर्बेट के पुरखे मूलतः आयरिश नागरिक थे। कॉर्बेट का कुटुंब तीन पीढ़ियों तक भारत में रहा। जिम कॉर्बेट का जन्म 25 जुलाई,1875 को नैनीताल में हुआ था। इस दृष्टि से वे जन्म से भारतीय थे। संस्कारों से भी। जिम के पिता का नाम क्रिस्टोफर विलियम कॉर्बेट था। वे नैनीताल के हेड पोस्ट ऑफिस में पोस्ट मास्टर थे। उनकी माँ का नाम मैरी जेन कॉर्बेट था।

जिम, क्रिस्टोफर विलियम कॉर्बेट और मैरी जेन की आठवीं, क्रिस्टोफर विलियम कॉर्बेट की ग्यारहवीं जबकि मैरी जेन की बारहवीं संतान थे।

जिम कॉर्बेट की ख्याति एक कुशल शिकारी और शिकार कथाओं के रूप में है, लेकिन यह उनके व्यक्तित्व का अधूरा पक्ष है। वे अचूक निशानेबाज तो थे ही, इसी से उन्हें अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली। इसके इतर वे गरीबों के प्रति अत्यधिक उदार और मानवीय गुणों से भरे संवेदनशील भलमानुष भी थे। उन्होंने अनेक बार स्वयं के जीवन को गंभीर संकट में डालकर मानव जीवन की रक्षा की। गरीबों के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहे। इसी भलमनसाहत के चलते जिम कॉर्बेट के जन्म से ईसाई होने के बावजूद उत्तराखंड की धर्मभीरू जनता ने उन्हे 'गोरा साधु' की संज्ञा दी थी।

जिम कॉर्बेट ने स्वयं संघर्षपूर्ण जीवन जिया। व्यक्तिगत जीवन में अनेक संकट झेले, लेकिन जनता के व्यापक हित में अपने निजी और पारिवारिक कष्टों को नजरअंदाज कर दिया। जिम कॉर्बेट ने करीब डेढ़ हजार लोगों को मारने के लिए जिम्मेदार दर्जन भर से अधिक खूंखार नरभक्षियों का अत्यंत साहस और बहादुरी के साथ मुकाबला किया। अपने प्राणों की परवाह किए बिना नरभक्षियों से लड़े। जिन आदमखोरों के सामने देश- विदेश के अनेक नामचीन निशानेबाजों ने हथियार डाल दिए थे, जिम कॉर्बेट ने अकेले उनका खात्मा कर उत्तराखंड के निवासियों को नरभक्षियों के आतंक से मुक्ति दिलाई। नरभक्षियों को ठिकाने लगाने में उनके द्वारा दिखाए गए अदम्य साहस को देखते हुए उत्तराखंड का जनमानस जिम कॉर्बेट को चमत्कारिक शक्ति से संपन्न व्यक्ति मानता था। जिम कॉर्बेट के जीवन का अधिकांश हिस्सा कुदरत के निकट सान्निध्य में बीता। उन्होंने जंगल को अपने भीतर सोख लिया था। उनका संपूर्ण जीवन प्रकृति के सूक्ष्म और गहन रहस्यों को जानते और आत्मसात करने में बीता। स्वअर्जित जंगल ज्ञान के बूते ही वे प्रकृति के ज्ञाता बने और दुर्दांत नरभक्षियों को मारने में सफल हुए। जिम कॉर्बेट का व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे प्रकृति विज्ञानी, वन्यजीव विशेषज्ञ एवं मशहूर शिकारी थे साथ ही वन्यजीव रक्षक भी। उन्होंने रेलवे में नौकरी की। सेना में भी सेवाएं दी। जिम कॉर्बेट को सेना में कर्नल की पदवी से नवाजा गया था। वे लोकप्रिय जनप्रतिनिधि भी रहे। जिम कॉर्बेट ने 1907 से 1940 के कालखंड में नैनीताल नगर पालिका के सदस्य, उपाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कार्यवाहक अध्यक्ष के दायित्वों का निर्वहन किया। वे ठेकेदार भी थे और संपत्ति एजेंट भी। जिम सिद्धहस्त लेखक भी थे और प्रसिद्ध वन्यजीव फोटोग्राफर भी। जिम की तत्कालीन अंग्रेज शासकों के साथ निकटता भी थी और वे भारत के गरीबों के अजीज दोस्त एवं हमदर्द भी थे। जिम कॉर्बेट के व्यक्तित्त्व का सबसे उजला पक्ष था- उनकी दानशीलता और गरीबों के प्रति आत्मीयता।

1893 से 1914 के दौरान मोकामाघाट में रेलवे की नौकरी के कालखंड को छोड़कर जिम कॉर्बेट का अधिकांश जीवन नैनीताल और कालाढूंगी में ही बीता। जिम कॉर्बेट भारत भूमि और भारत के गरीबों से बेपनाह मोहब्बत करते थे। जिम कॉर्बेट ने अपनी बहुचर्चित किताब "माय इंडिया" हिंदुस्तान के गरीबों को समर्पित की है। जिम कॉर्बेट ने "माय इंडिया" की प्रस्तावना में लिखा हैः- "जिस हिंदुस्तान को मैं जानता हूँ, उसमें चालीस करोड़ लोग रहते हैं, जिनमें से नब्बे फीसदी लोग सीधे- सादे, ईमानदार, बहादुर, वफादार और मेहनती हैं,जिनकी रोजाना की इबादत- ऊपर वाले से और जो भी सरकार गद्दी पर हो, से यही रहती है कि उनकी जान-माल की सलामती बनी रहे और वो अपनी मेहनत का फल अच्छे से खा सकें। हिंदुस्तान के ये वो लोग हैं, जो निपट गरीब हैं और जिन्हें अक्सर 'हिंदुस्तान के करोड़ों अधपेटे' कहा जाता है। ये वे लोग हैं जिनके बीच मैं रहा हूँ और जिनसे मैं मोहब्बत करता हूँ। यही वो लोग हैं जिनके बारे में बताने की कोशिश मैं इस किताब के पन्नों में करूँगा,और यह किताब मैं अपने उन्हीं दोस्तों के नाम करता हूँ। हिंदुस्तान के गरीबों के नाम।"जिम कार्बेट और उनकी बहन मारग्रेट विनिफर्ड "मैगी" ने 30 नवंबर, 1947 को भारी मन से नैनीताल को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया था। वे रोते- बिलखते सेवकों को छोड़कर केन्या की ओर चल पड़े। जिम कॉर्बेट और मैगी कभी नैनीताल नहीं छोड़ना चाहते थे। नैनीताल छोड़ते समय अपनी मनोदशा के बारे में जिम कॉर्बेट की बहन मैगी ने केन्या से अपने किसी मित्र को भेजे पत्र में लिखा थाः-"जिस सुबह हम निकलने वाले थे,सुबह सबसे पहले हमने तालाब को देखा, सुबह की रोशनी में तालाब बेहद खूबसूरत दिख रहा था। तालाब की इस खूबसूरती को शब्दों में व्यक्त कर पाना असंभव है। हमारे नौकरों ने हमारा जाना आसान नहीं किया, वे रो रहे थे। उनके आंसू गालों से नीचे को लुढ़क रहे थे।जब हम पहाड़ी से नीचे उतर रहे थे, हमने मुड़कर उस घर (गर्नी हाउस) को देखा, जिस घर को अब हम दुबारा कभी नहीं देख पाएंगे।"

जिम कॉर्बेट बेहतरीन शिकारी ही नहीं बल्कि उच्चकोटि के आदर्शवादी इंसान भी थे। जिम कॉर्बेट ने दर्जनों आदमखोर बाघ,तेंदुए और शेरों को उनके अंतिम अंजाम तक पहुँचाया, लेकिन वे आमदखोर जानवर को भी अपने बचाव का भरपूर अवसर देने के प्रबल पक्षधर थे। जिम कॉर्बेट के इस उच्च स्तरीय आदर्शवादिता को एक वाकये से बखूबी समझा जा सकता है। जब जिम कॉर्बेट मोहान के खूंखार नरभक्षी शेर को मारने के लिए घने जंगल में अकेले उसका पीछा कर रहे थे, एकाएक एक गहरी संकरी खाई में जिम कॉर्बेट और नरभक्षी शेर का प्रत्यक्ष आमना- सामना हो गया। शेर, चारे के रूप में लगाए गए कटड़े को खा कर संकरी खाई में टूटे वृक्ष के तने के नीचे आराम फरमा रहा था। नरभक्षी को खोजते हुए जिम उसके बेहद करीब पहुँच गए।

# लंबी उम्र, लेकिन जीवन स्वस्थ क्यों नहीं? ..

मान लो "यदि किसी व्यक्ति की आयु 80 वर्ष है, लेकिन अंतिम 10झ15 वर्ष अस्पतालों, दवाइयों और दूसरों पर निर्भरता में बीतते हैं, तो क्या इसे वास्तविक प्रगति कहा जा सकता है?" यही प्रश्न आज पूरे विश्व के सामने खड़ा है। पिछले कुछ दशकों में चिकित्सा विज्ञान ने औसत जीवन-प्रत्याशा बढ़ाने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। भारत सहित अधिकांश देशों में लोग पहले की तुलना में अधिक समय तक जीवित रह रहे हैं। किंतु इसके साथ एक चिंताजनक प्रवृत्ति भी तेजी से उभरकर सामने आई है! लोग अधिक वर्ष तो जी रहे हैं, परंतु जीवन के अंतिम 8 से 10 वर्ष गंभीर बीमारियों, शारीरिक अक्षमता और मानसिक तनाव के बीच बिताने को विवश हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अन्य वैश्विक स्वास्थ्य अध्ययनों में बार-बार यह तथ्य सामने आया है कि जीवन-प्रत्याशा बढ़ने के बावजूद स्वस्थ जीवन-प्रत्याशा उतनी तेजी से नहीं बढ़ी। अर्थात मनुष्य की आयु तो बढ़ रही है, लेकिन स्वस्थ रहने के वर्ष अपेक्षाकृत कम हैं।इसका सबसे बड़ा कारण बदलती जीवनशैली है।

आधुनिक जीवन ने मनुष्य को सुविधाएं तो दी हैं, लेकिन शारीरिक श्रम छीन लिया है। घंटों कुर्सी पर बैठकर काम करना, मोबाइल और कंप्यूटर पर निर्भरता, जंक फूड, अत्यधिक चीनी और नमक का सेवन, नींद की कमी तथा मानसिक तनाव ने शरीर की प्राकृतिक प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर दिया है। परिणामस्वरूप मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, कैंसर, गठिया, किडनी रोग, फैटी लिवर और अल्जाइमर जैसी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। भारत भी इससे अछूता नहीं है। पहले संक्रामक रोग मृत्यु का प्रमुख कारण थे, लेकिन आज गैर-संचारी रोग सबसे बड़ी चुनौती बन चुके हैं। हृदय रोग, स्ट्रोक, मधुमेह और कैंसर देश में होने वाली अधिकांश मौतों और दीर्घकालिक विकलांगता के प्रमुख कारण हैं। इन बीमारियों का प्रभाव केवल वृद्धावस्था तक सीमित नहीं रहा; अब 35 से 50 वर्ष की आयु के लोग भी इनके शिकार हो रहे हैं। एक और महत्वपूर्ण कारण है - चिकित्सा विज्ञान की सफलता। पहले जिन बीमारियों से व्यक्ति की मृत्यु हो जाती थी, आज आधुनिक उपचार उन्हें लंबे समय तक जीवित रखता है। लेकिन कई बार यह अतिरिक्त जीवन पूर्णतः स्वस्थ नहीं होता, बल्कि दवाओं, नियमित जांच और चिकित्सकीय देखभाल पर निर्भर होता है। अर्थात चिकित्सा ने मृत्यु को टाल दिया है, किंतु हर स्थिति में पूर्ण स्वास्थ्य वापस नहीं ला पाई है। मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही गंभीर विषय बन चुका है। अकेलापन, अवसाद, चिंता, सामाजिक अलगाव और डिजिटल जीवनशैली ने वृद्धावस्था को और कठिन बना दिया है। संयुक्त परिवारों के विघटन के कारण अनेक बुजुर्ग भावनात्मक सहारे से भी वंचित हो रहे हैं!

## विचार

# मध्य प्रदेशः जंगल उजाड़ कर बाघ संरक्षण संभव नहीं

**उमंग सिंघार**

29 जुलाई को पूरी दुनिया अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस मनाती है। लेकिन मध्य प्रदेश में बाघ संरक्षण को विकास परियोजनाओं और भ्रष्टाचार के गठजोड़ से उजाड़ा जा रहा है। केन-बेतवा लिंक परियोजना, भोपाल का पश्चिमी बाईपास, विभिन्न सड़क और रेल परियोजनाएं तथा वन क्षेत्रों में तेजी से बढ़ता भूमि कारोबार यह संकेत देते हैं कि विकास की वर्तमान दिशा पर गंभीर पुनर्विचार की आवश्यकता है।

मध्य प्रदेश स्वयं को ₹टाइगर स्टेट₹ कहकर गौरवान्वित महसूस करता है। इसके लिए मैं सभी बाघ प्रेमियों को संरक्षण के प्रहरी के रूप में शुभकामनाएं देता हूँ , लेकिन सरकार से मेरे कुछ सवाल हैं। सरकार जिस तरह का प्रचार करती हैं और सरकार बाघों की संख्या बढ़ने के आंकड़े प्रस्तुत करती है और संरक्षण की उपलब्धियों का श्रेय लेती है, उसके उलट अंदर की सच्चाइयां कुछ और हैं । एक गंभीर प्रश्न आज हर नागरिक को पूछना चाहिए,क्या केवल बाघों की संख्या बढ़ा देना ही संरक्षण है, या उनके जंगल, प्राकृतिक गलियारे और आवास बचाना भी उतना ही आवश्यक है? आवास को उजाड़ कर बाघ संरक्षण नहीं हो सकता।

आज मध्य प्रदेश में बाघ संरक्षण को विकास परियोजनाओं और भ्रष्टाचार के गठजोड़ से उजाड़ा जा रहा है। कहना चाहिए सरकार खुले आम बाघ आवासों को उजाड़ रही हैं। केन-बेतवा लिंक परियोजना, भोपाल का पश्चिमी बाईपास, विभिन्न सड़क और रेल परियोजनाएं तथा वन क्षेत्रों में तेजी से बढ़ता भूमि कारोबार यह संकेत देते हैं कि विकास की वर्तमान दिशा पर गंभीर पुनर्विचार की आवश्यकता है।

केन-बेतवा परियोजना के नाम पर पन्ना टाइगर रिजर्व के महत्वपूर्ण हिस्से के डूबने की आशंका व्यक्त की गई है। लाखों पेड़ों की कटाई, हजारों हेक्टेयर वन क्षेत्र का नुकसान और बाघों सहित अनेक वन्यजीवों के आवास पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर वर्षों से विशेषज्ञ चिंता जता रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय की समिति ने केन बेसिन में अतिरिक्त जल की अवधरणा पर सवाल खड़े किये हैं। कई स्वतंत्र पर्यावरण विशेषज्ञों ने परियोजना के विभिन्न पहलुओं पर सवाल उठाए हैं। इनका उत्तर देने के बजाय सरकार ने उन्हें औपचारिक प्रक्रिया तक सीमित कर दिया। एक तरह से ये मामले की गंभीरता को समझे बिना नजरअंदाज करना है।

भोपाल का पश्चिमी बाईपास एक और चिंताजनक उदाहरण है। यह परियोजना उस वन्यजीव गलियारे से जुड़ी है जिसे विशेषज्ञ शहरी बाघों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानते हैं। इसी परियोजना को लेकर यह आरोप भी सामने आए हैं कि प्रस्तावित मार्ग के आसपास कुछ अधिकारियों द्वारा पहले जमीन खरीदी गई और बाद में परियोजना के कारण उसकी कीमतों में भारी वृद्धि हुई। इन आरोपों की सत्यता का निर्धारण केवल स्वतंत्र जांच ही कर सकती है। लेकिन जब इतने गंभीर आरोप सामने आए हों, तब सरकार की पहली जिम्मेदारी पारदर्शिता और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करना होती है, न कि मौन धारण करना।

सबसे बड़ी चिंता यह है कि यदि जनता के मन में यह धारणा बनने लगे कि विकास परियोजनाओं के निर्णय पर्यावरणीय आवश्यकता से अधिक भूमि मूल्य बढ़ाने या निजी हितों से प्रभावित हैं, तो शासन व्यवस्था की विश्वसनीयता कमजोर होती है। विकास का उद्देश्य कुछ लोगों की संपत्ति का मूल्य बढ़ाना नहीं, बल्कि समाज का संतुलित और न्यायपूर्ण विकास होना चाहिए।

सवाल केवल भ्रष्टाचार के आरोपों का नहीं है, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही का भी है। यदि किसी परियोजना के कारण बाघ गलियारे प्रभावित होते हैं, तो विस्तृत वैज्ञानिक अध्ययन सार्वजनिक क्यों नहीं किए जाते? यदि संरेखण बदले जाते हैं, तो उनके कारण जनता के सामने क्यों नहीं रखे जाते? यदि पर्यावरणीय प्रभाव आकलन हुआ है, तो उसकी पूरी जानकारी सार्वजनिक डोमेन में क्यों उपलब्ध नहीं होती? लोकतंत्र में पारदर्शिता विकल्प नहीं, अनिवार्यता है।

मध्य प्रदेश में पन्ना टाइगर रिजर्व को पुनर्जीवित करना संरक्षण की प्रेरक कहानी है तो दूसरी ओर वही सरकार ऐसी परियोजनाओं को बिना पर्याप्त पारदर्शिता और पर्यावरणीय सावधानी के आगे बढ़ाती है, जिनसे बाघों के आवास और प्राकृतिक गलियारे प्रभावित होने की आशंका है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः HARHIN / 2016 / 68417

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा 224, सेक्टर - 32 पी, यूई, ज़िला करनाल, हरियाणा से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी

समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)

स्थानीय संपादक : राजकुमार शर्मा ( 9671890000)

'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## ब्यूटी टिप्स

# अनचाहे बालों को हटाने के लिए अपनाएं देसी नुस्खे----

**शहनाज हुसैन**

चेहरे पर अनचाहे बाल एक सामान्य बात है लेकिन ज्यादातर महिलाएं इनसे कही ज्यादा परेशान दिखती हैं / महिलाओं के चेहरे पर यह बाल अनुवांशिक /जेनेटिक होते हैं जिससे ठोड़ी या ऊपरी होंठ पर घने और काले बाल आ जाते हैं./

कुछ मामलों में हार्मोनल असुंतलन / शारीरिक रोगों की बजह से भी यह बाल चेहरे पर उग आते हैं / अगर यह बाल अपर लिप्स या गालों पर हों तो यह खूबसूरती विगाड़ देते हैं /

चेहरे के यह बाल न केवल देखने में बुरे लगते हैं बल्कि इन्हें वैक्सिंग / थ्रेडिंग जैसे तरीकों से हटाने में काफी दर्द भी झेलना पड़ता है और उल्टा नुकसान भी हो जाता है / मेरा यह मानना है की इन बालों को हटाने के लिए पार्लर जाने की कतई जरूरत नहीं है बल्कि उन्हें आप प्रकृतिक तरीके से बिना साइड इफेक्ट के आसानी से हटा सकती हैं

**/1 --बेसन और हल्दी का स्क्रबः ---**

---बेसन और हल्दी का स्क्रब बनाने के लिए कांच के एक कटोरे में दो चमच्च बेसन , आधा चमच्च हल्दी पाउडर ,थोड़ा सा दूध और थोड़ा सा शहद मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें / इसे आप चेहरे , गालों और बालों बाले हिस्सों पर लगाएं और आधा घण्टा बाद धीरे धीरे रगड़कर हटा दें / इसके बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो डालें /

बेसन और हल्दी का पेस्ट तैयार करने के लिए एक कटोरे में बेसन और हल्दी लें। इसके बाद इसमें दूध और मलाई डालकर पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट को चेहरे के उस हिस्से में लगाएं जहां पर अनचाहे बाल ज्यादा हैं। लगभग 20 मिनट के बाद हल्के हाथ से मालिश करते हुए इसे हटा दें। सादे , ताजे पानी से चेहरे को धो लें।

बेसन न केवल त्वचा से अनचाहे बालों को हटाता है बल्कि त्वचा में प्रकृतिक निखार भी लाता है /

**2 --हल्दी पपीता----**

चेहरे के छोटे-छोटे बालों को हटाने के लिए हल्दी और पपीते का मास्क भी कारगर सावित होता है / इसके लिए कांच के कटोरे में पपीते के टुकड़े को अच्छे से मसल लें।

# कृष्ण और सुदामा की अद्वितीय मित्रता

मानव जीवन में मित्रता सबसे पवित्र और अनमोल संबंधों में से एक है। रक्त संबंधों से परे यह ऐसा बंधन है, जो विश्वास, स्नेह, त्याग, सहयोग और आत्मीयता के सूत्रों से जुड़ा होता है।

मित्रता मनुष्य के जीवन को सुख-दुःख, संघर्ष और सफलता के प्रत्येक पड़ाव पर संबल प्रदान करती है। इसी अमूल्य संबंध के महत्व को रेखांकित करने के लिए प्रतिवर्ष 30 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस मनाया जाता है। भारतीय संस्कृति और पौराणिक परंपरा में मित्रता के अनेक उदाहरण मिलते हैं, किंतु भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता को संसार की सबसे आदर्श और प्रेरणादायक मित्रताओं में गिना जाता है। यह केवल दो मित्रों की कथा नहीं, बल्कि प्रेम, समानता, विनम्रता, करुणा और निःस्वार्थ भाव का ऐसा अनुपम उदाहरण है, जो युगों-युगों से मानवता को प्रेरणा देता आ रहा है। द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा ने महर्षि सांदीपनि के आश्रम में एक साथ शिक्षा प्राप्त की थी। गुरुकुल में दोनों ने समान रूप से अध्ययन, सेवा और तपस्या की। यद्यपि श्रीकृष्ण स्वयं भगवान विष्णु के अवतार थे, फिर भी उन्होंने कभी अपने मित्र के साथ भेदभाव नहीं किया। दोनों के मध्य गहरा स्नेह और आत्मीयता थी।

एक प्रसिद्ध पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार गुरुमाता ने दोनों को वन से लकड़ियां लाने भेजा। अचानक भीषण वर्षा और तूफान आ गया। दोनों मित्र पूरी रात जंगल में भीगते रहे, किंतु एक-दूसरे का साथ नहीं छोड़ा। उनकी इस निष्ठा और सेवा भावना से प्रसन्न होकर गुरु सांदीपनि ने उन्हें आशीर्वाद दिया। यही मित्रता आगे चलकर आदर्श मित्रता का प्रतीक बनी। समय बीतने के साथ श्रीकृष्ण द्वारका के राजा बने और सुदामा एक अत्यंत निर्धन ब्राह्मण के रूप में जीवन यापन करने लगे। आर्थिक अभाव इतना था कि कई बार उनके परिवार को भोजन तक उपलब्ध नहीं हो पाता था। किंतु सुदामा ने कभी अपनी निर्धनता को अपनी आत्मिक समृद्धि पर हावी नहीं होने दिया। वे सदैव भगवान श्रीकृष्ण के प्रति श्रद्धा और प्रेम में लीन रहते थे।

# हिंदी को मिले राजकीय कामकाज में गरिमापूर्ण स्थान : डॉ. चौहान

**बैठक**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल.मुरूगन की अध्यक्षता में संपन्न हुई।



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की नवगठित हिंदी सलाहकार समिति की पहली बैठक नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल.मुरूगन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से नामित सदस्यों ने भाग लिया और राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन तथा भारतीय भाषाओं के संवर्धन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक में हरियाणा का प्रतिनिधित्व कर रहे हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य तथा हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने यहां बताया कि उन्होंने बैठक में हिंदी के व्यापक प्रचार-प्रसार, राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन तथा भारतीय भाषाओं के समन्वित विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि हिंदी केवल राजभाषा ही नहीं, बल्कि भारत की विविध भाषायी और सांस्कृतिक परंपराओं को जोड़ने वाला एक सशक्त सेतु है। उन्होंने कहा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय यदि राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन का आदर्श स्थापित करता है तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे प्रशासनिक तंत्र पर पड़ेगा। उन्होंने सुझाव दिया कि हिंदी सलाहकार समिति की नियमावली के अनुरूप प्रत्येक वर्ष कम से कम दो बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएँ तथा आवश्यकता होने पर पूर्व के अंतराल की भरपाई के लिए अतिरिक्त बैठकें भी बुलाई जाएँ।

डा. वीरेंद्र सिंह चौहान ने हिंदी के संवर्धन में राष्ट्रीय नेतृत्व की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि गुजरात की भूमि से जुड़े महर्षि दयानंद सरस्वती और महात्मा गांधी ने हिंदी को राष्ट्रीय एकता का माध्यम बनाने में ऐतिहासिक योगदान दिया। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा हिंदी को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर नई प्रतिष्ठा दिलाने के लिए किए जा रहे प्रयास अभिनंदनीय हैं। उन्होंने मंत्रालय तथा उसके अधीनस्थ सभी कार्यालयों में कार्यालयीन कार्य, ई-मेल पत्राचार और डिजिटल संचार को अधिकतम स्तर पर हिंदी में किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति का मूल्यांकन डिजिटल डैशबोर्ड जैसी पारदर्शी एवं वैज्ञानिक प्रणाली के माध्यम से करने का सुझाव भी दिया। डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने बैठक में यह भी प्रस्ताव रखा कि हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के बीच शब्द-समन्वय को बढ़ावा देने के लिए विशेषज्ञों की एक उच्चस्तरीय समिति गठित की जाए, ताकि विभिन्न भारतीय भाषाओं के जन स्वीकृत शब्दों को हिंदी में समाहित कर भाषायी सौहार्द और राष्ट्रीय एकात्मता को और सुदृढ़ किया जा सके।

# पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी सबसे जरूरी, अधिक से अधिक पौधे लगाएं: डीसी प्रीति

**अपील**

केवल सरकारी प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण संभव नहीं, बल्कि जनभागीदारी इसकी बड़ी ताकत है




**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**

**यमुनानगर, 28 जुलाई।** उपायुक्त प्रीति ने कहा कि मानव और पर्यावरण का संबंध अत्यंत घनिष्ठ है। जल, वायु, भूमि, वनस्पति और प्राकृतिक संसाधनों पर मानव जीवन निर्भर करता है, इसलिए पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन से पर्यावरणीय चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं, जिनसे निपटने के लिए समाज के सभी वर्गों की सहभागिता आवश्यक है। उपायुक्त ने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी नियमित देखभाल करने, जल संरक्षण, ऊर्जा बचत तथा स्वच्छता अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण देना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। केवल सरकारी प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण संभव नहीं, बल्कि जनभागीदारी इसकी सबसे बड़ी ताकत है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय पौधारोपण के लिए सबसे उपयुक्त है। पेड़-पौधे लगाने के साथ उनकी सुरक्षा और देखभाल भी उतनी ही आवश्यक है, ताकि वे विकसित होकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभा सकें।

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि हरियाणा सरकार का वन विभाग पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। वन चेतना अभियान के माध्यम से आमजन को पौधारोपण और पौधों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही युवाओं, महिलाओं और स्कूली बच्चों में प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान भी चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसानों के खेतों में उन्नत किस्म के क्लोनल पौधों का रोपण कराया जा रहा है। खेती की जमीन को सेम से बचाने के लिए विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। प्रदूषण कम करने के लिए राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों के किनारे किसानों की भूमि तथा पंचायती भूमि पर भी बड़े स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है।

# खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में डीएवी के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** 17 जुलाई से 27 जुलाई तक विभिन्न खेल स्थलों–पी.के.आर. जैन वाटिका स्कूल, राजीव गांधी स्टेडियम (सेक्टर-10), पुलिस डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, मुरलीधर डी.ए.वी. स्कूल तथा तुलसी पब्लिक स्कूल–में आयोजित खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में डी.ए.वी. सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, जगाधरी गेट, अम्बाला सिटी के खिलाड़ियों ने अनुशासन, उत्कृष्ट खेल कौशल एवं अदम्य टीम भावना का परिचय देते हुए उल्लेखनीय सफलता अर्जित की।



विद्यालय की टीमों ने अंडर-17 बालिका हैंडबॉल, अंडर-14 बालिका हैंडबॉल, अंडर-14 बालक हैंडबॉल, अंडर-14 बालक फुटबॉल तथा अंडर-19 बालक खो-खो प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसके अतिरिक्त अंडर-17 बालक हैंडबॉल, अंडर-19 बालक हैंडबॉल, अंडर-19 बालक क्रिकेट, अंडर-17 बालक शतरंज तथा अंडर-19 बालक बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में द्वितीय स्थान प्राप्त कर खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

इन उत्कृष्ट उपलब्धियों के आधार पर विद्यालय के 84 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए हुआ है, जिनका आयोजन 28 जुलाई से प्रारम्भ होगा। यह उपलब्धि खिलाड़ियों की कठोर मेहनत, प्रशिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा विद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए उत्कृष्ट खेल वातावरण का परिणाम है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राधा रमण सूरी ने सभी विजेता खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों एवं प्रशिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा ₹जीत केवल पदकों की नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण और निरंतर अभ्यास की होती है।

# 2 साल से फरार नशा तस्कर एंटी नारकोटिक सेल के हत्थे चढ़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**

**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने नशा तस्करी के एक मामले में पिछले दो साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में एंटी नारकोटिक सेल की टीम लगातार नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत टीम ने फरार आरोपी सरल उर्फ शैंकी, निवासी शांति कॉलोनी, शनि मंदिर रोड, को गिरफ्तार किया।

एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि 10 जून 2024 को टीम ने पुराना हमीदा निवासी रोहित उर्फ गोल्डी को 10 ग्राम हेरोइन (स्मैक) सहित गिरफ्तार किया था।

# सैलून संचालक से मारपीट व बाइक जलाने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

**नितिन सिंगला जगाधरी**

**यमुनानगर।** पुलिस चौकी रामपुरा की टीम ने शांति कॉलोनी में सैलून संचालक और उसके दोस्त के साथ मारपीट करने तथा बाइक में आग लगाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आजाद नगर निवासी साहिल पुत्र शिवकुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए रामपुरा चौकी पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई की। चौकी प्रभारी मनोज कुमार के अनुसार चिट्टा मंदिर, शांति कॉलोनी निवासी अर्जुन की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया कि अर्जुन का भाई सूरज मॉडल टाउन स्थित एक सैलून में नेल आर्ट का कार्य करता है। रविवार देर रात करीब 12 बजे दुकान बंद कर घर लौटते समय उसके साथ दूसरी बाइक पर उसका दोस्त दीपक भी था। रास्ते में तीन युवक किसी घर के बाहर गाली-गलौज करने के बाद लौट रहे थे। जब सूरज ने उन्हें गाली देने से रोका तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और उसकी बाइक को आग के हवाले कर दिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

**न्यूज फ्लैश**

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन।



**लाडवा , 28 जुलाई (विजय कौशिक) :** विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लाडवा में जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को हेपेटाइटिस (यकृत की सूजन) के कारणों, लक्षणों, बचाव, समय पर जांच तथा उपचार के प्रति जागरूक करना था।

इस अवसर पर डॉक्टर कृष्णकांत वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि हेपेटाइटिस बीमारी जानलेवा हो सकती है। जो कि मुख्य रूप से वायरस के कारण होने वाला रोग है। जो समय पर पहचान और उपचार न होने पर लीवर सिरोसिस तथा लीवर कैंसर जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है। उन्होंने लोगों से सुरक्षित रक्त चढ़ाने, केवल नई एवं स्टरलाइज्ड सुई का उपयोग करने, व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने तथा हेपेटाइटिस-बी का टीकाकरण करवाने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान जसमेर स्वास्थ्य निरीक्षक द्वारा उपस्थित लोगों वह स्वास्थ्य कर्मचारियों को को हेपेटाइटिस के लक्षण, बचाव के उपाय तथा समय पर जांच और उपचार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही लोगों को अफवाहों से बचते हुए सही स्वास्थ्य जानकारी अपनाने का संदेश दिया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 2026 के लिए निर्धारित थीम ₹लीस्त्रं३३२ः छी३'२ इ१ीं' क्३ उ्क्ष्६ल्लर₹ के अनुरूप यह संदेश दिया गया कि हेपेटाइटिस से जुड़े भ्रम, डर और जांच व उपचार की बाधाओं को दूर कर अधिक से अधिक लोगों को समय पर स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना आवश्यक है। डॉक्टर कृष्णकांत ने सभी नागरिकों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति में लंबे समय तक पीलिया, अत्यधिक थकान, भूख में कमी, गहरे रंग का मूत्र अथवा अन्य संबंधित लक्षण दिखाई दें तो तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं। समय पर पहचान और उचित उपचार से हेपेटाइटिस की गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है। इस कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से डॉक्टर रचना, डॉक्टर विशाल,डॉक्टर दिनेश, राजेश औषधि कारक तथा श्रीमती गीता ब्लॉक आशा कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे।

## 32वें शिव कांवड़ सेवा शिविर का हवन-यज्ञ के साथ शुभारंभ, कांवड़ियों की सेवा को संघ तत्पर

**नितिन सिंगला जगाधरी**

**जगाधरी 28 जुलाई।** स्थानीय बीएन महल के समीप मटका चौक स्थित विशाल प्रांगण में श्री शिव कांवड़ सेवा संघ द्वारा आयोजित 32वें शिव कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ मंगलवार को वैदिक मंत्रोच्चार एवं हवन-यज्ञ के साथ हुआ। यह शिविर 28 जुलाई से 10 अगस्त 2026 तक संचालित रहेगा, जिसमें हरिद्वार, गोमुख आदि से गंगाजल लेकर हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान और हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों की ओर जाने वाले कांवड़ियों के लिए विश्राम, भोजन-प्रसाद, जलपान, स्नान, शौचालय तथा मेडिकल सेवा की निशुल्क व्यवस्था की गई है।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी सवित बंसल एवं उनके परिवार ने पंडित मुनीष के सान्निध्य में नवग्रह पूजन और हवन-यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर किया। इस अवसर पर संघ के संस्थापक एवं संरक्षक शाम मेहंदीरत्ता ने मुख्य अतिथि का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया तथा शिविर के संचालन में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# संपत्ति कर के बकाया ब्याज पर 75% छूट का लाभ निगम वासी -पार्षद सुरेंद्र मदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत (संजीव कौशिक )**

सोनीपत नगर निगम द्वारा हाल ही में बनाई गई वार्ड 3 समिति की प्रथम बैठक, समिति के चेयरपर्सन सुरेंद्र मदान की अध्यक्षता में उनके सेक्टर 14 स्थित कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में पूर्व निर्धारित एजेंडा अर्थात दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों के सत्यापन और संपत्ति कर के बकाया ब्याज पर 75% छूट का लाभ लेने हेतु वार्ड के संपत्ति मालिकों को प्रेरित करने पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त शहर के विकास कार्यों जिसमें मुख्यतः टूटी हुई सड़कों का पैच वर्क, हरियाणा रोडवेज की बसों का सैक्टर 14 के रिहायशी इलाकों से गुजरना, निगम की कचरा उठाने वाली



गाड़ी का नियमित तौर पर कचरा न उठाना, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम्स की सफाई आदि पर भी बातचीत हुई। बैठक में सदस्य सचिव अंकुश, सदस्य मनोहर लाल आहूजा, पवन बत्रा, राकेश मदान, प्रवीण आर्य, संजय अरोड़ा, वर्षा अरोड़ा उपस्थित रहे।

# नशीला पदार्थ रखने का आरोपी गिरफ्तार, 6.76 ग्राम हैरोइन/स्मैक बरामद

**सफलता**

कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को गिरफ्तार किया है



**टीम एक्शन इंडिया**

**लाड़वा 28 जुलाई (विजय कौशिक) :** कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में एंटी नारकोटिक सैल की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी प्रवीन कुमार उर्फ भूरा वासी रविदास कॉलोनी लाडवा हाल किरायेदार नील कोठी लाडवा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर-के 6.76 ग्राम हैरोइन/स्मैक बरामद करने में सफलता हासिल की है।

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 27 जुलाई 26 को एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी उप निरीक्षक सतविन्द्र सिंह के मार्गनिर्देश में उप निरीक्षक अशोक कुमार, सहायक उप निरीक्षक सुखवीर सिंह, मुख्य सिपाही नवीन कुमार, सिपाही सचिन, अमित व गाड़ी चालक सिपाही प्रिंस की टीम अपराध की तलाश में बस अडडा लाडवा के २पास मौजूद थी। पुलिस टीम को सूचना मिली कि प्रवीन कुमार उर्फ भूरा वासी रविदास कॉलोनी लाडवा हाल किरायेदार नील कोठी लाडवा जिला कुरुक्षेत्र अवैध रूप से हैरोइन/स्मैक बेचने का धंधा करता है। आज भी प्रवीन कुमार उर्फ भूरा अपने घर से पैदल चलकर टैगोर स्कूल नील कोठी लाडवा के पास हेरोइन/स्मैक बेचने के लिए आएगा।

कस्बा लाडवा के नामपता नामालूम नशे के आदी व्यक्ति उससे हेरोइन/स्मैक खरीदकर ले जाते हैं। यदि तुरंत उस स्थान पर पहुंचकर प्रवीन कुमार उर्फ भूरा को काबू करके उसकी नियमानुसार तलाशी ली जाए तो उसके कब्जे से काफी मात्रा में हेरोइन/स्मैक बरामद हो सकती है। सूचना पर पुलिस टीम टैगोर स्कूल नील कोठी लाडवा के पास पहुंची जहां पर एक नौजवान लड़का खडा मिला जिसको पुलिस टीम ने काबू किया। पुलिस के पूछने पर उसने अपना नाम प्रवीन कुमार उर्फ भूरा वासी रविदास कॉलोनी लाडवा हाल किरायेदार नील कोठी लाडवा जिला कुरुक्षेत्र बताया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 6.76 ग्राम हैरोइन/स्मैक बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना लडवा में मामला दर्ज करके सहायक उप निरीक्षक पवन कुमार ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ जिला करनाल, यमुनानगर व कुरुक्षेत्र में एनडीपीएस एक्ट के 9 मामले दर्ज हैं।

# रोटरी व रोट्रैक्ट क्लब लाडवा ने ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में चलाया हरित अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**लाड़वा 28, जुलाई (विजय कौशिक) :** पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए रोटरी क्लब लाडवा एवं रोट्रैक्ट क्लब लाडवा द्वारा अपने चौथे चरण के पौधारोपण अभियान के अंतर्गत ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल, लाडवा में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में लगभग 35 छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में क्लब पदाधिकारियों, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधों की नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया।



कार्यक्रम का शुभारंभ पौधारोपण के साथ हुआ। उपस्थित सदस्यों ने कहा कि बदलते पर्यावरणीय हालात और बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति का यह नैतिक दायित्व है कि वह अधिक से अधिक पौधे लगाए और उनकी देखरेख भी सुनिश्चित करे।

विद्यालय परिसर में लगाए गए पौधे आने वाले वर्षों में न केवल हरियाली बढ़ाएंगे, बल्कि विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण भी प्रदान करेंगे।

पौधारोपण परियोजना के चेयरमैन भूपेंद्र सिंह ने कहा कि रोटरी क्लब का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखना है। क्लब लगातार विभिन्न शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण कर समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैला रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक यदि वर्ष में एक पौधा भी लगाकर उसकी जिम्मेदारी निभाए तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण मिल सकता है। रोटरी क्लब लाडवा के प्रधान राजेश मिगलानी ने कहा कि रोटरी क्लब सेवा कार्यों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी अपनी प्राथमिकता में शामिल किए हुए है। इसी उद्देश्य से क्लब चरणबद्ध तरीके से पौधारोपण अभियान चला रहा है। उन्होंने कहा कि पौधे केवल प्रकृति की सुंदरता नहीं बढ़ाते, बल्कि जीवन के लिए आवश्यक शुद्ध वायु, छाया और संतुलित पर्यावरण भी प्रदान करते हैं।

उन्होंने सभी नागरिकों से पौधारोपण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्य रितु सिंगला ने रोटरी क्लब एवं रोट्रैक्ट क्लब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में लगाया गया प्रत्येक पौधा विद्यार्थियों को प्रकृति से जुड़ने और पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी का संदेश देगा। उन्होंने कहा कि स्कूल परिवार इन पौधों की नियमित देखभाल करेगा ताकि आने वाले समय में यह अभियान प्रेरणादायी उदाहरण बन सके।

विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

इस अवसर पर रोटरी एवं रोट्रैक्ट क्लब के सदस्य, विद्यालय का शिक्षण स्टाफ, विद्यार्थी तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर अधिक से अधिक पौधे लगाने और उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प लिया।

# एसडी मॉडल स्कूल, जगाधरी में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**

**यमुननगर, 28 जुलाई** ' चार्टेड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की एनआईआरसी यमुनानगर शाखा द्वारा एस.डी. मॉडल स्कूल जगाधरी में विद्यार्थियों के लिए एक करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) को एक प्रतिष्ठित एवं संभावनाओं से भरपूर करियर विकल्प के रूप में जागरूक करना था।



कार्यक्रम में सीए सुमित गर्ग ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को सीए कोर्स की संपूर्ण जानकारी देते हुए उन्होंने सीए बनने की प्रक्रिया, कोर्स की संरचना, आवश्यक योग्यताओं तथा वर्तमान समय में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए उपलब्ध व्यापक रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर यमुना नगर शाखा एनआईआरसी के चेयरमैन सीए रजत अलाघ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में चार्टर्ड अकाउंटेंसी केवल एक प्रोफेशन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला सम्मानित दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप करियर का चयन करने तथा सीए प्रोफेशन में उपलब्ध असीम संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती गीतांजलि शर्मा भी उपस्थित रहीं।

# प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में विकसित हरियाणा के संकल्प को नई गति मिलेगी-डॉ. अर्चना गुप्ता

-प्रधानमंत्री से 37 मिनट की आत्मीय एवं सार्थक मुलाकात, विकसित भारत-विकसित हरियाणा 2047 के विजन पर हुई चर्चा

**सुशासन**

भारत विकास, सुशासन, पारदर्शिता और जनभागीदारी के नए युग की ओर निरंतर अग्रसर है



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत 28 जुलाई (बिजेंद्र सिंह)।** भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत विकास, सुशासन, पारदर्शिता और जनभागीदारी के नए युग की ओर निरंतर अग्रसर है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार भी प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन को धरातल पर उतारते हुए विकसित भारत-विकसित हरियाणा 2047 के लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। पानीपत स्थित भाजपा जिला कार्यालय श्याम कमल में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ. अर्चना गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री आवास पर हुई अपनी शिष्टाचार भेंट की जानकारी सांझा की। प्रेस वार्ता में उनके साथ जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, मेयर कोमल सैनी, ईश कुमार राणा, ओम दत्त आर्य, डा राजबीर आर्य, रविंद्र तुसामड़, नरेश बेनीवाल, कृष्ण दुग्गल, गुरदेव, प्रेम वर्मा व राहुल राणा मौजूद रहे।

डा. अर्चना गुप्ता ने बताया कि पीएम मोदी के साथ लगभग 37 मिनट तक चली आत्मीय एवं सार्थक मुलाकात के दौरान हरियाणा के सर्वांगीण विकास, संगठन की मजबूती, महिला सशक्तिकरण, सुशासन तथा विकसित भारत-विकसित हरियाणा 2047 के विजन सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से सकारात्मक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्राप्त मार्गदर्शन और आशीर्वाद उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है। हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपकर पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास व्यक्त किया है, उसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री तथा पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के प्रति हार्दिक आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त की। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को केवल सम्मान ही नहीं दिया, बल्कि उन्हें निर्णय प्रक्रिया और नेतृत्व में समान भागीदारी सुनिश्चित कर नारी शक्ति को नई पहचान और नई ऊर्जा प्रदान की है। भाजपा के लिए राजनीति सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण, गरीब कल्याण, अंत्योदय और सुशासन का संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास और पारदर्शी शासन का ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है।

## न्यूज फ्लैश

### एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने भारतीय पैरालंपिक समिति के साथ साझेदारी की

**चरखी दादरी।** भारत की सबसे भरोसेमंद निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने आज भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत करने की घोषणा की है। एसबीआई लाइफ 2026 पैरा स्पोर्ट्स सीजन के लिए भारतीय दल का प्रिंसिपल पार्टनर बन गया है। कंपनी आगामी ग्लासगो राष्ट्रमंडल पैरा खेल 2026 और आइची-नागोया (जापान) में होने वाले एशियाई पैरा खेल 2026 में जाने वाले भारतीय पैरालंपिक दल के लिए ऑफिशियल लाइफ इंश्योरेंस पार्टनर होगी। इस साझेदारी के जरिए एसबीआई लाइफ का मकसद भारत के बेहतरीन पैरा-खिलाड़ियों की मेहनत और उनके सफर को पहचान देना और उसे दुनिया के सामने लाना है। ये एथलीट अपने पक्के इरादे और लगन से यह साबित कर रहे हैं कि नामुमकिन कुछ भी नहीं है। उनकी जिंदगी हमें यह सिखाती है कि अगर इंसान के पास आत्मविश्वास हो, सही तैयारी हो और अपनों का साथ मिले, तो वह किसी भी सपने को सच कर सकता है। इस साझेदारी के बारे में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के चीफ, ब्रांड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर, श्री रवींद्र शर्मा ने कहा, एसबीआई लाइफ में हमारा मानना है कि आत्मविश्वास ही इंसान को जीवन की अनिश्चितताओं से निपटते हुए अपने सपनों को पूरा करने की ताकत देता है। यही सोच हमारी ब्रांड फिलॉसफी अपने लिए, अपनों के लिए का मूल आधार है, और यही बात भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के साथ हमारे जुड़ाव को इतना खास बनाती है। भारत के पैरा-एथलीट इस बात की बेहतरीन मिसाल हैं कि सही तैयारी, लक्ष्य पर ध्यान और मजबूत इरादों के साथ कोई भी आगे बढ़ा जाता है। उनका सफर दिखाता है कि जब सही सपोर्ट मिले, तो इंसान हर रुकावट को पार करके बड़ी से बड़ी कामयाबी हासिल कर सकता है।

### बर्जर पेंट्स ने एक नया कैंपेन शुरू किया

**कुरुक्षेत्र।** देश की दूसरी सबसे बड़ी पेंट कंपनी, बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड ने एक बेहद खास सोच पर आधारित अपनी नई ब्रांड पहचान का अनावरण किया है: ज़िंदगी चाहे हमारी कितनी भी परीक्षा क्यों न ले ले, वह हमारे रंगों को कभी छीन नहीं सकती। रंग बना रहे विचार के जरिए सामने लाया गया यह नया कैंपेन बर्जर पेंट्स के रंगों को सुरक्षित रखने के पुराने वादे को मानवीय दृष्टिकोण से फिर से पेश करता है। पेंट उद्योग में, जहाँ अक्सर सभी ब्रांड एक जैसे दिखते रहे हैं और रंगों को केवल बाहरी अभिव्यक्ति के रूप में देखा गया है, वहीं बर्जर अपनी विशिष्ट पहचान और बिल्कुल अलग विजुअल ट्रीटमेंट के साथ एक नया नजरिया पेश करता है। इस कैंपेन पर बात करते हुए, अभिजीत रॉय, एमडी और सीईओ, बर्जर पेंट्स इंडिया ने कहा, कई सालों से लोग बर्जर को ईजी क्लीन और एंटी डस्ट जैसे पेंट के जरिए रंगों को बचाने के लिए जानते हैं। जब हमने ब्रांड के आने वाले कल के बारे में सोचा, तो हमने खुद से एक सवाल किया, रंगों को सुरक्षित रखने का असली मतलब क्या होता है? तब हमें समझ आया कि यह बात सिर्फ दीवारों की नहीं, बल्कि इंसानों की है। यह ज़िंदगी के हर उतार-चढ़ाव में अपनी असली पहचान को संभाले रखने की ताकत के बारे में है। रंग बना रहे के पीछे यही सोच है, एक ऐसी पहचान जो रंग बचाने के हमारे वादे को इंसानी दिल से जोड़ती है। जिस तरह बर्जर पेंट हर मौसम में रंगों को खराब नहीं होने देता, ठीक वैसे ही रंग बना रहे हर हाल में बिना अपनी पहचान खोए, ज़िंदगी का सामना करने की हिम्मत का जश्न मनाता है।

# यमुनानगर में लगेंगे 2700 पौधे



**नितिन सिंगला जगाधरी**
**यमुनानगर।** शहर में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत शहर के विभिन्न वार्डों में लगभग 2700 पौधे लगाए जाएंगे। अभियान में मेयर सुमन बहमनी, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद, अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, सभी वार्डों के पार्षद एवं जनप्रतिनिधि पौधारोपण करेंगे। इस अभियान में वन विभाग भी सहयोग करेगा।

नगर निगम ने वन विभाग से बरगद, नीम, पीपल, जामुन, आंवला, आम, इमली सहित अन्य देशी प्रजातियों के पौधे उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। इन पौधों का रोपण शहर के विभिन्न वार्डों में निर्धारित संख्या के अनुसार किया जाएगा, जिससे हरित क्षेत्र का विस्तार हो सके और पर्यावरण संतुलन मजबूत बने। नगर निगम के अनुसार, वार्ड नंबर 1, 3, 4, 11, 12, 18 और 19 में 200-200 पौधे लगाए जाएंगे, जबकि अन्य वार्डों में 50-50 पौधे रोपे जाएंगे। इसके अतिरिक्त शहर के विभिन्न पार्कों, स्कूलों और खाली स्थानों पर भी अलग से पौधारोपण किया जाएगा।

नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद और अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने बताया कि इस अभियान से शहर में हरियाली बढ़ेगी, प्रदूषण कम करने में सहायता मिलेगी और नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण मिलेगा।

## जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत दर्ज मामलों की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की द्वितीय त्रैमासिक बैठक मंगलवार को उपायुक्त के निर्देशानुसार मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, अम्बाला गगनदीप सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में आयोजित की गई। यह जानकारी जिला कल्याण अधिकारी शीशपाल महला ने दी। बैठक में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 तथा संशोधित अधिनियम-2016 के तहत दर्ज मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस मौके पर जिला कल्याण अधिकारी शिशपाल ने बैठक में उपस्थित सभी को जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान इस योजना के अंतर्गत 7,87,500 रुपए का बजट प्राप्त हुआ था, जिसकी संपूर्ण राशि पात्र पीड़ितों को राहत के रूप में वितरित कर दी गई है।

बैठक में उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस अधीक्षक, अम्बाला की रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2026 से अब तक अधिनियम के तहत कुल 12 मामले दर्ज हुए हैं। सम्बन्धित मामलों में न्यायालय प्रक्रिया के तहत एवं अन्य औपचारिकताओं के तहत नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# रूस-यूक्रेन युद्ध में यमुनानगर के युवक की मौत, परिवार को पार्थिव शरीर का इंतजार

**नितिन सिंगला जगाधरी**
**यमुनानगर, 28 जुलाई।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच हरियाणा के यमुनानगर जिले के गांव पंजेटा से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। गांव निवासी गुरप्रीत सिंह की यूक्रेन के समीप हुए मिसाइल हमले में मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है, जबकि परिवार अपने बेटे के पार्थिव शरीर के भारत पहुंचने का इंतजार कर रहा है।

जानकारी के अनुसार, गुरप्रीत सिंह 12 जून को मर्चेंट नेवी की ड्यूटी के लिए तुर्की गए थे। 19 जुलाई को उनका जहाज यूक्रेन के ओडेसा बंदरगाह से रवाना हुआ था। इसी दौरान जहाज पर मिसाइल हमला हुआ, जिसमें गुरप्रीत सिंह सहित चार भारतीय नागरिकों और कुल दस लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।

गुरप्रीत के पार्थिव शरीर को भारत लाने के लिए परिवार लगातार प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से संपर्क बनाए हुए है। इसी क्रम में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी, डायरेक्टर मंदीप, जिला अध्यक्ष संजू तथा अन्य पदाधिकारी गुरप्रीत के घर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।



इस अवसर पर गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने सरकार से मांग की कि गुरप्रीत सिंह के परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए तथा उनके पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत लाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं।

बताया जा रहा है कि मिसाइल हमला इतना भीषण था कि कई शव बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे सामान्य तरीके से पहचान संभव नहीं हो सकी। इसी कारण गुरप्रीत सिंह की पहचान की पुष्टि के लिए उनके पिता का डीएनए सैंपल शिपिंग कंपनी को भेजा गया है।

शिपिंग कंपनी ने परिवार को आश्वासन दिया है कि डीएनए रिपोर्ट के आधार पर पहचान की प्रक्रिया पूरी होते ही गुरप्रीत सिंह के पार्थिव शरीर को शीघ्र भारत भेजने की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरा गांव और परिवार अपने बेटे की अंतिम विदाई का इंतजार कर रहा है। इस दुखद घटना से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है और लोग शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं।

# खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव में विद्यार्थियों ने बिखेरे प्रतिभा के रंग

**रादौर, 28 जुलाई (कुलदीप सैनी)** : राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रादौर में खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अशोक राणा मुख्य अतिथि तथा खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार धीमान अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। उत्सव में कक्षा 5 से 12 तक के विद्यार्थियों ने रागनी, एकल एवं समूह नृत्य तथा स्किट प्रतियोगिताओं में बढ़-



चढ़कर भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रादौर, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जठलाना, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलाहर, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरोड़ी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टोपरा कलां तथा अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कार प्राप्त किए। मुख्य अतिथि अशोक राणा ने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ उन्हें अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करती हैं। वहीं शिव कुमार धीमान ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अशोक राणा एवं एपीसी डॉ. धर्मवीर ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुभाष चंद, सुभाष चंद्र, मुकेश रोहिल, इंदिरा देवी, प्रवीण कुमार, इंद्राज, राकेश पांचाल, पवन कुमार, बलदेव, विकास जैन, अंकुश कंबोज सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# विद्युत विनायक बोर्ड: मुकेश गर्ग नियमित अध्यक्ष की नियुक्ति होने तक अध्यक्ष के दायित्वों का निर्वहन करेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**
हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग के अध्यक्ष नन्द लाल शर्मा के आकस्मिक निधन के बाद आयोग के वरिष्ठतम सदस्य प्रताप नगर निवासी मुकेश गर्ग नियमित अध्यक्ष की नियुक्ति होने तक अध्यक्ष के दायित्वों का निर्वहन करेंगे। आयोग ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए हरियाणा विद्युत सुधार अधिनियम, 1997 की धारा 3(4) के तहत यह व्यवस्था लागू की है।

आयोग के आदेश के अनुसार, 23 जुलाई को नन्द लाल शर्मा के निधन से अध्यक्ष का पद रिक्त हो गया। इसके बाद आयोग की बैठक में विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 92(2) के प्रावधानों के तहत अध्यक्ष की अनुपस्थिति में बैठक की अध्यक्षता के लिए उपस्थित सदस्यों मुकेश गर्ग एवं शिव



कुमार ने सर्वसम्मति से मुकेश गर्ग का चयन किया। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि नियमित अध्यक्ष के कार्यभार ग्रहण करने तक मुकेश गर्ग आयोग के अध्यक्ष के सभी दायित्वों का निर्वहन करेंगे।उल्लेखनीय है कि मुकेश गर्ग ने 2 फरवरी 2024 को हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग के सदस्य(विधि पृष्ठभूमि) के रूप में पदभार ग्रहण किया था, जबकि शिव कुमार ने 28 अगस्त 2025 को आयोग के सदस्य के रूप में कार्यभार संभाला था। वरिष्ठतम सदस्य होने के कारण मुकेश गर्ग को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## शार्ट सर्किट से कॉस्मेटिक-ब्यूटी पार्लर की दुकान में लगी आग

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के सेक्टर 23 में संजय कालोनी 22 फुट रोड पर कॉस्मेटिक एवं ब्यूटी पार्लर की दुकान में मंगलवार को आग लग गई। जिसमें लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। मालूम की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की दो गाड़ी मौके पर पहुंच गई जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस की जांच में अभी आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह सूचना मिली कि संजय कालोनी में कॉस्मेटिक एवं ब्यूटी पार्लर की दुकान में आग लग गई है।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला, कुरुक्षेत्र में आज पिनेकल मेडिकल सेंटर एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के सहयोग से एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में धर्मशाकुला के सदस्यों, स्थानीय नागरिकों तथा समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

मेडिकल कैंप के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की टीम द्वारा प्रतिभागियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में विभिन्न प्रकार की आवश्यक चिकित्सीय जांचें नि:शुल्क की गईं तथा लोगों को



उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया गया। उपस्थित लोगों ने इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर इस्कॉन की ओर से सभी उपस्थित श्रद्धालुओं एवं अतिथियों को श्रीमद्भगवद्गीता भेंट स्वरूप प्रदान की गई। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला, कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद ने कहा कि स्वस्थ समाज का निर्माण केवल बेहतर चिकित्सा सुविधाओं से ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यों से भी होता है। पिनेकल मेडिकल सेंटर एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर तथा इस्कॉन द्वारा आयोजित भजन-कीर्तन एवं श्रीमद्भगवद्गीता वितरण जैसे कार्यक्रम समाज को सेवा, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। डॉ. कृष्ण श्योकंद ने इस सफल आयोजन के लिए पिनेकल मेडिकल सेंटर एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, इस्कॉन की टीम, चिकित्सकों, स्वयंसेवकों तथा सभी उपस्थित नागरिकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

अंत में अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कमेटी के उप बन्नी सिंह ढुल, सचिव हरकेश सहारन, कोषाध्यक्ष नरेंद्र नैन, सदस्य जीतेन्द्र घराडसी ने सभी सहयोगी संस्थाओं, चिकित्सकों, स्वयंसेवकों एवं उपस्थित नागरिकों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए भविष्य में भी समाजहित, स्वास्थ्य जागरूकता और आध्यात्मिक उत्थान से जुड़े ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने का संकल्प दोहराया।

# नशे के खिलाफ अंबाला पुलिस का महाअभियान तेज

## स्कूलों में चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम, विद्यार्थियों को दी नशे से बचने की शपथ

**आशीष श्रीवास्तव, अंबाला।** मानस पोर्टल और हेल्पलाइन 1933 के बारे में भी दी जानकारी आशीष श्रीवास्तव, अंबाला। जिले को पूरी तरह से नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अंबाला पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस महानिरीक्षक अंबाला मंडल पंकज नैन के दिशानिर्देशों और पुलिस अधीक्षक अंबाला अजीत सिंह शेखावत के नेतृत्व में अंबाला पुलिस नशे के खात्मे के लिए दिन-रात प्रयासरत है। एक ओर पुलिस नशा तस्करों पर कार्रवाई कर उन्हें सलाखों के पीछे भेज रही है, वहीं दूसरी ओर मादक पदार्थ और



मनोप्रभावी पदार्थ अधिनियम सेल की टीमें जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर आमजन और युवाओं को जागरूक कर रही हैं। इसी कड़ी में आज मादक पदार्थ और मनोप्रभावी पदार्थ अधिनियम सेल टीम द्वारा फास्खा खालसा स्कूल अंबाला छावनी में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों और इससे शरीर व जीवन पर पड़ने वाले घातक प्रभावों के बारे में विस्तार से समझाया गया। टीम के सदस्यों ने विद्यार्थियों को नशे की दलदल से दूर रहने के लिए प्रेरित किया और उन्हें शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम में मानस पोर्टल के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही किसी भी प्रकार की सूचना या सहायता के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1933 का प्रयोग करने के बारे में जागरूक किया गया।

**जागरूकता अभियान में मुख्य भूमिका**

इस जागरूकता अभियान को सफल बनाने में मादक पदार्थ और मनोप्रभावी पदार्थ अधिनियम सेल टीम के उप निरीक्षक अजय कुमार, सहायक उप निरीक्षक रणदीप गौड़, तथा महिला सह उप निरीक्षक बबली, मुख्य सिपाही बेअंत कौर व उनकी टीम मुख्य भूमिका निभा रही है।

युवाओं के भविष्य को सुरक्षित और उज्ज्वल बनाने के लिए चलाया जा रहे इस जन-जागरण अभियान में आमजन भी बढ़-चढ़कर भाग ले रहा है और अंबाला पुलिस को अपना पूर्ण सहयोग प्रदान कर रहा है।

# भगवान को धन नहीं, सच्ची भक्ति प्रिय है - आचार्य भगवती प्रसाद शुक्ल

**रादौर, 28 जुलाई (कुलदीप सैनी)** : श्री राधाकृष्ण मंदिर में श्री व्यास पूर्णिमा महोत्सव के तहत आयोजित श्रीकृष्ण कथा के पांचवें दिन कथा वाचक आचार्य पं. भगवती प्रसाद शुक्ल ने कहा कि भगवान को धन, वैभव या बाहरी आडंबर नहीं, बल्कि निष्काम और सच्ची भक्ति प्रिय होती है।

उन्होंने कहा कि मनुष्य को सांसारिक मोह-माया का त्याग कर ईश्वर की भक्ति में मन लगाना चाहिए। आचार्य शुक्ल ने कहा कि मन बड़ा चंचल है और जीवन क्षणभंगुर है। बीता हुआ समय कभी लौटकर नहीं आता, इसलिए



प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन का सदुपयोग करते हुए प्रभु भक्ति और सत्कर्मों का मार्ग अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान अपने भक्तों का कभी साथ नहीं छोड़ते और जो व्यक्ति ईश्वर पर विश्वास रखता है, उसके जीवन का मार्ग स्वयं प्रशस्त होता जाता है। उन्होंने भगवान शिव और भगवान कच्छप के उदाहरण देते हुए कहा कि महापुरुष और भगवान लोक कल्याण के लिए हर कठिनाई को स्वीकार करते हैं। इसलिए मनुष्य को भी धैर्य, सेवा और समर्पण की भावना के साथ जीवन जीना चाहिए। इस अवसर पर पुष्पेंद्र मिश्रा, सुरेश शुक्ला, अश्वनी गुप्ता, रविंद्र शर्मा, रोहित गुप्ता, विनोद सोनी, संजय शर्मा, अमित गुप्ता, संजीव चौहान, नीशु चौहान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया।

# आहुलाना पीएचसी के नए भवन का लोकार्पण, विधायक देवेंद्र कादियान ने किया उद्घाटन

**लोकार्पण**

**विधायक देवेंद्र कादियान का स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने बुके और ग्रामीणों ने स्वागत किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गन्नौर के आहुलाना गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं को नई मजबूती मिली है। गांव में श्याम बाबा मंदिर के पास प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र कादियान ने विधिवत फीता काटकर और शिलापट्ट का अनावरण कर किया। लगभग 3.51 करोड़ रुपए से अधिक लागत से तैयार इस आधुनिक भवन के शुरू होने से आहुलाना समेत आसपास के करीब 30 हजार ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। लोकार्पण समारोह में पहुंचने पर विधायक देवेंद्र कादियान का स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने बुके और ग्रामीणों ने फूलमाला से स्वागत किया। विधायक ने कहा कि नए पीएचसी भवन में मरीजों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सुविधाएं विकसित की गई है। यहां पुरुष और महिला मरीजों के लिए अलग-अलग वार्ड, एक्स-रे रूम, लेबर रूम और माइनर ऑपरेशन थिएटर बनाया गया है। इसके अलावा बच्चों के टीकाकरण के लिए व्यवस्था, जांच लैब, नर्सिंग स्टेशन, डॉक्टर रूम, दवा वितरण कक्ष, कार्यालय और रिकॉर्ड रूम भी तैयार किए गए है।

इस अवसर पर एसएमओ पुरखास डॉ. वीरेंद्र ढांडा, डॉ. वीरेंद्र नैन, पीएचसी इंचार्ज डॉ. आकाश, डॉ. प्रवीन छिक्कारा, फार्मासिस्ट रश्मी, एमपीएचडब्ल्यू जैकी सैनी, सरपंच प्रतिनिधि अजित कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कुमार, गुरमैल सरपंच गामड़ा, बिजेंद्र कोच, रणबीर, रोहताश, राजू पहल, नरेश, बलजीत, दीपक पहलवान, सचिन आदि मौजूद रहे।

# एलएडीसी नीति के विरोध में वकीलों का नो वर्क डे

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** लीगल एड डिफेंस काउंसिल (एलएडीसी) नीति के विरोध में जिला बार एसोसिएशन ने मंगलवार को एक बार फिर नो वर्क डे मनाया। करनाल से शुरू हुए इस विरोध के तहत अधिवक्ताओं ने न्यायालयों में कामकाज पूरी तरह से ठप रखा और सरकार के फैसले के खिलाफ एकजुटता दिखाई। संयुक्त बार एसोसिएशनों की संयुक्त कार्रवाई समिति के आह्वान पर यह कदम उठाया गया। हड़ताल के चलते जिला न्यायालय परिसर में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा, जिससे आम लोगों के मामलों की सुनवाई भी प्रभावित हुई। बार एसोसिएशन ने साफ कर दिया कि नो वर्क डे के दौरान कोई भी सदस्य, प्रॉक्सी काउंसल को छोडकर, किसी भी रूप में कोर्ट में पेश नहीं होगा। यदि कोई अधिवक्ता इस निर्णय का उल्लंघन करता है, तो उस पर 5 हजार का जुमार्ना लगाया जाएगा। इस सख्त निर्देश के कारण अधिकांश वकील हड़ताल में शामिल रहे और कोर्ट में नियमित कार्य पूरी तरह बाधित रहा।



एलएडीसी भारत सरकार की एक योजना है, जिसे नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी द्वारा लागू किया गया है। इसका उद्देश्य गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को खासकर फौजदारी मामलों में मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत सरकार फुल-टाइम वकीलों की नियुक्ति करती है, जिन्हें नियमित सैलरी दी जाती है।

ये वकील केवल उन आरोपियों के केस लड़ते हैं, जो वकील की फीस देने में सक्षम नहीं होते। हर जिले में एक टीम बनाई जाती है, जिसमें चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, डिप्टी काउंसिल, असिस्टेंट काउंसिल और सपोर्ट स्टाफ शामिल होता है। वर्ष 2023-24 से यह व्यवस्था देशभर में लागू की जा रही है और कई जिलों में इसके कार्यालय शुरू हो चुके हैं।

## न्यूज फ्लैश

### हिमालया बेबीकेयर ने नया डीवीसी लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे विश्वसनीय बेबीकेयर ब्रांड्स में से एक हिमालया बेबीकेयर, जिसे शिशुओं का प्यार और अभिभावकों का भरोसा प्राप्त है, ने हिमालया जेंटल बेबी शैम्पू के लिए अपना नया कैंपेन लॉन्च किया है। एक भावनात्मक और सहज इनसाइट पर आधारित यह फि ल्मएक माँ के उस वादे को खूबसूरती से दिखाती है जिसमें वह अपने शिशु के नहाने के समय को खुशनुमा और आंसू रहित बनाने का भरोसा देती है।

इस कैंपेन के केंद्र में हिमालया जेंटल बेबी शैम्पू का नो टीयर्स फॉमूर्ला है, जिसे इस तरह तैयार किया गया है कि शिशु का नहाने का अनुभव आंखों में जलन के बिना, आरामदायक और सुकूनभरा बने। चावल, गुड़हल, चने और खस (वेटिवर) के गुणों से युक्त यह शैम्पू शिशु की नाजुक स्कैल्प को पोषण देने के साथ-साथ बालों को मुलायम, रेशमी और प्राकृतिक रूप से चमकदार बनाए रखने में मदद करता है।इसका 5.5 पी एच बैलेंस स्कैल्प की सेहत को बनाए रखने में सहायक है, जिससे यह जन्म के पहले दिन से हीरोजमर्रा के उपयोग के लिए उपयुक्त है। इस लॉन्च के अवसर पर चक्रवर्ती एन. वी., डायरेक्टर झ बेबीकेयर, हिमालया वेलनेस कंपनी,ने कहा, ह्लहिमालया बेबीकेयर में हम समझते हैं कि नहलाने का समय माता-पिता और शिशु के बीच आपसी जुड़ाव का एक अहम पल होता है।हालांकि, कई अभिभावकों के लिए शिशु की असहजता और आंसुओं की आशंका इस खूबसूरत और भावनात्मक अनुभव को प्रभावित कर देती है। हमारे जेंटल बेबी शैम्पू और इसके ह्यनो टीयर्सह्ल फॉमूर्लेशन के माध्यम से हमारा उद्देश्य नहाने के समय को एक खुशनुमा और सुकूनभरी दिनचर्या में बदलना है, जिसका माता-पिता भी आनंद ले सकें। साथ ही यह उत्पाद माताओं को अपने शिशु के लिए आंसू रहित और खुशहाल नहाने का वादा निभाने में मदद करता है।

### एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने पीसीआई के साथ साझेदारी की

**गोहाना।** भारत की सबसे भरोसेमंद निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने आज भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत करने की घोषणा की है। एसबीआई लाइफ 2026 पैरा स्पोर्ट्स सीजन के लिए भारतीय दल का प्रिंसिपल पार्टनर बन गया है। कंपनी आगामी ग्लासगो राष्ट्रमंडल पैरा खेल 2026 और आइची-नागोया (जापान) में होने वाले एशियाई पैरा खेल 2026 में जाने वाले भारतीय पैरालंपिक दल के लिए ऑफिशियल लाइफ इंश्योरेंस पार्टनर होगी। इस साझेदारी के जरिए एसबीआई लाइफ का मकसद भारत के बेहतरीन पैरा-खिलाड़ियों की मेहनत और उनके सफर को पहचान देना और उसे दुनिया के सामने लाना है। ये एथलीट अपने पक्के इरादे और लगन से यह साबित कर रहे हैं कि नामुमकिन कुछ भी नहीं है। उनकी जिंदगी हमें यह सिखाती है कि अगर इंसान के पास आत्मविश्वास हो, सही तैयारी हो और अपनों का साथ मिले, तो वह किसी भी सपने को सच कर सकता है। इस साझेदारी के बारे में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के चीफ, ब्रांड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर, श्री रवींद्र शर्मा ने कहा, एसबीआई लाइफ में हमारा मानना है कि आत्मविश्वास ही इंसान को जीवन की अनिश्चितताओं से निपटते हुए अपने सपनों को पूरा करने की ताकत देता है।

### राष्ट्रपति की अंगरक्षक रेजीमेंट के सम्मान में 2 अगस्त को दिल्ली में होगा पहला 'प्रेसिडेंट्स बॉडीगार्ड सोल्जराथॉन'

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे वरिष्ठ और ऐतिहासिक सैन्य रेजीमेंट राष्ट्रपति की अंगरक्षक (प्रेसिडेंट्स बॉडीगार्ड) के 253 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 2 अगस्त को दिल्ली कैंट में पहली बार प्रेसिडेंट्स बॉडीगार्ड सोल्जराथॉन-2026 का आयोजन किया जाएगा। इस राष्ट्रीय आयोजन को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगी। कार्यक्रम का मुख्य सहयोग वंडर सीमेंट तथा सह-प्रायोजक भूटानी इंफ्रा है। सोल्जराथॉन के संस्थापक एवं फिटिस्तान के सह-संस्थापक मेजर डॉ. सुरेंद्र पूनिया (सेवानिवृत्त) ने कहा कि राष्ट्रपति की अंगरक्षक रेजीमेंट में सेवा करना उनके लिए गर्व की बात रही है और यह आयोजन उस गौरवशाली रेजीमेंट को उनकी ओर से श्रद्धांजलि है।

# एसडीएम प्रवेश कादियान ने पुरानी तहसील स्थित पटवारखाने का किया निरीक्षण

**दिशा-निर्देश**

**निरीक्षण में मिली खामियों को दुरूस्त करने के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को दिए दिशा-निर्देश**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** एसडीएम प्रवेश कादियान ने मंगलवार को पुरानी तहसील स्थित पटवारखाने का औचक निरीक्षण कर आमजन को दी जा रही सेवाओं एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न गांवों के पटवारी, कानूनगो कक्षों का दौरा कर कार्यप्रणाली की समीक्षा की तथा अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण में मिली खामियों को तुरंत प्रभाव से दुरूस्त करने के लिए तहसीलदार ललिता एवं नायब तहसीलदार अमित कुमार को निर्देश दिए। एसडीएम प्रवेश कादियान ने इस दौरान इंतकाल, पैमाइश, गिरदावरी, भूमि संबंधी अन्य रिकॉर्ड को अपडेट करने, रखखाव संबंधी व्यवस्था में सुधार सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पटवारियों से लंबित इंतकाल मामलों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने विशेष हिदायत देते हुए कहा कि निर्देश दिए कि प्रदान की जाने वाली राजस्व संबंधी सेवाओं की फीस को रजिस्टर में इंद्राज करने एवं कार्यालय में नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने एवं कार्यालय में आने जाने वाली डाकों का रिकार्ड रखने के लिए रजिस्टर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। एसडीएम ने कहा कि भविष्य में भी नियमित रूप से औचक निरीक्षण कर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यशैली को जांचा जाएगा। किसी भी प्रकार की कौताही बरतने वाले अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध प्रशासनिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर तहसीलदार ललिता, नायब तहसीलदार अमित कुमार, कार्यालय अधीक्षक अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# कपड़ा व्यापारी से 28 लाख की हेराफेरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिला के असन्ध में एक कपड़ा व्यापारी की दुकान से मुनीम द्वारा लाखों रुपए के गबन का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार दुकान में काम करने वाले मुनीम पर शक होने के बाद जब मालिक ने बिल, नकदी और सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो बड़े स्तर पर हेराफेरी का खुलासा हुआ। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

असंध निवासी शिकायतकर्ता धीरज छाबड़ा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी सफीदो रोड पर कैनरा बैंक के पास छाबड़ा दाज एंड वरी नाम से कपड़ों की दुकान है। उसने मार्च 2026 में अंकित निवासी गांव खांडा तहसील अलेवा जिला जींद को अपनी दुकान पर मुनीम के रूप में काम पर रखा था।

धीरज छाबड़ा के अनुसार 9 जुलाई को जब वह अपनी दुकान पर काम कर रहे थे, तब उन्हें मुनीम अंकित की गतिविधियों पर शक हुआ। इसके बाद उन्होंने दुकान के बिल, नकदी, सीसीटीवी फुटेज और अन्य रिकॉर्ड की बारीकी से जांच की।

# पंचकूला के गांव बतौर में अवैध कॉलोनी पर बड़ी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला, मैनपाल :** जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) श्रीमती बबीता गुप्ता के नेतृत्व में जिला नगर योजनाकार, पंचकूला की टीम ने शहरी क्षेत्र पंचकूला में अवैध निमार्णों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की।

इस दौरान गांव बतौर में विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी में चार डीपीसी और एक निमार्णाधीन दुकान को ध्वस्त किया गया। साथ ही, कॉलोनी में बनाए गए सड़क नेटवर्क को भी जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़ दिया गया।

यह कार्रवाई जिला नगर योजनाकार श्रीमती बबीता गुप्ता, ड्यूटी मजिस्ट्रेट श्री अशोक कुमार, सहायक नगर योजनाकार श्री डिम्पी राठी तथा भारी पुलिस बल की मौजूदगी में संपन्न हुई। जानकारी देते हुए डीटीपी श्रीमती बबीता गुप्ता ने बताया कि किसी भी निर्माण कार्य या कॉलोनी विकसित करने से पूर्व नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग, हरियाणा के निदेशक से आवश्यक अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य है। यदि कोई व्यक्ति बिना अनुमति के अवैध निर्माण करता है या कॉलोनी विकसित करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

# सीआईए अंबाला पुलिस की जुआरियों पर बड़ी स्ट्राइकः 4 आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** अंबाला में अवैध गतिविधियों और जुआ माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अंबाला पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। पुलिस अधीक्षक अंबाला, अजीत सिंह शेखावत के सख्त दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए सीआईए -01 पुलिस ने छापेमारी में 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से ?4.40 लाख की जुआ राशि बरामद की गई है। पकड़े गए सभी आरोपियों को माननीय न्यायालय में




पेश कर न्यायिक हिरासत (जेल) भेज दिया गया है। सीआईए 01प्रभारी निरीक्षक परमवीर सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक अजय कुमार, सहायक उप निरीक्षक मनदीप सिंह व उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर थाना अंबाला शहर क्षेत्र शक्ति नगर कॉलोनी में रेड की। पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर जुआ खेल रहे 04 आरोपियों को रंगे हाथों काबू किया। इनके पास से ?4.40 लाख की नकदी बरामद की गई व जुआ खेलने का सामान तथा तीन गाड़ियां भी जप्त की गई है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान, अतुलझ्र निवासी छोटा बाजार अंबाला शहर,
अनिल कुमारझ्र निवासी पी एन टी कालोनी हिम्मतपुरा अंबाला शहर,
दीपकझ्र निवासी जग्गी कॉलोनी फेस -01 अंबाला शहर,
अमनप्रीत सिंहझ्र निवासी जगाधरी गेट अंबाला शहर के रूप में हुई है।

# हकेवि में स्वच्छता रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के मनोविज्ञान विभाग ने छात्र कल्याण अधिष्ठाता के सहयोग से ह्यसफाई से... सुकून तकह्य विषय पर स्वच्छता रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय समुदाय के बीच स्वच्छता, पर्यावरणीय स्थिरता तथा जिम्मेदार अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक ब्लॉक तीन से वाई-फाई पार्क तक आयोजित इस स्वच्छता रैली में 200 विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# काली पट्टी बांधकर दुकानदारों ने निकाला मार्च

**विरोध**

**एक रात में चोरों ने 10 दुकानों के तोड़े ताले**
**व्यापारियों का फूटा गुस्सा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
करनाल। जिले के घरौंडा कस्बे में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से नाराज दुकानदारों ने मंगलवार को पैदल मार्च निकालकर अपना विरोध दर्ज कराया। यह मार्च पटवारी मोहल्ले से शुरू होकर मेन बाजार, तकिया मार्किट, रेलवे रोड और सर्विस रोड से होते हुए घरौंडा थाना पहुंचा।

प्रदर्शनकारियों ने पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। दुकानदारों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आगे सख्त कदम उठाए जाएंगे।

मंगलवार को घरौंडा के दुकानदार, समाजिक कार्यकर्ता, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष व कार्यकर्ता घरौंडा के पटवारी मोहल्ले में एकत्रित हुए और वहां से मुंह पर काली पट्टी बांधकर पैदल मार्च करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़े।

ब्लॉक अध्यक्ष रोबिन माइकल, सोनू कश्यप, बाबा मीर सिंह, जगपाल सिंह, वेदप्रकाश, योगेंद्र शर्मा व अन्य दुकानदारों के अनुसार रविवार और सोमवार की दरमियानी रात को मेन बाजार में तीन चोरों ने 8 से 10 दुकानों के ताले तोडकर करीब एक लाख रुपए की चोरी की। इस दौरान नकदी के साथ-साथ सामान भी चोरी किया गया।

मामले में विनोद कुमार ने पुलिस को शिकायत दी। उन्होंने बताया कि उनकी दुकान विनोद कन्फेक्शनरी मेन बाजार में है। रात करीब 2 से 2.30 बजे के बीच उन्हें फोन आया कि दुकान के ताले टूटे हुए हैं।

# कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, राइडर की हालत गंभीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में घोघड़ीपुर रोड पर एक अज्ञात कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को पहले सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज नहीं मिलने पर परिजन उसे शाहबाद के निजी अस्पताल ले गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गांव रूकनपुर निवासी जगदीश चन्द ने थाना मधुबन में शिकायत दी। उन्होंने बताया कि उनका बेटा मुकेश कल शाम करीब 6.30 बजे अपनी स्प्लेंडर बाइक से किसी निजी कार्य के लिए घोघरीपुर जा रहा था। जैसे ही वह पुल की ओर बढ़ा, उसी दौरान घोघरीपुर की तरफ से आ रही काले रंग की एक अज्ञात गाड़ी ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मुकेश वाहन का पूरा नंबर स्पष्ट रूप से नहीं देख सका। हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया और वाहन कोढ़ी कॉलोनी, करनाल की दिशा में लेकर चला गया।

हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी।

# लाडवा नगरपालिका की बड़ी कारवाई, आवारा घूम रहे 15 घोड़ों को पकड़ा, लगाया जुर्माना

**कड़ा रुख**

**ये जानवर न केवल यातायात को बाधित कर रहे थे, बल्कि दुर्घटनाओं का कारण भी बन रहे थे**




**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 28 जुलाई (विजय कौशिक) :** लाडवा नगरपालिका सचिव नीरज सैनी की बड़ी कार्रवाई, आवारा घूमते 15 घोड़ों को पकड़ा, 6 घोड़ों को जुमार्ना लगाकर छोड़ा, कुछ को बीमारी के चलते छोड़ा। नगरपालिका सचिव नीरज सैनी ने कहा कि पहली बार घोड़ों के मालिकों का 2 हजार से 3 हजार तक जुमार्ना लगाया गया। लेकिन उन्होंने घोड़ों के मालिकों को चेताया कि अगर दोबारा उनके घोड़े रोड पर घूमते मिले तो कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

?लाडवाः शहर में आवारा पशुओं के कारण बढ़ रही दुर्घटनाओं और यातायात में आ रही बाधा को देखते हुए लाडवा नगरपालिका प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। नगरपालिका सचिव नीरज सैनी के नेतृत्व में चलाए गए एक विशेष अभियान के तहत मुख्य रास्तों और सार्वजनिक स्थानों पर बेसहारा घूम रहे 15 घोड़ों को पकड़ा गया।

?नगरपालिका सचिव नीरज सैनी ने बताया कि लाडवा शहर में लंबे समय से स्थानीय निवासियों और वाहन चालकों द्वारा आवारा घूमते घोड़ों की शिकायतें मिल रही थीं। ये जानवर न केवल यातायात को बाधित कर रहे थे, बल्कि दुर्घटनाओं का कारण भी बन रहे थे।

इसी को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 15 घोड़ों को जब्त किया।

?इसके बाद, घोड़ों के मालिकों को चिन्हित कर नगरपालिका कार्यालय बुलाया गया और उनसे नियमानुसार जुमार्ना वसूलने के बाद ही घोड़ों को छोड़ा गया।

?पुनः खुले में छोड़ने पर होगी सख्त कार्रवाई

सचिव नीरज सैनी ने पशुपालकों को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि यदि भविष्य में भी मवेशी या घोड़े सड़कों पर आवारा घूमते पाए गए, तो जानवरों को जब्त कर मालिकों के खिलाफ और अधिक सख्त कानूनी व वित्तीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे अपने पालतू जानवरों को बांधकर रखें और शहर को स्वच्छ व सुरक्षित बनाने में सहयोग करें।

28 लाडवा 6 : नगरपालिका में बंधे नगरपालिका लाडवा के कर्मचारियों द्वारा पकड़े हुए घोड़े।

# अंबाला को नशा मुक्त बनाने के उद्धेश्य से जन जागरूकता अभियान चलाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** अंबाला पुलिस द्वारा जिले को पूरी तरह से 'नशा मुक्त' बनाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस महानिरीक्षक (अंबाला मंडल) पंकज नैन के दिशानिदेर्शों और पुलिस अधीक्षक अंबाला अजीत सिंह शेखावत के कुशल नेतृत्व में अंबाला पुलिस नशे के खात्मे के लिए दिन-रात प्रयासरत है। जहाँ एक ओर पुलिस नशा तस्करों को दबोचकर सलाखों के पीछे भेज रही है, वहीं दूसरी ओर




एनडीपीएस सैल की टीमें जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर आमजन और युवाओं को जागरूक कर रही हैं।

विद्यार्थियों को किया गया जागरूक,

इसी कड़ी में एनडीपीएस सैल टीम द्वारा फारूखा खालसा स्कूल अंबाला छावनी में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों और इससे शरीर व जीवन पर पड़ने वाले घातक प्रभावों के बारे में विस्तार से समझाया गया।

## न्यूज फ्लैश

## तीन माह बाद बनी गोविंदपुर की सड़क, खबर प्रकाशित होते ही जागा नगर निगम प्रशासन

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।नगर** निगम मथुरा-वृंदावन के वार्ड संख्या 24 (सराय आजमाबाद) स्थित मोहल्ला गोविंदपुर का मुख्य मार्ग आखिरकार तीन माह बाद बनकर तैयार हो गया। लंबे समय से खुदी और उबड़-खाबड़ पड़ी इस सड़क के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। मीडिया द्वारा मामले को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद नगर निगम प्रशासन हरकत में आया और एक सप्ताह के भीतर सड़क का निर्माण कार्य पूरा करा दिया गया।

जानकारी के अनुसार, अनुसूचित जाति बहुल इस मोहल्ले की मुख्य सड़क को लगभग तीन महीने पहले सीवर कार्य के लिए खोद दिया गया था। इसके बाद सड़क पर रोड़ी और गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया, जिससे राहगीरों, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बरसात के दौरान जलभराव की स्थिति बनने से समस्या और गंभीर हो गई थी तथा कई लोग फिसलकर घायल भी हुए।

इस संबंध में वार्ड-24 के मोहल्ला गोविंदपुर का आम रास्ता हाल-बेहाल शीर्षक से समाचार प्रकाशित होने के बाद नगर निगम प्रशासन, संबंधित ठेकेदार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मामले का संज्ञान लिया। इसके बाद सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया गया और एक सप्ताह के भीतर सड़क तैयार कर दी गई।

हालांकि, स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि सड़क निर्माण में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया गया। बताया जा रहा है कि जहां सड़क पर लगभग 7 इंच मोटी आरसीसी डाली जानी थी, वहीं मौके पर करीब 4 इंच मोटी आरसीसी ही डाली गई। यदि यह आरोप सही पाए जाते हैं तो निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो सकते हैं।

स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि सड़क निर्माण की तकनीकी जांच कराई जाए और यदि मानकों में अनियमितता पाई जाए तो संबंधित ठेकेदार के भुगतान पर रोक लगाकर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। क्षेत्रीय पार्षद अंकुर गुर्जर ने बताया कि नगर निगम के अधिकारियों से लगातार संपर्क कर सड़क निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने का प्रयास किया गया। अब सड़क बन जाने से क्षेत्रवासियों को राहत मिली है। यदि निर्माण गुणवत्ता को लेकर कोई शिकायत सामने आती है तो उसकी भी जांच कराई जाएगी।

## झुर्रियों भरे चेहरों पर नन्ही किलकारियों का मरहम

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा** ' जहाँ आज के आधुनिक दौर में जन्मदिन का अर्थ चकाचौंध ऊँचे संगीत और महँगे केक तक सीमित रह गया है वहीं अधिति पाठक मोहित पाठक ने अपने पुत्र अधित पाठक के जन्मदिन को संस्कारों की एक ऐसी मिसाल बना दिया जिसने समाज की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है मातृ पिता सेवा सदन (वृद्धाश्रम) की फिजा उस वक्त बदल गई जब नन्हा अधित अपनी मासूम किलकारियों के साथ उन बुजुर्गों के बीच पहुँचा जिनकी आँखें बरसों से अपनों की राह तकते-तकते पथरा चुकी हैं यह नजारा भावुक कर देने वाला था–एक तरफ वो मासूम जान जिसे दुनिया के दुखों का इल्म नहीं और दूसरी तरफ वो थकी हुई रूहें जिन्हें अपनी ही औलाद बोझ समझकर छोड़ गई है

मोमबत्तियाँ बुझाई नहीं उम्मीद के दीप जलाए मोहित पाठक ने जन्मदिन पर मोमबत्तियाँ बुझाने की रवायत को छोड़कर उन बुझते हुए दीपों में अपनेपन का तेल डाला

जो अपनों की बेरुखी की मार झेल रहे हैं जब अधित के नन्हे हाथों से बुजुर्गों को भोजन प्रसादी सेवा दी गई तो कई माताओं का आँचल भीग गया किसी बुजुर्ग को अपना वो बेटा याद आया जो उन्हें यहाँ छोड़ गया, तो किसी को अधित के रूप में वो पोता मिल गया जिसकी एक झलक के लिए उनकी रूह तरसती थी

दुआओं का महाकुंभ

श्री मुरलीवाला युवा सेवा समिति (रोटी बैंक) के तत्वावधान में आयोजित इस सेवा कार्य में परोसे गए भोजन के हर निवाले के साथ बुजुर्गों के दिल से जो 'दुआ' निकली, वह दुनिया के किसी भी उपहार से अनमोल थी मोहित पाठक की यह पहल समाज के उस स्वार्थ पर करारा प्रहार है जहाँ लोग खुशियों में अपनों को ही भूल जाते हैं

समिति के संस्थापक शिवकुमार सोनी ने अधित के इस संस्कारवान भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इंसानियत वही है जहाँ अपनों का हाथ थामने वाला कोई न हो वहाँ हम सहारा बन जाएँ अधित ने अपनी पहली यादों में सेवा के जो बीज बोए हैं वे उसे भविष्य में एक महान इंसान बनाएंगे '

# नागरिकों के दिलों में स्वच्छता के प्रति प्रेम जगाना अभियान का उद्देश्य: एसडीएम राजेश खोथ

**स्वच्छता अभियान**

**पांच गांवों के सरपंच, ग्राम सचिव, सफाई कर्मी और प्रशासनिक अमले ने दिया स्वच्छता का संदेश**



**टीम एक्शन इंडिया**
**हांसी(दिनकर गावड़ी):झ्र** हांसी के गांव पुट्ठी मंगल खा में मंगलवार को एसडीएम राजेश खोथ के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों के मन में स्वच्छता के प्रति प्रेम, जिम्मेदारी और जनभागीदारी की भावना विकसित करना रहा, ताकि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम न रहकर प्रत्येक नागरिक की जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बन सके।

अभियान के दौरान गांव की सार्वजनिक इमारतों, गलियों, रास्तों, चौपालों, नालियों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई करवाई गई। लंबे समय से जमा कचरे, झाड़ियों एवं गंदगी को हटाने के लिए जेसीबी मशीन तथा चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का उपयोग किया गया। पूरे अभियान के दौरान सफाई कार्य व्यवस्थित और योजनाबद्ध तरीके से किया गया, जिससे गांव के अनेक हिस्सों को स्वच्छ और साफ-सुथरा बनाया गया।

इस विशेष अभियान में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अशोक कुमार, पांच गांवों के सरपंच, अनेक ग्राम सचिव तथा छह गांवों के सफाई कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी अभियान में बढ़-चढ़कर सहयोग दिया। सभी ने स्वयं सफाई कार्य में भाग लेकर यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का सामूहिक दायित्व है।

अभियान के दौरान एसडीएम राजेश खोथ ने कहा कि नागरिकों के दिलों में स्वच्छता प्रेम जगाना ही इस अभियान का वास्तविक उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक अपने घर, गली और सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता के प्रति सजग रहेगा तो गांवों और शहरों की तस्वीर स्वतः बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ समाज की पहचान है और स्वच्छता अपनाकर अनेक संक्रामक बीमारियों से बचाव किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने के लिए केवल प्रशासनिक प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि आमजन की सक्रिय भागीदारी भी उतनी ही आवश्यक है। जब लोग स्वेच्छा से अपने आसपास सफाई रखने का संकल्प लेंगे, तभी स्वच्छता का स्थायी वातावरण तैयार होगा।

## बारिश में तालाब बना सरकारी स्कूल, जलभराव से बच्चों की पढ़ाई पर संकट

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**
**पलवल।** हथीन खंड के गांव आली मेव स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में बारिश के बाद घुटनों तक गंदा पानी भर जाने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जलभराव के कारण बच्चों को पानी से होकर कक्षाओं तक पहुंचना पड़ रहा है, जिससे अभिभावकों और ग्रामीणों में रोष है। उन्होंने शिक्षा विभाग, प्रशासन और ग्राम पंचायत पर लंबे समय से समस्या की अनदेखी का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या हर वर्ष बारिश के मौसम में सामने आती है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं किया गया। विद्यालय परिसर में गंदा पानी भरा रहने से बच्चों की सुरक्षा के साथ-साथ संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। कई अभिभावकों ने बच्चों को स्कूल भेजना भी कम कर दिया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक वेदराम और स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के प्रधान मोहम्मद ने बताया कि विद्यालय की समस्याओं को लेकर कई बार खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ), जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) और उपायुक्त को लिखित प्रस्ताव एवं विस्तृत एस्टीमेट भेजे जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई स्वीकृति नहीं मिली। उन्होंने विद्यालय में आठ नए कमरों, शौचालयों, स्वच्छ पेयजल, 210 फुट चारदीवारी तथा परिसर की लेवलिंग कराने की मांग की है। उनका कहना है कि चारदीवारी नहीं होने से विद्यालय परिसर में पशु और निजी वाहन भी प्रवेश कर जाते हैं।

## बाघोत कांवड़ मेले की सुरक्षा को लेकर थाना प्रभारी ने किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़** । पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार के निर्देशानुसार मेले की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले बाघोत कांवड़ मेले के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर थाना सदर कनीना के प्रभारी उप निरीक्षक रविन्द्र ने मेला स्थल का दौरा कर सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी ने महंत रोशनपुरी से विचार-विमर्श कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने मेला स्थल पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों, बिजली, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, फायर ब्रिगेड सहित अन्य आवश्यक प्रबंधों का जायजा लिया।

थाना प्रभारी रविंद्र ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को प्राथमिकता दी गई है। पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं ताकि श्रद्धालु सुरक्षित वातावरण में मेले का आनंद ले सकें। उन्होंने मेला स्थल का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया और कहा कि पुलिस प्रशासन मेले के सफल, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



## समाधान समारोह 2026, 21 से 23 अगस्त तक विशेष लोक अदालतें

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार अदालतों में लंबित मुकदमों के सौहार्दपूर्ण निपटान को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से समाधान समारोह 2026 शुरू किया गया है। अभियान के तहत 21 से 23 अगस्त तक विशेष लोक अदालतें लगाई जाएंगी।

इस दौरान पारंपरिक न्यायिक प्रक्रिया के स्थान पर संवाद, सहमति और मध्यस्थता के जरिए विवाद सुलझाए जाएंगे, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी।

## पैथोलॉजिस्ट्स का राज्य स्तरीय सम्मेलन, आधुनिक तकनीक व एआई पर हुआ मंथन

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**
**पलवल।** एसोसिएशन ऑफ प्रैक्टिसिंग पैथोलॉजिस्ट्स (एपीपी) हरियाणा की ओर से गुरुग्राम में एक दिवसीय राज्य स्तरीय वैज्ञानिक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में हरियाणा सहित देश के विभिन्न राज्यों से 110 से अधिक पैथोलॉजिस्ट और लैब संचालकों ने भाग लिया। इस दौरान आधुनिक पैथोलॉजी, लैब प्रबंधन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ऑटोमेशन, गुणवत्ता, नेतृत्व तथा स्वतंत्र प्रयोगशालाओं के भविष्य जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने विचार साझा किए।

सम्मेलन के आयोजन सचिव एवं संयोजक डॉ. प्रशांत गुप्ता (पलवल) ने बताया कि वर्तमान समय में केवल तकनीकी दक्षता ही नहीं, बल्कि प्रभावी नेतृत्व, बेहतर प्रबंधन और आधुनिक तकनीकों को अपनाना भी आवश्यक हो गया है।

इसी उद्देश्य से सम्मेलन को पारंपरिक व्याख्या के बजाय संवादात्मक और सहभागितापूर्ण स्वरूप दिया गया, जिसे प्रतिभागियों ने सराहा।

सम्मेलन में देश के वरिष्ठ पैथोलॉजिस्ट्स एवं विशेषज्ञों ने स्वतंत्र प्रयोगशालाओं के समक्ष आने वाली चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। पैनल चर्चा, केस आधारित शिक्षण और समूह गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को व्यवहारिक अनुभव और नवीन जानकारियां उपलब्ध कराई गईं। आयोजन समिति में डॉ. युधवीर सिंह, डॉ. वाणी, डॉ. इरबिंदर कौर, डॉ. रितिका हुड्डा, डॉ. रशी और डॉ. सौरभ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, डॉ. बी.सी. गुप्ता, डॉ. मनीष वाधवा, डॉ. गजेंद्र यादव और डॉ. राजन वर्मा का मार्गदर्शन भी सम्मेलन की सफलता में अहम रहा।

सम्मेलन में दूर-दराज से आए प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। डॉ. कयूर और डॉ. साई अक्षय की उपस्थिति प्रतिभागियों के लिए प्रेरणादायक रही।

# सिरसा नगर परिषद में सफाई व्यवस्था के नाम पर बड़ा घपला हो रहा है: राजकुमार

**अफरा तफरी**

**नगर परिषद में फर्जी सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज कराकर उनकी तनख्वाह खजाने से निकाली जा रही है।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा(रणबीर खटक)**
प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने कहा कि सिरसा नगर परिषद में सफाई व्यवस्था के नाम पर बड़ा घपला हो रहा है, और सरकार मूक दर्शक बनी हुई है। जारी बयान में उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा शहर के 32 वार्डों में कुल 238 सफाई कर्मचारियों के कार्यरत होने का दावा किया जा रहा है, जबकि जमीनी स्तर पर स्थिति इससे बिल्कुल अलग है। शर्मा ने कहा कि हकीकत में 150 कर्मचारी भी नियमित रूप से सफाई कार्य करते दिखाई नहीं देते। राजकुमार शर्मा ने कहा कि यदि प्रदेश सरकार और नगर परिषद प्रशासन वास्तव में पारदर्शिता लाना चाहते हैं तो परिषद द्वारा रिकॉर्ड में दर्शाए गए सभी 238 सफाई कर्मचारियों की सूची सार्वजनिक की जाए। इसके साथ ही उनके नाम, मोबाइल नंबर तथा उन्हें आवंटित वार्डों की जानकारी भी जनता के सामने रखी जानी चाहिए। ऐसा होने पर पूरे मामले की सच्चाई सामने आ जाएगी और यह स्पष्ट हो जाएगा कि वास्तव में कितने कर्मचारी सफाई कार्य कर रहे हैं और कितने केवल कागजों में मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि हकीकत है कि वर्ष 1996 के बाद सफाई कर्मचारियों की पक्की भर्ती नहीं हुई है। सिर्फ 190 पक्के कर्मचारी ही कार्य कर रहे हैं, जबकि इतने सालों में शहर काफी फैल चुका है। शर्मा ने कहा कि पक्की भर्ती करने की बजाय इन कर्मचारियों का जमकर शोषण किया जा रहा है। नगर परिषद में फर्जी सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज कराकर उनकी तनख्वाह सरकारी खजाने से निकाली जा रही है।

इस पूरे खेल में नप के कुछ अधिकारी और ठेकेदार की मिलीभगत से जनता के टैक्स के पैसा हजम किया जा रहा है। शर्मा ने कहा कि सफाई व्यवस्था के नाम पर लाखों रुपये खर्च करने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन शहर के कई इलाकों में गंदगी के ढेर लगे हुए हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि रिकॉर्ड और वास्तविकता में बड़ा अंतर है।प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि ने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की बात तो करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसके उलट स्थिति दिखाई देती है। शर्मा ने कहा कि हैरानी की बात है कि नगर परिषद में भ्रष्टाचार के अनेक मामले उजागर होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई। अधिकतर मामलों में केवल नोटिस जारी करने या चार्जशीट देने तक ही कार्रवाई सीमित रही, जिसके बाद वे फिर से अपने पद पर कार्य करते हुए नजर आते हैं।

## हैजा व पीलिया बीमारियों को रोकने के लिए खुले में खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रहेगा प्रतिबंध

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिलाधीश डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि बारिश के सीजन में हैजा व पीलिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों को प्रबंध करने होंगे। इन बीमारियों की रोकथाम के लिए जिला में खुले में फल, सब्जी, अन्य खाद्य पदार्थ बेचने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाता है। इसके साथ ही बाजारों और दुकानों का औचक निरीक्षण करने के एसडीएम, सीटीएम, सीएमओ, डीआरओ, डीडीपीओ सहित अन्य अधिकारियों को अधिकृत किया गया है। इन आदेशों की अवहेलना करने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

जिलाधीश डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने जिला में हैजा व पीलिया के संक्रमण को रोकने और नियंत्रित करने के लिए जारी आदेशों में कहा है कि बरसात के मौसम में कई सारी बीमारियों के होने का खतरा बढ़ जाता है। आमतौर पर मानसून में हैजा व पीलिया सबसे अधिक होता है। ये बीमारियां संक्रमित और दूषित पानी से फैलती है। इसकी रोकथाम के लिए पारित आदेशों में खुले में मिठाइयों, मांस, केक, बिस्कुट, ब्रेड, पकोड़े, पके हुए अनाज, चाट, कटी हुई सब्जियों और कटे-अधिक पके फलों की बिक्री, भंडारण और प्रदर्शन पर रोक लगाई है।

उन्होंने आदेशों में वस्तुओं को धूल, मक्खियों या किसी अन्य दूषित एजेंटों से पूरी तरह सुरक्षित रखने के लिए ठीक से गेज या उपयुक्त कवर से ढंकने के लिए कहा है।

## 116 बोतल अवैध शराब बरामद सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** थाना बुटाना की पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आरोपी संतोष कुमार पुत्र सरदार, निवासी गांव नंगला झाबर कन्नौज, उत्तर प्रदेश समानाबाहु, को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 116 बोतल अवैध शराब बरामद की हैं।

थाना बुटाना के प्रबंधक निरीक्षक विपीन कुमार के नेतृत्व में उप निरीक्षक मनोज कुमार की अध्यक्षता में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 37 बोतल अंग्रेजी शराब एवं 79 बोतल देशी शराब, कुल 116 बोतल अवैध शराब बरामद की गई।

## वार्ड 10, 11 व 12 के विकास कार्यों का निगमायुक्त ने किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने मंगलवार को शहर के वार्ड नम्बर 10, 11 व 12 का विस्तृत निरीक्षण कर विकास कार्यों, साफ-सफाई, स्ट्रीट लाईट, सीवरेज लाइनों, स्टॉर्म वाटर निकासी, पार्कों का रख-रखाव तथा कचरा एकत्रीकरण व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित पार्षदों से क्षेत्र की समस्याओं और विकास संबंधी मांगों की जानकारी ली तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। निगमायुक्त ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों की गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा जहां भी लापरवाही मिलेगी, संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



तीनों वार्डों में करोड़ों रुपये के विकास कार्य प्रगति पर

निगमायुक्त ने बताया कि वार्ड नम्बर 10 में कुल 12 विकास कार्यों के टेंडर लगाए गए हैं। इनमें 2 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, 5 कार्य प्रगति पर हैं, 4 टेंडर प्रक्रिया में हैं तथा 1 कार्य शुरू किया जाना है। इन सभी कार्यों पर लगभग 2 करोड़ 15 लाख की राशि खर्च की जाएगी। वार्ड नम्बर 11 में 4 विकास कार्यों के टेंडर लगाए गए हैं, जिनमें 1 कार्य पूर्ण, 1 प्रगति पर, 1 टेंडर प्रक्रिया में तथा 1 कार्य प्रारंभ किया जाना है।

## मुडिया पूर्णिमा : गिरिराज की घाटी में लाखों लोगों ने देखे श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर तोड़े जाने के साक्ष्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**लोकेश चौधरी**

**प्रदर्शनी**

**लाखों श्रद्धालुओं तक पहुंचा श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति का संदेश : महेंद्र प्रताप सिंह**

**गोवर्धन (मथुरा)।** मुडिया पूर्णिमा मेले में गिरिराज महाराज की परिक्रमा के लिए उमड़े श्रद्धालुओं के बीच मंगलवार को राधाकुंड स्थित श्री गुरु कार्ष्णि बृजनन्द उदासीन आश्रम (बागड़ी की प्याऊ, राधाकुंड, गोवर्धन) में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर से जुड़े ऐतिहासिक साक्ष्यों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में मंदिर के इतिहास, उपलब्ध ऐतिहासिक दस्तावेजों तथा श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मस्जिद प्रकरण से संबंधित तथ्यों को प्रदर्शित किया गया। दिनभर में लाखों परिक्रमार्थियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और मेले में पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं तक जनजागरण अभियान का संदेश पहुंचाया गया।

प्रदर्शनी का आयोजन श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मस्जिद प्रकरण में हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट की अगुवाई में किया गया। उनके निर्देशन में चलाए जा रहे जनजागरण अभियान के अंतर्गत किया गया। आश्रम के संस्थापक स्वामी श्री रविन्द्रानंद जी महाराज ने पंपलेट वितरण कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वामी विश्वात्मानंद जी महाराज एवं संत श्यामानंद जी महाराज भी मौजूद रहे।

प्रदर्शनी में विभिन्न ऐतिहासिक ग्रंथों, अभिलेखों और दस्तावेजों के आधार पर तैयार सामग्री प्रदर्शित की गई। श्रद्धालुओं को बताया गया कि इन ऐतिहासिक साक्ष्यों के आधार पर हिंदू पक्ष न्यायालय में अपना दावा प्रस्तुत कर रहा है।

प्रदर्शनी के माध्यम से श्रीकृष्ण जन्मभूमि के इतिहास, मंदिर विध्वंस से जुड़े संदर्भों तथा न्यायालय में विचाराधीन वाद की जानकारी विस्तार से दी गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर संबंधित दस्तावेजों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

स्वामी श्री रविन्द्रानंद जी महाराज ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि का इतिहास प्रत्येक सनातनी तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में प्रदर्शित सामग्री विभिन्न ऐतिहासिक पुस्तकों और प्रमाणिक स्रोतों से संकलित की गई है। उन्होंने श्रद्धालुओं से ऐतिहासिक तथ्यों को जानने, समझने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने कहा कि मुडिया पूर्णिमा के अवसर पर प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु गिरिराज महाराज की परिक्रमा कर रहे हैं। ऐसे समय में आयोजित यह प्रदर्शनी जनजागरण का प्रभावी माध्यम बनी है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मस्जिद प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है और हिंदू पक्ष ऐतिहासिक दस्तावेजों, अभिलेखों तथा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अपना पक्ष रख रहा है। उन्होंने कहा कि आंदोलन पूरी तरह संवैधानिक एवं न्यायिक प्रक्रिया के अनुरूप चलाया जा रहा है। श्रद्धालुओं से उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने तथा जनजागरण अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन में भारतीय ज्ञान परंपरा की अहम भूमिका : कृष्ण मोहन

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग पलवल।** सरस्वती महिला महाविद्यालय, पलवल एवं महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के यूजीसी मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर (एमएमटीटीसी) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित आठ दिवसीय मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम (एनईपी ओरिएंटेशन एवं सेंसिटाइजेशन) का सोमवार को ऑनलाइन समापन हो गया। 21 से 28 जुलाई तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के करीब 100 शिक्षाविदों ने सहभागिता की।

समापन सत्र में हरियाणा सरकार के पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री कृष्ण मोहन ने ₹भारतीय ज्ञान परंपरा : अकादमिक नेतृत्व एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020₹ विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा, मूल्य आधारित शिक्षा, स्वदेशी ज्ञान, जनजातीय परंपराओं, कौशल विकास तथा भारतीय सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक शिक्षा प्रणाली के साथ समाहित किया गया है। इससे विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, नवाचार, आत्मनिर्भरता एवं समग्र व्यक्तित्व का विकास संभव होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को शिक्षा व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा बनाकर शैक्षणिक नेतृत्व को भी नई दिशा दी गई है।

कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के बहुआयामी दृष्टिकोण, प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग, समावेशी शिक्षा, अनुसंधान, कौशल विकास तथा अकादमिक नेतृत्व के प्रति जागरूक एवं सक्षम बनाना था। समापन सत्र में वक्ता का स्वागत महाविद्यालय की मिस तानिया ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शुचि दीवान ने प्रस्तुत किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. वंदना त्यागी ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने में सहायक सिद्ध होगा।

## न्यूज फ्लैश

### फैक्ट्री से लोहे का कच्चा माल चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

**नितिन सिंगला जगाधरी**



**यमुनानगर।** थाना सदर यमुनानगर पुलिस ने फैक्ट्री से लोहे का कच्चा माल (इंगेट) चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया माल बरामद किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए थाना सदर यमुनानगर पुलिस ने इस मामले का सफलतापूर्वक खुलासा किया। थाना प्रभारी कमलजीत सिंह ने बताया कि मॉडल टाउन निवासी राजेंद्र छाबड़ा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी शादीपुर स्थित साक्षी प्लाईवुड फैक्ट्री में पिछले कुछ समय से लगातार चोरी की घटनाएं हो रही थीं। 27 जुलाई को फैक्ट्री पहुंचने पर उन्होंने देखा कि वहां से लोहे का कच्चा माल (इंगेट) चोरी हो चुका था। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर मुख्य सिपाही संदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान अभिषेक पुत्र राकेश निवासी गांव बहादुरपुर, मांगेराम पुत्र सुरेश पाल तथा अजय पुत्र गुणराज सिंह निवासी जगाधरी वर्कशॉप के रूप में हुई।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया लोहे का कच्चा माल बरामद कर लिया है। सभी आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### डीएमए क्रिकेट लीग में ग्लोब हेरिटेज स्कूल बना चैंपियन

राादौर, 28 जुलाई (कुलदीप सैनी) : ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने अंबाला के तोपखाना ग्राउंड में सीडी हाई स्कूल द्वारा आयोजित डीएमए क्रिकेट लीग में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-14 वर्ग का खिताब अपने नाम किया। टीम की इस उपलब्धि से स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन हुआ। खेल अध्यापक संजय कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में सार्थक को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, हर्षित को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, खवीश को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक तथा रुद्र को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। विद्यालय पहुंचने पर विजेता खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षक को बधाई देते हुए कहा कि यह पूरी ग्लोब हेरिटेज परिवार की उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ खेल, कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को भी समान महत्व दिया जाता है, ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

### प्राइम वीडियो के एमएक्स प्लेयर पर गेमिंग रियलिटी शो प्लेग्राउंड नए सीजन के साथ वापस लौटा। ट्रेलर अब रिलीज हो चुका है!

**नई दिल्ली** : भारत की प्रमुख मुफ्त, प्रीमियम और विज्ञापन-समर्थित वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, प्राइम वीडियो के एमएक्स प्लेयर ने आज प्लेग्राउंड सीजन 5 का ट्रेलर जारी किया। इस बार खेल पहले से भी बड़ा और रोमांचक होने वाला है। लोकप्रिय गेमिंग रियलिटी शो इस बार अपने अब तक के सबसे बड़े फॉर्मेट के साथ लौट रहा है, जिसमें पहली बार तीन मेंटर्स का पैनल होगा। दो बार के चैंपियन एल्विश यादव एक बार फिर को क्रैकेंस टीम का नेतृत्व करेंगे। वहीं तेजस्वी प्रकाश पहली बार मेंटर के रूप में रेजिंग सेंटॉर्स टीम की कमान संभालेंगी। उनके साथ आरुष भोला पावर फीनिक्स टीम का नेतृत्व करेंगे। छह सप्ताह तक चलने वाले इस सीजन में ये तीनों टीमें रोमांचक प्रतिस्पर्धा में आमने-सामने होंगी, जहां अंत में केवल एक ही मास्टरमाइंड विजेता बनकर उभरेगा। प्लेग्राउंड सीजन 5 का प्रीमियर 1 अगस्त 2026 से होगा। यह शो प्राइम वीडियो के एमएक्स प्लेयर पर पूरी तरह मुफ्त में स्ट्रीम किया जाएगा और मोबाइल डिवाइस, कनेक्टेड टीवी, अमेजन शॉपिंग ऐप, प्राइम वीडियो तथा फायर टीवी पर उपलब्ध रहेगा। ट्रेलर की शुरूआत में तीनों मेंटर्स अपनी-अपनी दुनिया में मशगूल नजर आते हैं, तभी अचानक उनके आसपास की दुनिया बदलने लगती है।

# कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के हरित परिसर अभियान को मिला बल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**हरित**

**फलदार, औषधीय एवं छायादार वृक्ष विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण प्रदान कर रहे हैं**

**कुरुक्षेत्रः** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा द्वारा विश्वविद्यालय परिसर को हरा-भरा एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल हॉस्टल में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के एडवाइजर प्रो. संजीव अग्रवाल तथा पुरुष छात्रावास के मुख्य छात्रपाल प्रो. जसबीर सिंह ढांडा ने किया। इस अवसर पर विभिन्न औषधीय, फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया।

इस अवसर पर इंटरनेशनल हॉस्टल के वार्डन डॉ. रमेश कुमार, अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के डिप्टी एडवाइजर प्रो. दीपक बब्बर सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों को स्वच्छ, हरित एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी हॉस्टल परिसर को और अधिक हरित बनाने के लिए नियमित रूप से पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा।

प्रो. जसबीर सिंह ढाँडा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों को बेहतर छात्रावास सुविधाएं उपलब्ध कराना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से पौधों की देखभाल करने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के डिप्टी एडवाईजर प्रो. दीपक बब्बर ने बताया कि इस वर्ष भी बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया है तथा विश्वविद्यालय की वैश्विक पहचान लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों की संख्या में और वृद्धि होगी।

इंटरनेशनल हॉस्टल के वार्डन डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि हॉस्टल परिसर में प्रत्येक वर्ष पौधारोपण अभियान चलाया जाता है। वर्तमान में परिसर में अनेक प्रकार के फलदार, औषधीय एवं छायादार वृक्ष विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण प्रदान कर रहे हैं।

### जेएमआईटी में एमबीए विद्यार्थियों के लिए इग्नाइट-2026 ओरिएंटेशन कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ



**रादौर, 28 जुलाई (कुलदीप सैनी)** : जेएमआईटी कॉलेज में एमबीए के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इग्नाइट-2026 ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्थान की विरासत, शैक्षणिक संस्कृति और प्रबंधन शिक्षा से परिचित कराना तथा उन्हें भविष्य की व्यावसायिक चुनौतियों के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मुकंद समूह एवं जेएमआईटी की उपलब्धियों, शैक्षणिक परंपराओं और प्रबंधन विभाग की गतिविधियों की जानकारी दी गई। साथ ही टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता, संचार कौशल, रचनात्मक सोच और समस्या समाधान से जुड़ी विभिन्न इंटरैक्टिव गतिविधियों का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. एस.के. गर्ग ने कहा कि इग्नाइट-2026 विद्यार्थियों के प्रबंधन शिक्षा सफर की महत्वपूर्ण शुरूआत है और संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ उद्योगोन्मुख कौशल विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। विभागाध्यक्ष डॉ. अनुजा गोयल ने कहा कि एमबीए शिक्षा विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता और निर्णय लेने की योग्यता विकसित करती है।

### पीएम किसान बीमा योजना किसान के लिए हरियाणा सरकार की सौगात

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** हरियाणा सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की मौजूदा खरीफ सीजन 2026 की चार फसलों धान, कपास, मक्का, मूंग और बाजरा का प्रति एकड प्रीमियम राशि की अधिसूचना जारी की गई है। वर्तमान खरीफ सीजन 2026 में अम्बाला में फसल बीमा का कार्य एचडीएफसी एग्रो जनरल इंश्योरैंस कंपनी के द्वारा किया जाना है। योजना के तहत इन सभी फसलों के लिए बीमा करवाया जा सकता है। संबधित मौसम के लिए स्वीकृति व नवीनीकृत किए गए ऋणी किसान अनिवार्य रूप से बीमाकृत किए जाएंगे।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं नागरिक : विश्राम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जिले के नागरिकों से प्रधानमंत्री सूर्य-घर मुफ्त बिजली योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह योजना न केवल बिजली बिल में बड़ी बचत का अवसर प्रदान करती है, बल्कि स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है। उन्होंने कहा कि पात्र उपभोक्ता केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी तथा बिजली विभाग की ब्याज-मुक्त ऋण सुविधा का लाभ लेकर अपने घरों पर रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा 1 किलोवाट सोलर पैनल पर 30 हजार रुपये, 2 किलोवाट पर 60 हजार रुपये तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता के सोलर पैनल पर 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इस योजना का लाभ वे सभी घरेलू उपभोक्ता उठा सकते हैं जो अपने घर पर रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की सब्सिडी के अतिरिक्त हरियाणा सरकार भी पात्र परिवारों को अतिरिक्त वित्तीय सहायता उपलब्ध करा रही है। जिन परिवारों की परिवार पहचान पत्र (फैमिली आईडी) में वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये है, उन्हें 1 किलोवाट पर 25 हजार रुपये तथा 2 किलोवाट पर 50 हजार रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी दी जाएगी। वहीं, जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से 3 लाख रुपये तक है, उन्हें 1 किलोवाट पर 10 हजार रुपये तथा 2 किलोवाट पर 20 हजार रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी मिलेगी। इसके लिए पात्र उपभोक्ता की औसत बिजली खपत 200 यूनिट प्रतिमाह अथवा 2,400 यूनिट प्रतिवर्ष तक होना आवश्यक है। इस प्रकार 2 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट लगाने पर पात्र उपभोक्ताओं को केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संयुक्त रूप से 80 हजार रुपये से लेकर 1 लाख 10 हजार रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की जा रहीं है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा कि सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हरियाणा बिजली विभाग (यूएचबीवीएन/डीएचबीवीएन) द्वारा 5 किलोवाट तक के रूफटॉप सोलर पैनल के लिए 19,500 रुपये प्रति किलोवाट की दर से अधिकतम 97,500 रुपये तक का ब्याज-मुक्त ऋण भी उपलब्ध करवाया जा रहा है।

### सिरसाः पुलिस ने जिले से आठ नशा तस्कर दबोचे

**सिरसा।** पुलिस ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए जिले क्षेत्र से आठ तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियों की पहचान जितेंद्र सिंह, लखविंद्र सिंह, विजय सिंह, जगदीश, रवि कुमार, राजेंद्र, सहीराम व सुनील कुमार के रूप में हुई है।

सीआईए सिरसा प्रभारी ने मंगलवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त एवं चेकिंग के दौरान गुरु तेग बहादुर नगर सिरसा क्षेत्र मे मौजूद थी। इसी दौरान सामने से बाइक सवार दो युवक आते दिखाई दिए जो कि पुलिस की गाड़ी को देखकर बाइक को वापस मोडकर खिसकने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने शक के आधार पर उन्हें रोका और तलाशी ली तो उनके कब्जे से छह ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इसके अलावा डबवाली पुलिस ने गांव कालुआना क्षेत्र से बाइक सवार रवि कुमार व राजेंद्र को सात ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। इसी तरह एक अन्य कार्रवाई में पुलिस ने गांव गोरीवाला क्षेत्र से मोटरसाइकिल सवार दो आरोपियों विजय सिंह व जगदीश को को छह ग्राम हेरोइन सहित दबोचा है। पुलिस ने तस्करों के कब्जे से दो बाइक भी जब्त की हैं।

सीआईए ऐलनाबाद पुलिस ने चूरापोस्त तस्करी मामले में वांछित दो आरोपियों राजस्थान के बीकानेर जिला निवासी सहीराम व सुनील को 11 साल बाद ऐलनाबाद क्षेत्र से गिरफ्तार।

## लंबित मांगों को लेकर सोनीपत और गोहाना में डाक कर्मचारियों का प्रदर्शन, 'लक्ष्य' आधारित कार्यप्रणाली बंद करने की उठाई मांग

**टीम एक्शन इंडिया**



**सोनीपतः** आज भारतीय पोस्टल कर्मचारी फेडरेशन के आह्वान पर प्रधान डाकघर, सोनीपत एवं गोहाना उपमंडल में लंच टाइम के दौरान कर्मचारियों द्वारा अपनी लंबित एवं न्यायोचित मांगों के समर्थन में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने विभाग के समक्ष अपनी विभिन्न मांगों को प्रमुखता से उठाया तथा उनके शीघ्र समाधान की मांग की। कर्मचारियों ने लक्ष्य (ळंशौ३) आधारित कार्यप्रणाली को समाप्त करने, रिक्त पदों को तत्काल भरने, डाक कर्मचारियों के शोषण पर रोक लगाने, पुराने डिलीवरी सिस्टम को पुनः लागू करने, ठऊउ व्यवस्था समाप्त करने तथा विभागीय समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की।

इस प्रदर्शन में अमरदीप (परिमंडल प्रधान), गोविंद (उप परिमंडल सचिव), पवन कुमार (मंडल सचिव), अमन नरवाल (परिमंडल सचिव) एवं आकाश (मंडलीय प्रधान) सहित बड़ी संख्या में डाक कर्मचारियों ने भाग लिया और अपनी मांगों के समर्थन में एकजुटता का परिचय दिया। साथ ही गोहाना उपमंडल में भी लंच टाइम के दौरान कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी लंबे समय से लंबित मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## सीबीएसई राज्यस्तरीय कबड्डी में जनता पब्लिक स्कूल अलाहर बना चैंपियन



**रादौर, 28 जुलाई (कुलदीप सैनी)** : जनता पब्लिक स्कूल, अलाहर की अंडर-14 कबड्डी टीम ने सीबीएसई की ओर से फतेहाबाद में आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया। फाइनल मुकाबले में टीम ने केवीएम स्कूल, पाई को हराकर खिताब अपने नाम किया। मंगलवार को विद्यालय पहुंचने पर खिलाड़ियों का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। कोच हिमांशु शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता 24 जुलाई से बाल भारती इंटरनेशनल स्कूल, फतेहाबाद में आयोजित की गई थी, जिसमें स्कूल की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। विद्यालय के चेयरमैन मुकेश शास्त्री, मैनेजिंग डायरेक्टर रूबी कंबोज और प्रिंसिपल डॉ. कल्पना बजाज ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुकेश शास्त्री ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों और कोच हिमांशु शर्मा की मेहनत की सराहना की।

### गुरुग्रामः चरित्र पर संदेह में पत्नी की हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** चरित्र पर संदेह के चलते पत्नी की हत्या करने के आरोप में थाना भौंडसी पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने मंगलवार को बताया कि आरोपी ने पुलिस और परिजनों को गुमराह करने के लिए पहले पेट दर्द से मौत होने की कहानी बनाई थी।

जानकारी के 27 जुलाई 2026 को थाना भौंडसी पुलिस को अस्पताल से सूचना मिली कि शालू (21 वर्ष) नामक महिला को उसका पति मृत अवस्था में अस्पताल लेकर आया है।

## 39.76 ग्राम हिरोईन के मामले में दो नशा तस्करो को किया काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा /फतेहाबा(शुभम खटक):**



हरियाणा सरकार के ह्लनशा मुक्त प्रदेशह्व संकल्प के तहत हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (ल्ठउइ) की फतेहाबाद यूनिट ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए फतेहाबाद युनिट ने दो नशा तस्करो को पकड़ा जिनके पास से 39.76 ग्राम नशीला पदार्थ हिरोईन बरामद की गई है। ब्यूरो प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री संजय कुमार, कढर के सख्त निर्देशों पर पूरे प्रदेश में नशा तस्करों पर कार्यवाही की जा रही है। ब्यूरो प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक संजय कुमार, कढर ने स्पष्ट किया है कि ॠनशे की जड़ों को खत्म करना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

फतेहाबाद यूनिट के प्रभारी, उप नि. तरसेम सिहं ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि युनिट में उपस्थित सहायक उप-निरीक्षक हेमराज और उनकी टीम को सुचना मिली कि एक रढछ + मोटरसाईकिल न0. ल्फ 20फ 6643 पर सवार दो लड्के अंकित उर्फ अमित पुत्र मनोज वासी गोरमेंट कालोनी हिसार व विकास पुत्र रमेश कुमार वासी अम्बेडकर बस्ती हिसार सवार है।

मोटरसाईकिल चालक अंकित उर्फ अमित ने पीले रंग की कैप, काले रंग की कैफरी, सफेद टी शर्ट पहन रखी है व विकास ने सफेद रंग की टी शर्ट व हल्के नीले रंग की जींस पैंट पहन रखी है। दोनों मोटरसाईकिल पर ऋषि नगर हिसार में गली न0. 1 के पास खडे हैं जिनके पास काफी मात्रा में नशीला पदार्थ हेरोईन है। दोनों वहां पर काफी देर से किसी हेरोईन खरीदने वाले ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। यदि फौरी तौर पर रैड की जावे तो दोनो उक्त मोटरसाईकिल पर काफी मात्रा में नशीला पदार्थ हेरोईन सहित काबु आ सकते हैं । पुलिस टीम ने तुरंत मुखबर के बताए अनुसार कार्यवाही करते हुए साथी मुलाजमान की सहायता से उपरोक्त व्यक्तियों को नशीले पदार्थ सहित काबू किया।

## 11 किलोमीटर लंबे नाले के सौंदर्यीकरण पर 70 करोड़ रुपये खर्च, निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल



**मांग**

**निर्माण कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने की मांग प्रशासन से की है**

**पंचकूला, मैनपाल।** पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण द्वारा शहर के लगभग 11 किलोमीटर लंबे नाले के सौंदर्यीकरण के लिए करीब 70 करोड़ रुपये का टेंडर आवंटित किया गया है। यह कार्य जलधारा योजना के तहत किया जा रहा है, जिसमें उपायुक्त (डीसी) कार्यालय से लेकर सेक्टर-12, 12-ए और पंजाब सीमा तक नाले का व्यापक विकास किया जाएगा। परियोजना के तहत नाले के दोनों ओर बाउंड्री वॉल और रिटेनिंग वॉल का निर्माण, सुरक्षा के लिए जाली लगाना, पैदल यात्रियों एवं साइकिल चालकों के लिए ट्रैक विकसित करना, बैठने के लिए बेंच लगाना तथा दोनों ओर हरित क्षेत्र (ग्रीन बेल्ट) विकसित करने का प्रावधान है।

पीएमडीए के कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन) गुरमीत सिंह ने बताया कि टेंडर आवंटित हुए लगभग चार महीने हो चुके हैं। फिलहाल इंदिरा कॉलोनी क्षेत्र से नाले की सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह दो वर्ष की अवधि का प्रोजेक्ट है और इसे चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।

हालांकि, स्थानीय लोगों ने इस परियोजना की गुणवत्ता और कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि पिछली बरसात से पहले भी नाले की सफाई के लिए 26 लाख रुपये का टेंडर जारी किया गया था, लेकिन सफाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई। उनका आरोप है कि इस बार भी बरसात शुरू होने के बावजूद अधिकांश हिस्सों में प्रभावी सफाई नहीं हुई है और बाद में बारिश को कारण बताकर जिम्मेदारी से बचने का प्रयास किया जा सकता है।

स्थानीय निवासियों ने उपायुक्त कार्यालय के बाहर नाले के किनारे बनाई जा रही पत्थर की दीवार की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि निर्माण में छोटे आकार के पत्थरों का उपयोग किया जा रहा है, जबकि निर्धारित मानकों के अनुसार बड़े पत्थरों का इस्तेमाल होना चाहिए।

लोगों ने पूरे निर्माण कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने की मांग प्रशासन से की है।



**सोनीपत से हरियाणा प्रदेश महिला आयोग की सदस्य बहन सुनीता लोचब से उनके स्थान निवास पर सोनीपत से पूर्व पार्षद चरण सिंह जोगी, मोहम्मद गुलफाम, शकील खान हरियाणा प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा सोनीपत ने मुलकात की ओर हरियाणा प्रदेश महिला आयोग सदस्य बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।**

# हरित एवं आधुनिक परिवहन व्यवस्था राज्य सरकार की प्राथमिकताः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार स्वच्छ, आधुनिक और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन व्यवस्था विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य से उत्तराखंड में स्वच्छ गतिशीलता परिवर्तन नीति-2024 लागू की गई है। मंगलवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखंड स्वच्छ गतिशीलता परिवर्तन नीति-2024 के तहत छह लाभार्थियों को सब्सिडी चेक वितरित किए और 11 स्वच्छ ईंधन आधारित वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पांच अन्य लाभार्थियों की सब्सिडी एवं स्वीकृति प्रक्रिया भी परिवहन विभाग की ओर से पूर्ण की जा चुकी है। धामी ने कहा कि यह पहल केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि प्रदेश में स्वच्छ ईंधन आधारित सार्वजनिक परिवहन को



बढ़ावा देने और डीजल चालित वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि



जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हरित ऊर्जा और सतत विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और राज्य सरकार भी इसी सोच के अनुरूप स्वच्छ परिवहन, इलेक्ट्रिक बसों के संचालन, ईवी चार्जिंग स्टेशन और आधुनिक शहरी परिवहन प्रणाली के विकास पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को हरित विकास का राष्ट्रीय मॉडल बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। पीएम सूर्य घर योजना के तहत 40 हजार रूफटॉप सोलर संयंत्रों का प्रारंभिक लक्ष्य निर्धारित समय से पहले हासिल कर लिया गया है तथा कुल लक्ष्य का लगभग 95 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। कार्यक्रम में परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक सविता कपूर, देहरादून के मेयर सौरभ थपलियाल, सचिव परिवहन रविनाथ रमन और अन्य अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मप्रः राज्य के सर्वांगीण विकास और बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए 2, 480 करोड़ रुपये स्वीकृत

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें प्रदेश के सर्वांगीण विकास, बुनियादी ढांचे के विस्तार और जनकल्याण को गति देने के लिए लगभग 2 हजार 480 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई। बैठक में खेल गतिविधियों, सिंचाई, महिला सशक्तीकरण, सूचना प्रौद्योगिकी और किसान कल्याण से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णयों पर मुहर लगाई गई। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि मंत्रिपरिषद द्वारा लिए गए प्रमुख निर्णयों में अक्टूबर 2026 में भोपाल में 'महिला एशियन हॉकी चैम्पियन्स ट्रॉफी' के भव्य आयोजन के लिए 18 करोड़ 74 लाख रुपये की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई, जिससे राज्य की खेल अवसंरचना और पर्यटन को वैश्विक पहचान मिलेगी। कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए रिहन्द एवं मल्हारगढ़ सिंचाई परियोजनाओं और किसानों को समर्थन मूल्य पर



बोनस भुगतान योजना की निरंतरता को मंजूरी मिली। उन्होंने बताया कि प्रदेश को तकनीकी रूप से अग्रणी बनाने के उद्देश्य से आईआईएसईआर भोपाल में ड्रोन टेक्नोलॉजी आधारित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' और आईटी पार्कों के विकास के लिए 857 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। इन निर्णय में आई टी पार्क की स्थापना के वर्ष 2031 तक संचालन की निरंतरता की स्वीकृति महत्वपूर्ण है, इसके तहत करीब 8000 युवाओं को रोजगार मिल सकेगा। 'मिशन शक्ति' के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण के लिए 198 करोड़ रुपये, कर्मचारी कल्याण एवं पेंशन योजनाओं के लिए 982 करोड़ रुपये और ग्वालियर में विद्युत सुरक्षा के निरीक्षकालय के नवीन वृत्त कार्यालय और नारायणगढ़ में 9 नए न्यायिक पदों के सृजन को भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

**अक्टूबर में महिला एशियन हॉकी चैम्पियन्स ट्रॉफी 2026 का आयोजन**

मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि अक्टूबर 2026 में भोपाल के बरखेड़ा नाथू में स्थित अन्तरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में महिला एशियन हॉकी चैम्पियन्स ट्रॉफी 2026 का आयोजन होगा। मंत्री-परिषद ने इसके लिए संभावित व्यय राशि 18 करोड़ 74 लाख रुपये के व्यय की सैद्धांतिक सहमति प्रदान की है।

उन्होंने बताया कि हॉकी इण्डिया को अन्तरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ द्वारा देश में हॉकी खेल का संचालन, प्रोत्साहन और अन्तरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिताओं के आयोजन के

**स्वीकृति**

**भोपाल में महिला एशियन हॉकी चैम्पियन्स ट्रॉफी के आयोजन के लिए 18 .74 करोड़ रुपये की सैद्धांतिक स्वीकृति**

लिए अधिकृत किया गया है। प्रतियोगिता वर्ष 2010 से निरन्तर दो वर्ष के अन्तराल में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य एशियाई महिला हॉकी टीमों की प्रतिभा को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करना है। महिला एशियन हॉकी चैम्पियन्स ट्रॉफी 2026 में एशिया की प्रमुख 6 महिला टीमों (भारत, चीन, जापान, मलेशिया, साउथ कोरिया, एवं थाईलैण्ड) के लगभग 200 खिलाडी व सपोर्ट स्टॉफ के सम्मिलित होने की संभावना है। यह अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिता हॉकी इण्डिया और खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की जाएगी। अनुबंध अनुसार हॉकी इण्डिया को खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा 'पेजेंटिंग पार्टनर' राईटस के लिए 11 करोड़ रुपए दिये जाएंगे। अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए विभाग दवारा 7 करोड़ 74 लाख रुपये का व्यय किया जायेगा। इस प्रकार आयोजन पर लगभग 18 करोड़ 74 लाख रुपये का व्यय होना संभावित है। भोपाल के बरखेड़ा नाथू में अन्तरराष्ट्रीय स्पोटर्स कॉम्पलेक्स को नवीन एवं आधुनिक तकनीकों के अनुरूप अन्तरराष्ट्रीय स्तर की प्रमुख प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए तैयार किया गया है। एशिया स्तर की अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के आयोजन से वैश्विक स्तर पर मध्य प्रदेश में निर्मित खेल अधोसरंचना का प्रचार प्रसार होगा। इससे प्रदेश के हॉकी खिलाड़ियों के मनोबल में वृद्धि होगी और एशिया के प्रमुख देशों से सम्मिलित हुई टीमों के खिलाड़ियों के भोपाल आगमन से प्रदेश में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

## असम के सभी विधायकों ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए एक माह की सैलरी का किया दान



**टीम एक्शन इंडिया**
**गुवाहाटी।** असम विधानसभा के बजट सत्र के प्रश्नकाल के बाद आज विधानसभा अध्यक्ष रंजीत कुमार दास ने कहा कि असम में आई विनाशकारी बाढ़ से खासकर ऊपरी असम के तीन जिलों की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। ऐसे में बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए सरकार के साथ ही विभिन्न संगठन भी अपनी ओर से मदद का हाथ आगे बढ़ा रहे हैं। ऐसे में मैं (रंजीत दास) और विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. हाब्बे तेरन ने अपने एक माह का वेतन बाढ़ पीड़ितों के लिए दान करने का निर्णय लिया है।

अध्यक्ष दास ने साथ ही कहा कि विधानसभा सचिवालय के कर्मचारियों ने भी अपनी एक दिन के वेतन को बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए देने का निर्णय लिया है। अध्यक्ष ने इस आपदा में सभी से एकजुट होकर प्रभावितों की मदद का आह्वान किया। अध्यक्ष के इस कदम का सदन में उपस्थित सभी विधायकों ने मेज थपथपा कर स्वागत किया। वहीं संसदीय कार्य मंत्री पीयूष हजारिका ने कहा कि भाजपा के सभी विधायकों ने भी अपने एक महीने का वेतन बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में देने का निर्णय लिया है।

साथ ही कहा कि असम प्रदेश भाजपा मुख्यालय से बाढ़ पीड़ित महिलाओं के लिए एक लाख 70 हजार मेखला चादर और 1.50 लाख मच्छरदानी भेजा गया है। इस बीच टीएमसी के एकमात्र विधायक शेरमान अली अहमद ने भी एक माह का वेतन देने की घोषणा की।

## नई ऊर्जा से भरपूर युवाओं के नए विचार हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण - मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा से लेकर खेल, रोजगार से लेकर स्वरोजगार तक युवाओं के हर सपने को पूरा करने में उनके साथ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार पेपरलीक पर प्रभावी रोक, रिकॉर्ड सरकारी भर्तियों, स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन तथा कौशल विकास के माध्यम से युवाओं का उज्ज्वल भविष्य बनाने में सहयोगी बन रही है।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित सपनों की उड़ान कार्यक्रम में युवाओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि विचारशील, अनुशासित एवं संस्कारवान युवा विकसित भारत-विकसित राजस्थान के आधार हैं। युवा नए विचार और नई ऊर्जा से भरपूर होते हैं। हमारी सरकार युवाओं से संवाद कर बजट में उनके बहुमूल्य

**निशाना साधा**

**अनुशासन, संस्कारों को आत्मसात करें और आत्मविश्वास के साथ उनके सपनों को साकार करें**

सुझावों को शामिल करती है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों को और बेहतर बनाने के लिए युवाओं के साथ इस तरह के संवाद बेहद महत्वपूर्ण हैं। राज्य सरकार युवाओं के सुझावों पर विचार कर आगामी योजनाएं तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि माता-पिता बच्चों के सबसे पहले गुरु होते हैं, युवा उनसे सीख लेकर लगन, मेहनत, अनुशासन, संस्कारों को आत्मसात करें और आत्मविश्वास के साथ उनके सपनों को साकार करें।

## एचपीवी सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा का मजबूत सामाजिक कवचः आनंदीबेन

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को वाराणसी के सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। इस अवसर पर सरकार द्वारा संचालित एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 14 वर्ष पूर्ण एवं 15 वर्ष से कम आयु वर्ग की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने स्वयं बालिकाओं को टीकाकरण के



उपरांत प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान आराध्या शाह, अदिति कुमारी, मिहिका, रोशनी पटेल, शबनम खातून एवं पलक को राज्यपाल द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। दीक्षांत

**आधारशीला**

**स्वस्थ बेटी ही स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला है**

समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने वाला एक प्रभावी एवं सुरक्षित सामाजिक सुरक्षा कवच है। उन्होंने बालिकाओं एवं अभिभावकों से अपील करते हुए कहा, ₹डरिए मत, आप सामना कीजिए। यह वैक्सीन आपकी सुरक्षा के लिए है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक शोधों से यह सिद्ध हो चुका है कि यह टीका भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के जोखिम को कम करने में सुरक्षित एवं प्रभावी है। उन्होंने अभिभावकों से किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रांति अथवा अनावश्यक आशंकाओं से दूर रहने तथा अपनी बेटियों का समय पर टीकाकरण कराने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने समाज में बेटों और बेटियों के बीच भेदभाव की मानसिकता समाप्त करने पर बल देते हुए कहा कि स्वस्थ बेटी ही स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला है।

## राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष से शिक्षा मंत्री ने की भेंट

**चंडीगढ़।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने मंगलवार को यहां लोक भवन में हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल और शिक्षा मंत्री के बीच हरियाणा के शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता, सुलभता तथा समग्र विकास को और सुदृढ़ बनाने संबंधी मुद्दों पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की।

## राज्यपाल बागडे से यूडीएच मंत्री खर्रा और चिकित्सा मंत्री खींवसर की शिष्टाचार भेंट



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मंगलवार को लोकभवन में प्रदेश के नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग मंत्री झाबर सिंह खर्रा तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान दोनों मंत्रियों ने राज्यपाल बागडे का अभिवादन किया। यह भेंट शिष्टाचार मुलाकात के रूप में हुई।

## नीतीश ने पूर्व सुरक्षा पदाधिकारी बसंत सिंह का जाना हाल

**कुशलक्षेम**

**उपचाररत पूर्व सुरक्षा पदाधिकारी बसंत सिंह से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य नीतीश कुमार मंगलवार को पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) परिसर स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान परिसर



(आईजीआईसी) पहुंचे। यहां उन्होंने उपचाररत पूर्व सुरक्षा पदाधिकारी बसंत सिंह से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। मुलाकात के दौरान नीतीश कुमार ने संस्थान के निदेशक डॉ. सुनील कुमार से बसंत सिंह के स्वास्थ्य की विस्तृत जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को उपचार में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने देने तथा मरीज को सभी आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया।

इस दौरान नीतीश कुमार ने अस्पताल में मौजूद लोगों से संक्षिप्त बातचीत भी की और उपचार व्यवस्था की जानकारी ली। उनके साथ बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन कुमार सर्राफ भी मौजूद रहे।

## एनडीए की बैठक से पहले मुख्यमंत्री शुभेंदु से मिले एनसीपीआई सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में नए राजनीतिक समीकरणों को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। लोकसभा सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने सोमवार रात राज्य सचिवालय नवान्न में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से बंद कमरे में मुलाकात की। यह बैठक ऐसे समय हुई है, जब नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) के सांसद मंगलवार को नई दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की बैठक में शामिल होने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार, करीब एक घंटे तक चली इस बैठक को राजनीतिक दृष्टि से



काफी अहम माना जा रहा है। हालांकि बैठक में किन मुद्दों पर चर्चा हुई, इसे लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय या सुदीप बंद्योपाध्याय की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी पहले नई दिल्ली जाकर एनसीपीआई के सांसदों से मुलाकात करने वाले थे, लेकिन उन्होंने अंतिम समय में अपनी यात्रा रद्द कर दी। इसके बाद उन्होंने कुछ वरिष्ठ एनसीपीआई सांसदों से फोन पर बातचीत कर

**यात्रा टली**

**मुख्यमंत्री और पार्टी सांसदों के बीच प्रस्तावित बैठक फिलहाल टाल दी गई है**

दिल्ली नहीं पहुंच पाने की जानकारी दी। एनसीपीआई के एक वरिष्ठ सांसद ने बताया कि मुख्यमंत्री और पार्टी सांसदों के बीच प्रस्तावित बैठक फिलहाल टाल दी गई है। हालांकि पार्टी के सभी सांसद तय कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को एनडीए की बैठक में हिस्सा लेंगे। हाल के दिनों में तृणमूल कांग्रेस से अलग होकर 20 सांसदों के एनसीपीआई में शामिल होने के बाद इस नई पार्टी की राजनीतिक सक्रियता लगातार बढ़ी है। इन सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिलकर अलग संसदीय दल के रूप में मान्यता देने का अनुरोध किया था। साथ ही लोकसभा में एनडीए के सहयोगी दलों के साथ बैठने की भी मांग की थी, जिससे भाजपा नीत गठबंधन के साथ उनकी निकटता की चर्चा तेज हो गई। मानसून सत्र से पहले आयोजित सर्वदलीय बैठक में भाग लेकर केंद्र की सत्तारूढ़ गठबंधन के साथ अपने बढ़ते राजनीतिक संपर्क के संकेत दिए थे।

## रायपुर : मुनगा बनेगा सुपोषित छत्तीसगढ़ का आधार : लक्ष्मी राजवाड़े

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने प्रदेशवासियों से वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक मुनगा (सहजन) पौधे लगाने की अपील की है, ताकि कुपोषण मुक्त, स्वस्थ और समृद्ध छत्तीसगढ़ का निर्माण हो सके। विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों और घरों में ₹सुपोषण वृक्ष-मुनगा₹ अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बच्चों, किशोरियों और माताओं को स्थानीय पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि,



मुनगा, जिसे ₹मदर्स ट्री₹ कहा जाता है, प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन और विटामिन से भरपूर है और यह बच्चों के विकास, मातृ स्वास्थ्य तथा एनीमिया रोकथाम में अत्यंत उपयोगी है। सरकार पोषण सुधार को जनभागीदारी आधारित अभियान बना रही है। आंगनबाड़ी और घरों में मुनगा पौधरोपण से पोषण जागरूकता और दीर्घकालिक स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी। जनप्रतिनिधियों से अपील- मंत्री ने सांसदों, विधायकों, पंचायत प्रतिनिधियों से अपने क्षेत्रों में मुनगा पौधरोपण का नेतृत्व करने का आग्रह किया। स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों और सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक पौधरोपण कर सुपोषण वाटिका विकसित करने पर जोर दिया।